भोपाल
सोमवार, 15 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष–09
वर्ष : 11, अंक : 112
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

**पीएम नरेंद्र मोदी के नाम नया रिकॉर्ड**

## एक्स पर पार किया 100 मिलियन फॉलोअर्स, वैश्विक नेता बने



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया की दुनिया में नया कीर्तिमान रच दिया है। वह एक्स हैंडल पर 100 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले लीडर बन गए हैं। एक्स पर विभिन्न भारतीय राजनेताओं की तुलना में प्रधानमंत्री मोदी फॉलोअर्स के मामले में सबसे आगे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 26.4 मिलियन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शेष पेज 6 पर

## 11 सदस्यीय टीम की मौजूदगी में खोला गया खजाना, सांप पकड़ने वाले रहे मौजूद

# 46 साल बाद खोला गया जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार भारी मात्रा में मौजूद हैं सोने के आभूषण और हीरे-मोती

एजेंसी ▶▶ पुरी

ओडिशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का 'रत्न भंडार' 46 साल बाद रविवार दोपहर को फिर से खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत करने के लिए रत्न भंडार को खोला गया है। इसके पहले 1978 में इसे खोला गया था।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में प्रवेश किया और अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार पुनः खोला गया। जानकारी के शेष पेज 6 पर



### खजाने से भरी 6 संदूकें मिलीं, वजन इतना कि 8-10 उठा पाए

### रत्न भंडार का दूसरा दरवाजा खुलते ही एसपी पिनाक मिश्रा हुए बेहोश

### अभी नहीं बनेगी मूल्यवान वस्तुओं की सूची

मंदिर में प्रवेश करने से पहले पाधी ने कहा कि रत्न भंडार पुनः खोल दिया गया है, लेकिन मूल्यवान वस्तुओं की सूची तत्काल नहीं बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कि रत्न भंडार के आंतरिक और बाहरी कक्षों में रखे गए आभूषण और अन्य मूल्यवान वस्तुओं को लकड़ी शेष पेज 6 पर



### भंडार में कितना खजाना

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन की ओर से हाई कोर्ट में दिए हलफनामे के अनुसार, रत्न भंडार में तीन कक्ष हैं। 25 गुणा 40 वर्ग फुट के आंतरिक कक्ष में 50 किलो 600 ग्राम सोना और 134 किलो 50 ग्राम चांदी है। इनका कभी इस्तेमाल नहीं हुआ। बाहरी कक्ष में 95 किलो 320 ग्राम सोना और 19 किलो 480 ग्राम चांदी है। इन्हें त्योहार पर निकाला जाता है। वहीं शेष पेज 6 पर

### 1 बजकर 28 मिनट पर खोला गया रत्न भंडार

जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार खोले गए थे। 46 साल बाद रत्न भंडार को एक बड़े उद्देश्य के लिए दोपहर एक बजकर 28 मिनट पर शुभ घड़ी पर खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि रत्न भंडार को खोलते समय 11 लोग मौजूद थे, जिसमें उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधीक्षक डीबी गड़नायक और पुरी के नाममात्र राजा 'गजपति महाराजा' के एक प्रतिनिधि शामिल थे।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### राहुल गांधी के दोस्त बने लोकसभा में डिप्टी लीडर



**नई दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस पार्टी ने सांसद राहुल गांधी को नेता विपक्ष की कुर्सी देकर एक बड़ा दांव चला है और अब राहुल के दोस्त और असम से आने वाले सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा में पार्टी का डिप्टी लीडर नियुक्त किया है। इसके अलावा केरल से आने वाले के. सुरेश को लोकसभा में पार्टी का चीफ व्हिप भी नियुक्त कर दिया है।

### सीबीएसई 10वीं, 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा आज से



**नई दिल्ली।** इस साल सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा में जो स्टूडेंट्स एक या दो सब्जेक्ट में फेल हुए थे वह सोमवार से शुरू हो रहे सप्लीमेंट्री एग्जाम में बैठ सकते हैं। सप्लीमेंट्री एग्जाम को ही कंपार्टमेंटल एग्जाम भी कहा जाता है। 10वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा सोमवार से शुरू होकर 22 जुलाई तक चलेंगी।

### ट्रक-ट्रेलर की टक्कर एक चालक जिंदा जला



**जबलपुर।** बरेला थानान्तर्गत बायपास स्थित रितेश ढाबा के सामने रातको ट्रक व ट्रेलर के बीच भिड़ंत हो गई। इसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। घटना में एक वाहन चालक जिंदा जल गया। दमकल विभाग ने सूचना मिलने पर घटनास्थल में पहुंचकर आग पर काबू प्राप्त किया। घटना में ट्रेलर से नहीं उतर पाने के कारण चालक की जलने से मौत हो गई।

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह इंदौर में आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में हुए शामिल

# 11 लाख पौध-रोपण की अभूतपूर्व उपलब्धि से इंदौर पूरे विश्व में मिसाल बनेगा: शाह

◆ *24 घंटे की अवधि में सर्वाधिक वृक्ष लगाने का रिकॉर्ड मध्य प्रदेश शासन के नाम बना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से प्रमाण पत्र प्राप्त किया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा मोदी का आह्वान एक नारा बन जाएगा, ये किसी ने भी नहीं सोचा था। इंदौर देशभर में स्वाद, स्वच्छता, सुशासन, सहयोग और सहभागिता के लिए जाना जाता है। अब इंदौर एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण के नाम से भी जाना जाएगा। ये दुनिया में मिसाल बनेगा।

उन्होंने कहा पौध-रोपण करना सरल है, लेकिन उन्हें बड़ा करना कठिन। पौध-रोपण करने वाले सभी प्रतिभागियों से आग्रह है कि उनकी ओर से लगाएं गए पौधों का अपने बेटे की तरह पालन करें। यही वृक्ष आगे एक मां की तरह आपकी चिंता करेगा। उन्होंने कहा कि 51 लाख पौधे लगाना और एक ही दिन में 11 लाख पौधे लगाना शेष पेज 6 पर

### शाह ने कहा-आज से इंदौर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण के नाम से भी जाना जाएगा, एक पेड़ मां के नाम अभियान जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रधानमंत्री मोदी का सटीक जवाब





### इंदौर एक पेड़ मां के नाम अभियान देश भर में जाना जाएगा

शाह ने कहा कि इंदौर मे 24 घंटे में 11 लाख पौधे रोपने का यह विश्व विक्रम पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई की नगरी को नए कीर्तिमान के साथ पूरे विश्व में प्रसिद्ध करेगा। शाह ने कहा कि अभिनेता रणदीप हुड्डा ने चलचित्र के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सावरकर को चिरंजीवी बनाने का काम किया है। हुड्डा ने शाह को पीतल से बनी न्याय संहिता भेंट की गई।

***पीछे मुड़कर आने वाली पीढ़ी को देखें:*** *केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि पीछे मुड़कर आने वाली पीढ़ी को देखें। पर्यावरण संरक्षण आज पूरी दुनिया के लिए चिंता बना हुआ है। कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड ने ओजोन के स्तर को कम करने का काम किया हैं, जिससे पृथ्वी पर गर्मी बढ़ने लगी है और जलवायु परिवर्तन को अनुभव किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान जलवायु परिवर्तन के प्रति सटीक जवाब है।*

### 55 कॉलेजों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का वर्चुअल शुभारंभ

*भोपाल। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने प्रदेश में एक साथ 55 कॉलेजों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को संपूर्ण विश्व में हर क्षेत्र में अव्वल रखने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए शिक्षा की नींव मजबूत होना जरूरी है। यही कारण है कि 2020 में नई शिक्षा नीति का आगाज किया गया। इसमें क्वांटिटी नहीं क्वालिटी, ऑर्थोडॉक्स के बदले आउट ऑफ बॉक्स को सार मानते हुए नीति निर्माण किया गया। शाह ने कहा कि यह गर्व का विषय कि मप्र में इस नीति को देश में सबसे पहले लागू किया। यह भविष्य के 25 सालों में देश के विद्यार्थियों को विश्व के विद्यार्थियों से स्पर्धा योग्य बनाएगी। यह गर्व करने की बात है कि मप्र ने इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा को अपनी मातृ भाषा में पठन पाठन का* शेष पेज 6 पर

**पहले नड्डा ने कहा था हमें संघ की जरूरत नहीं**




# अब संघ ने कहा-हम लोकमत 'परिष्कार' का काम करते हैं

एजेंसी ▶▶ रांची

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि अब भाजपा को संघ की जरूरत नहीं है। कई महीने बीतने के बाद संघ ने इस मुद्दे पर अब प्रतिक्रिया दी है।

नड्डा के इस बयान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा है कि संघ लोकमत परिष्कार का काम करता है। सीधे चुनाव के कार्य में नहीं लगता है। वो कार्य इस बार भी संघ ने किया है। रांची में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक की बैठक में 12 से 14 तारीख तक पूरे देश से संघ के अखिल भारतीय प्रचारक पहुंचे थे। यहां संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। रविवार को बैठक समापन के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने लोकसभा चुनाव पर कहा कि जनता ने अपना फैसला दिया है सब को उसको सम्मान करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की सीट 240 पर अटक गई इस प्रश्न का उत्तर देते हुए सुनील आंबेकर ने कहा कि उन्हें लगता है कि लोकतंत्र में शेष पेज 6 पर

### स्वयंसेवक भी आपातकाल में जेल गए थे

*सुनील आंबेकर ने कहा आपातकाल जो था, जो 1975 में लगाया गया, वह निश्चित रूप से गलत था और लोकतंत्र में उन्हें लगता है कि हम लोग एक स्वाधीनता की, स्वतंत्रता की बात करते हैं, तो ऐसी बातें नहीं होनी चाहिए। संघ ने समय पर इमरजेंसी के बारे में अपना विरोध भी दर्शाया है और संघ ने संघर्ष भी किया था। कई कार्यकर्ता जेल में गए थे। बहुत सारे कार्यकर्ताओं को प्रताड़ना झेलनी पड़ी। बहुत सारा संघर्ष हुआ और पुनः देश में लोकतंत्र की स्थापना हुई। कुछ लोग हैं, जो दो प्रकार की बातें करते हैं। कुछ लोग बहुत कट्टर हैं और जो कट्टरवादी ताकत हमारे देश में भी है दुनिया भर में है। उनके विचार बहुत ही विपरीत हैं, वह पूरी मानवता के खिलाफ हैं और दूसरे वो लोग हैं कि जो देश में ओछी राजनीति करते हैं। मुझे लगता है हमारा देश आगे बढ़ रहा है, बहुत प्रगति की राह पर जा* शेष पेज 6 पर

पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर जानलेवा हमला

### ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकली गोली, बाल बाल बचे

एजेंसी ▶▶ न्यूजर्सी



■ पीएम मोदी ने जताई चिंता

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पेंसिल्वेनिया में रैली के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे, तभी तड़ातड़ गोलियां चलने लगीं। एक गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से को छूकर निकली। ट्रंप के कान से खून छलछला उठा, तभी सिक्योरिटी गाड्र्स आए और उन्होंने ट्रंप को चारों तरफ से घेरकर घटनास्थल से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वहीं सीक्रेट सर्विस के ने शेष पेज 6 पर

भाजपा विधायक पर अभद्र टिप्पणी की

### प्रीतम लोधी के ऐतराज के बाद होमगार्ड को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ग्वालियर जिले के पिछोर के मायापुर थानांतर्गत ग्राम सालौरा का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक होमगार्ड जवान लोधी समर्थक एक युवक की पिटाई करते हुए पिछोर विधायक प्रीतम लोधी का नाम लेकर उन पर तथा उनकी जाति पर तंज कस रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तुरंत इस पर कार्रवाई करते हुए होमगार्ड को थाने से हटाकर मुख्यालय भेज दिया है। वहीं डायल-100 के ड्राइवर को भी हटा दिया शेष पेज 6 पर

केंद्रीय कर्मचारियों को मिल सकती है सौगात

### पुरानी पेंशन पर सरकार ने बुलाई बैठक, होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए बड़ी खबर है। 23 जुलाई को पेश होने वाले पूर्ण बजट से पहले वित्त मंत्रालय ने सोमवार को पेंशन की समीक्षा को लेकर एक अहम बैठक बुलाई है। यह बैठक नॉर्थ ब्लॉक में होगी। इस बैठक में वित्त मंत्रालय द्वारा गठित की गई कमेटी के सदस्य और स्टाफ साइड (नेशनल काउंसिल, जेसीएम) के सचिव शिवगोपाल मिश्रा एवं दूसरे कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। संभावना है कि इस शेष पेज 6 पर

### घरेलू कलह के चलते महिला ने उठाया कदम मंदसौर की घटना

## महिला बच्चों के साथ कुए में कूदी, चारों बच्चों ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर





जिले के ग्राम पीपलखेड़ी में पति की प्रताड़ना से तंग आकर एक महिला अपने चार बच्चों के साथ कुए में कूद गई। इस घटना में चारों बच्चों की मौत हो गई, वहीं महिला को ग्रामीणों द्वारा बचा लिया गया।

जानकारी के अनुसार महिला सुगना बाई पति रोडू सिंह बंजारा (40) ने रोज-रोज के झगड़ों से परेशान होकर कुए में अपने चार बच्चों के साथ कूद गई। घटना रविवार सुबह 6 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने बच्चों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गरोठ के शासकीय अस्पताल भिजवाया। इस हादसे में चारों बच्चों बंटी (9), अनुष्का (7), मुस्कान (4) तथा कार्तिक (2) की मौत हो गई। वहीं महिला सुगना बाई को ग्रामीणों द्वारा जिंदा बचा लिया गया। महिला सुगना बाई ने बताया कि मेरा पति रोडू सिंह आए दिन शराब पीकर मारपीट करता है। रात में भी शराब पीकर मुझे पीटा और मुझे और बच्चों को बारिश में घर से बाहर निकाल दिया। मैं उसके सामने गिड़गिड़ाती रही, लेकिन शेष पेज 6 पर

**कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में सात दिवसीय शिवपुराण कथा शुरू**

### कुबेरेश्वर धाम पर 21 को होगी गुरू दीक्षा

# पहले दिन ही एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे कथा का श्रवण करने

### जैसे-जैसे ईश्वर की भक्ति में डूबते जाओगे तब जीवन के आनंद की अनुभूति होगी : पंडित मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में रविवार से सात दिवसीय शिव महापुराण शुरू हो गई। कथा के पहले दिन ईसा और गौर की झांकी सजाई गई थी और उसके बाद आरती आदि



का आयोजन किया गया। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि एक छोटा सा जीवन है मनुष्य का उस जीवन में हम कैसे भक्ति साधना कर सकते हैं शेष पेज 6 पर

### हाथरस जैसी घटना से निपटने प्रशासन अलर्ट मोड पर

*आयोजन में देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। हाथरस की घटना को देखते हुए जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। 1000 हजार से अधिक सेवादार श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे हैं, करीब 25 एकड़ में वाहनों के लिए पार्किंग बनाई है। वाटर प्रूफ पंडाल में दो लाख श्रद्धालु एक साथ बैठने की सुविधा है। 500 से अधिक जवानों के जिम्मे पार्किंग, यातायात और श्रद्धालुओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। नगर पालिका, जनपद, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी भी तैनात हैं।*

**बालाघाट में ढाई साल की मासूम हुई किडनैप, पुलिस ने मासूम को किया बरामद**

### पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपियों को पकड़ने में पाई सफलता

# संतान सुख के लिए मासूम को किया था अगवा, भाजपा नेत्री, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका गिरफ्तार

### ये आरोपी बच्ची के अपहरण से पहले उसके दत्तक पिता से बच्ची को पालने की मंशा जता चुके थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

जिले में संतान सुख के लिए कुछ महिलाओं ने ढाई साल की मासूम को किडनैप कर लिया।



इस अपहरण मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर तीन महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष और पूर्व पार्षद सारिका बिसेन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता योगिता कावड़े और भरवेली आंगनबाड़ी केन्द्र की सहायिका उषा कठौते शामिल है। बताया गया है कि 11 जुलाई को मॉयल नगरी भरवेली के वार्ड क्रमांक 01 मंगल झोपड़ा से एक ढाई साल की मासूम बालिका गुम हो गई थी। जिसकी दत्तक पिता वीरू कठौते ने काफी तलाश की। 2 दिनों तक तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। जिसके बाद गत 13 जुलाई की शाम पिता वीरू कठौते ने इसकी सूचना भरवेली पुलिस को दी। जिसमें पुलिस ने शेष पेज 6 पर



### ऐसे खुल गया मामला

*बच्ची के अपहरण से पूर्व यह सभी बच्ची के दत्तक पिता से बच्ची को पालने की मंशा से लेने पहुंचे थे। लेकिन पिता ने मना कर दिया था। जिसके बाद बच्ची का अपहरण किया गया। पुलिस ने जब संदेही के आधार पर सहायिका से पूछताछ की तो मामला खुल गया। सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि भरवेली में ढाई साल की मासूम के अपहरण मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि महिला को संतान सुख देने के लिए अपहरण किया गया था।*

# न्यू मार्केट, बाणगंगा में बरसात...अशोका गार्डन, भोपाल स्टेशन के इलाके सूखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आधा जुलाई का महीना बीत चुका है और राजधानी ऐसी बारिश को तरस रही है, जिससे पूरा शहर एक साथ भीग जाए। रविवार को भी शहर के कुछ हिस्सों में जमकर बारिश हुई तो वहीं कुछ हिस्से उमस और गर्मी से परेशान रहे। होशंगाबाद रोड को ही लें तो आशिमा मॉल से एमपी नगर तक शाम करीब 5:30 बजे तेज बारिश हो गई। वो भी इतनी कि सड़कों पर पानी बह निकला। वहीं आशिमा मॉल से मिसरोद तक पानी का नामोनिशान तक नहीं था। न्यूमार्केट के रंग महल चौराहे पर भी तेज बारिश से एक तरफ के मार्ग पर इतना पानी भर गया कि लोग किनारे किनारे ही चल रहे थे। इधर शाम 6.15 बजे के आसपास बाणगंगा क्षेत्र में भी तेज बारिश ने दो पहिया वाहन चालकों को बीच में ही आसरा लेने को मजबूर कर दिया।


बोट क्लब पर सेल्फी लेते युवा।


बाणगंगा इलाके में बारिश

### बारिश नहीं फिर भी मौसम सुहाना

इसके साथ ही चार पहिया वाहनों के चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अशोका गार्डन से लेकर भोपाल रेलवे स्टेशन, कोच फैक्टरी तक लोग उमस और गर्मी से खासे परेशान रहे। इस तरफ से गुजरने वाले सभी चार पहिया वाहनों के शीशे चढ़े नजर आए, यानि वे बगैर एसी के चल भी नहीं पा रहे थे। इधर, बोट क्लब पर काले बादलों के डेरे के बीच बड़ी संख्या में लोग संडे मनाने पहुंचे। यहां पानी तो नहीं था, लेकिन मौसम काफी सुहाना था।

### भोपाल रेलवे स्टेशन और कोच फैक्ट्री की तरफ उमस और गर्मी


रंगमहल चौराहे पर भरा पानी।

---

### गुप्त नवरात्रि की महाअष्टमी पर जगह-जगह हवन-पूजन के कार्यक्रम

# घरों और मंदिरों में माता के जयकारों की गूंज

### आज नवमीं के मौके पर भी होंगे पौधरोपण के कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुप्त नवरात्रि पर्व की महाअष्टमी पर रविवार को अधिकांश माता मंदिरों-दरबारों में हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित हुए।

यहां हवन में आहुतियां डालने के साथ माता रानी से जगत कल्याण को लेकर प्रार्थना की गई। मां वैष्णो धाम आदर्श नो दुर्गा मंदिर टीन शेड पर गुप्त नवरात्रि पर्व की महाअष्टमी पर रविवार शतचंडी पाठ व हवन हुआ। इस मौके पर विश्व में सुख समृद्धि की कामना के लिए विशेष आहुतियां डाली गई। सोमवार को नवमीं के दिन गुरुकुल के बटुकों द्वारा एक वृक्ष मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम किया जाएगा।





#### वर्ष में होती हैं 4 नवरात्रि 2 उदय एवं 2 गुप्त

चल रहे आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्रि के रविवार को अष्टमी के मौके पर मां भगवती की आराधना, उपासना की गई। भक्तजन व व्रतधारी सुबह से ही मंदिर में माता की पूजा अर्चना के लिए जुटे हुए थे। गुप्त नवरात्रि पर्व पर मां भगवती के 10 महाविद्या के स्वरूप की आराधना की जाती हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि वर्ष में 4 नवरात्रि आते हैं जिसमें 2 गुप्त एवं 2 उदय नवरात्रि होते हैं। चैत्र व अश्विनी मास के नवरात्रि उदय नवरात्रि के नाम से भी जाने जाते हैं।

#### भड़ली नवमीं आज

*आषाढ़ शुक्ल पक्ष भड़ली नवमीं सोमवार को रहेंगी। इस मौके पर राजधानी सहित प्रदेशभर में शादी-विवाह सम्मेलन के आयोजन किए जाएंगे। इसके अलावा गुप्त नवरात्रि सिद्धिदात्री पूजा के साथ समापन होगी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरूजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि सर्वार्थ सिद्धि, रवियोग के साथ सोमवार को गुप्त नवरात्रि का समापन होगा। इस मौके पर श्री दुर्गा मंदिरों में भक्तों के द्वारा पूजा-पाठ आराधना की जावेगी। पूजा पाठ प्रातःकाल से प्रारंभ होकर देर रात्रि तक मंदिरों में पूजा का क्रम जारी रहेगा।*

#### देवशयनी एकादशी 17 जुलाई को

*भड़ली नवमी को शादियों के लिए सबसे शुभ दिनों में से एक माना जाता है। कई जोड़े इस दिन को अपने विवाह के लिए चुनते हैं, उनका मानना है कि यह सौभाग्य और दिव्य आशीर्वाद लाता है। इस वर्ष देवशयनी एकादशी 17 जुलाई को है। इससे पूर्व 15 जुलाई तक शुभ कार्य कर सकते हैं। भड़ली नवमी पर एक साथ सात शुभ योग का निर्माण हो रहा है। इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से सभी प्रकार के मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं।*

---

## ग्रहण करने में नहीं, त्याग करने में मिलती है शांतिः मुनि निष्कम्प

हरिभूमि न्यूज,भोपाल

आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 निष्पक्ष सागर महाराज ससंघ की मंगल अगवानी रविवार को एमपी नगर जैन मंदिर पर हुई। मुनि संघ का विहार भानपुर से हुआ।

इस मौके पर मुनि निष्कम्प सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीरामचंद्र जब युद्ध करके वापस लौट रहे थे, तो उन्होंने सभी साथियों को पद वितरित किए। जब उन्होंने हनुमानजी से पूछा कि उन्हें क्या पद दिया जाए, तब हनुमानजी ने कहा कि मुझे एक पद नहीं मुझे दो पद (पग) चाहिए। मुझे तो आपके दोनों पद चाहिए। उसी तरह हमें भी अपने गुरु के पद लेना चाहिए। महाराज ने कहा कि ग्रहण करने में शांति नहीं त्याग करने में शांति मिलती है। यदि आपने परद्रव्य को ग्रहण नहीं किया है, तो आपको त्याग की आवश्यकता नहीं है, लेकिन आपने यदि पर द्रव्य को अपना मान रखा है तो हमें उसका त्याग करना होगा। मुनिश्री निष्पक्ष सागर महाराज ने कहा कि जीवन में हमें जन्म पिता देता है, दादा उंगली पकड़कर चलाना सिखाता है, लेकिन जीवन को सुव्यवस्थित करने वाले गुरु होते हैं।

---



# प्रतिभावान कायस्थ कन्याओं का सम्मान

### प्रतिभा सम्मान में प्रशस्ति-पत्र के साथ 3 लाख के चेक वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी के चित्रगुप्त समाज द्वारा रविवार को बिसारिया फाउंडेशन के माध्यम से स्व. डॉ. आरके बिसारिया की स्मृति में कायस्थ कन्या प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन चित्रांश भवन, चित्रगुप्त मन्दिर, जवाहर चौक, भोपाल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर 43 प्रतिभावान कन्याओं को तीन लाख के चेक स्कालरशिप के तौर पर प्रदान कर प्रशस्ति पत्र दिए गए।
वहीं अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवम ग्रामीण विकास मलय श्रीवास्तव, पूर्व मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, डॉ. राजेश कानूनगो, डॉ. रीना कानूनगो, चित्रगुप्त समाज के अध्यक्ष राजेश नारायण श्रीवास्तव, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य, सुधा जौहरी ने कन्याओं को विभिन्न राशियों के चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जीएम जौहरी ने किया।
आयोजन में बिहार से आए समाजसेवी राजेश्वर प्रसाद, कल्पना श्रीवास्तव, रेणु सक्सेना, आरके श्रीवास्तव, अभय प्रधान, ओपी श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, उदय श्रीवास्तव, अनुपम श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, आदित्य भटनागर, श्रवण भटनागर, दीप श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। संचालन जीएम जौहरी, विभा श्रीवास्तव एवं सहर्ष श्रीवास्तव ने किया। आभार प्रदर्शन आरके खरे ने व्यक्त किया।

---

### फॉग्सी इंडिया की कांफ्रेंस में स्वास्थ्य पर चर्चा

# सर्वाइकल कैंसर का पता लगाने में कारगर होती है वीआईए जांचः डॉ. रचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ़ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ़ इंडिया द्वारा 12 से 14 जुलाई तक नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। रविवार को कार्यशाला के समापन अवसर पर मातृ मृत्यु एवं प्रीवेंटिव गायनी



ऑ को लॉ जी , महिलाओं में होने वाले कैंसर की स्क्रीनिंग एवं उपचार विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुल्क द्वारा किया गया था। कार्यशाला में प्रीवेंटिव गायनी ऑंकोलॉजी की स्टेट नोडल डॉ रचना दुबे द्वारा सर्वाइकल कैंसर की जांच हेतु उपयोग की जाने वाली नवीनतम तकनीक विजुअल इंस्पेक्शन विद एसिटिक एसिड पर सत्र लिया गया। डॉ दुबे ने जानकारी दी कि मप्र में वीआईए तकनीक से जांच का दायरा बढ़ाया गया है, जिससे प्रत्येक लक्षित महिला की जांच सुनिश्चित हो सके। कार्यशाला में देश एवं प्रदेश के विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं में होने वाले कैंसर की रोकथाम एवं उपचार पर विस्तृत चर्चा की गई एवं चिकित्सकों को मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला में निजी चिकित्सकों के साथ-साथ मप्र शासन अंतर्गत विभिन्न जिलों में कार्यरत शासकीय चिकित्सक भी सम्मिलित हुए।

---

## अभा गुर्जर महासभा मप्र की बैठक के बाद पुरानी कार्यकारिणी भंग



**भोपाल।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा मप्र की पुरानी कार्यकारिणी भंग कर दी गई । नई कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जाएगा। यह निर्णय अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक में रविवार को नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में लिया गया। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष श्री पाटिल का शाल श्रीफल से सम्मान किया ।बैठक को संबोधित करते हुए मुरैना के विधायक दिनेश गुर्जर ने कहा कि मैं समाज के दम पर आपके सामने विधायक के रूप में हूं । गुर्जर समाज ने ही मुझे विधायक बनाया है। मैं समाज के हित में 24 घंटे सेवा के लिए तैयार हूं । इस मौके पर गुर्जर समाज समिति के अध्यक्ष रामनिवास गुर्जर,पूर्व अध्यक्ष जबर सिंह गुर्जर ,बृजमोहन गुर्जर,देवेंद्र गुर्जर, रूक्मेंद्र सिंहघुरैया, भैरों सिंह आदि लोग मौजूद थे।

- शीघ्र होगा नई कार्यकारिणी का गठन, पदाधिकारियों की मौजूदगी में लिया निर्णय

---

## मातमी जुलूस



*भोपाल। इस बार मोहर्रम 17 जुलाई को है। मातमी जुलूस निकालने की शुरुआत राजधानी में रविवार से हो गई। ईरानी डेरे के शिया समुदाय के युवाओं ने भोपाल स्टेशन से अल्पना तिराहा तक मातमी जुलूस निकाला। गौरतलब है कि कर्बला मे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद करके नौहा पढ़ा जाता है और मातम किया जाता है।*

---

### कठुवा हमले में शहीद हुए थे पांच जवान

## वीर बलिदानियों की स्मृति में किया पौधरोपण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेवा संकल्प युवा संगठन ने रविवार को खटलापुरा स्थित पुलिस मुख्यालय के पास जम्मू कश्मीर के कठुवा हमले में देश के पांच जवान बलिदानी हुए, उन वीर जवानों के लिए एक पेड़ शहीदों के नाम से अभियान के तहत पांच पौधे लगाए। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि हर एक पौधे के साथ जवानों के नाम अंकित किए गए।

#### ये थे पांच प्रमुख नाम

बलिदानी आनंद सिंह के नाम से जामुन का पौधा, कमल सिंह हेड कांस्टेबल के नाम से अमरूद, बलिदानी आदर्श नेगी के नाम से आम का पौधा लगाया। वहीं बलिदानी विनोद सिंह नायक के नाम से अशोक का पौधा और अनुज सिंह राइफलमैन के नाम से बरगद का पौधा लगाया गया। सभी ने भारत माता की जय, वंदेमातरम, वीर जवान अमर रहे के नारे लगाए। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक चेतन भार्गव, विवेक साहू, यश जैन, राजेश साहू, मनोज यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

---

### समग्र मराठी के तत्वावधान में की गई चर्चा

## दिंडी शोभा यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समग्र मराठी के तत्वावधान में इस वर्ष भी दिंडी शोभा यात्रा का आयोजन 17 जुलाई देवशयनी एकादशी पर किया जा रहा है। गणेश मंदिर, 1100 क्वार्टर से यात्रा शुरू होगी, जो अरेरा कालोनी के दत्त मंदिर तक जाएगी। आयोजन समिति के प्रमुख संजय जोशी ने बताया कि तैयारियों को लेकर रविवार को दत्त मंदिर में बैठक हुई। इसमें शहर के सभी मराठी भाषी समाजजन के बीच आयोजन को सफल बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में विलास बुचके, गिरीश जोशी, रोहिणी शिंगवेकर, श्रीकांत परांजपे, सहित समाज के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

### अब तक अटकी हुई हैं मेडिकल यूनिवर्सिटी की पैरामेडिकल कोर्सेस की सत्र 2021 की परीक्षाएं

# 35 हजार छात्रों का भविष्य अधर में, दो साल का कोर्स चार साल में भी नहीं हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमेशा से विवादों में रहने वाली मध्यप्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी की लापरवाही से प्रदेश के पैरामेडिकल कोर्सेज के 35 हजार से ज्यादा छात्रों का भविष्य अधर में चला गया है। मेडिकल यूनिवर्सिटी की पैरामेडिकल कोर्सेस के लिए सत्र 2021 सत्र की परीक्षाएं अटकी हुई हैं। इसके चलते फिजियोथैरेपी, ईसीजी टेक्नीशियन, ओटी टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया असिस्टेंट और अन्य कोर्सेस में छात्रों की फाइनल परीक्षाएं भी अटकी हुई हैं। छात्रों का कहना है कि परीक्षा न होने से उनका भविष्य खराब हो रहा है। मेडिकल यूनिवर्सिटी प्रशासन के इस फैसले के पीछे की वजह परीक्षा कराने में प्रशासन की नाकामी से जोड़कर देखा जा रहा है।



#### नर्सिंग घोटाले की वजह से अटकी थीं परीक्षाएं

*पैरामेडिकल कोर्सेज के छात्रों का कहना है कि मप्र में नर्सिंग कॉलेज घोटाले के चलते मेडिकल विवि में सभी कोर्सेज की परीक्षाओं पर रोक लगा दी गई थी। गड़बड़ी नर्सिंग में हुई, इसकी जांच के बाद नर्सिंग की परीक्षाएं भी हो गई, लेकिन पैरामेडिकल कोर्स का शेड्यूल तक जारी नहीं किया गया है, जबकि इस घोटाले में पैरामेडिकल विभाग का कोई मामला सामने नहीं आया था।*

#### एक छात्र ने की आत्महत्या की कोशिश

छात्रों का आरोप है कि परीक्षाएं न होने से वे कई प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। कई छात्र ऐसे भी हैं जिनकी उम्र ज्यादा है और उनके पास एक या दो मौके ही हैं। इन हालातों से दुखी राजस्थान के एक छात्र ने आत्महत्या की कोशिश भी की थी। छात्रों का कहना है कि मामले को लेकर डिप्टी सीएम से मिले थे। उन्होंने विवि प्रशासन को जुलाई तक सभी परीक्षाएं आयोजित कर रिजल्ट जारी करने के निर्देश भी दिए थे।

#### परीक्षा नहीं करवा पा रही यूनिवर्सिटी

दरअसल, मेडिकल यूनिवर्सिटी पैरामेडिकल कोर्सेस में परीक्षाएं नहीं करवा पा रही है। बीपीटी यानी बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी के छात्रों के दो बैच सत्र 2020-21 और 2021-22 की परीक्षा अब तक नहीं हुई है। ऐसे में चार साल का कोर्स सात साल में पूरा हो रहा है। मेडिकल यूनिवर्सिटी का पूरा कैलेंडर ही कई सालों पीछे चल रहा है। मध्यप्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी के अधिकारियों का कहना है कि पैरामेडिकल कोर्सेज के कैलेंडर को ठीक करने के लिए ही यूनिवर्सिटी प्रशासन ने यह कड़ा फैसला लिया है।

#### परीक्षा का काम चल रहा है...

परीक्षाओं को लेकर काम चल रहा है। जल्द ही परीक्षाओं को लेकर जानकारी जारी की जाएगी।

**डॉ. पुष्पराज सिंह बघेल,** रजिस्ट्रार, मप्र मेडिकल विवि, जबलपुर

---

## गुरुद्वारा के लंगर में शामिल हुए धर्मगुरु

**भोपाल।** श्री दशमेश दरबार साहिब गुरद्वारा आनंद नगर में हेड ग्रंथी ज्ञानी गुरूवेन्द्र सिंह की पारिवारिक खुशी के मौके लंगर एवं कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर आपसी एकता भाईचारे का संदेश देते हुए सर्वधर्म सद्भावना मंच के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। सभी धर्मों के धर्मगुरुओं ने गुरद्वारा लंगर में आकर एकता भाई चारे का संदेश दिया। बोद्ध धर्म गुरु शाक्य पुत्र भंते सागर थेरो, जमीअत उलमा मप्र के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद हारून साहब, ईसाई धर्म गुरु डा. फादर आनंद मुटूंगल, पंडित अनिल महाराज, पंडित महेंद्र शर्मा, गुरद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह अन्य लोग शामिल हुए।




# रोशनपुरा चौराहे से हटा अतिक्रमण, अब सुगम हुआ आवागमन

◆ अतिक्रमण विरोधी 5 टीमों ने की कार्रवाई, 25 ठेले गुमठियां व टेबल, कुर्सियां सहित 12 ट्रक सामान किया जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम ने राजधानी में आम नागरिकों को आवागमन में सुगमता देने मुख्य मार्ग एवं अन्य स्थानों पर व्यवसाय कर आवागमन को बाधित करने के विरुद्ध कड़े विरोध के बीच बड़ी कार्रवाई करते हुए बेतवा कॉम्प्लेक्स और रोशनपुरा चौराहा क्षेत्र से बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी मुहिम की 5 टीमों ने बेतवा कॉम्प्लेक्स और रोशनपुरा चौराहा क्षेत्र से 25 ठेले गुमठियों, टेबिल-कुर्सियां, स्टूल, तिरपाल सहित 12 ट्रक सामग्री जप्त की। निगम के अतिक्रमण विरोधी टीम ने बेतवा काम्प्लेक्स एवं रोशनपुरा चौराहा क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर आम नागरिकों को आवागमन में सुगमता प्रदान की है।

ठेले वालों ने जताया कड़ा विरोध



## इंडिगो की मुंबई उड़ान कैंसिल, एयर इंडिया की मुंबई उड़ान भी दो घंटे देर से आई



**संतनगर।** देश सहित ख़ासकर मुंबई में मौसम ख़राबी के कारण भोपाल की उड़ानों पर असर पड़ रहा है आज रविवार को भी इंडिगो एयरवेज़ की नाइट मुम्बई फ़्लाइट को कैंसिल कर दिया गया, जबकि एयर इंडिया की मॉर्निंग मुंबई उड़ान दो घंटा देरी से भोपाल आई। इसके अलावा कई उड़ानें आधे घंटे से लेकर एक घंटे देरी से भोपाल पहुंचीं। उड़ानें लेट होने से यात्रियों की आगामी फ़्लाइट भी छूट जाती है, जिससे कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आज रविवार को इंडिगो एयरवेज़ मुंबई उड़ान जो रात 9.15 बजे आती है उसे निरस्त किया गया। वहीं एयर इंडिया की मुंबई उड़ान जो दोपहर 12 बजे आती है वो दो घंटा देरी से भोपाल पहुंची। वहीं इंडिगो की दिल्ली उड़ान जो रात को 9.25 पर भोपाल आती है, आती है वो क़रीब पौन घंटा देरी से आई।

एक हजार रुपए जुर्माने का पिछली सरकार ने निकाला था आदेश, उसके बाद भी निगम ने शुरू नहीं किया अमल

# सड़कों पर 7 हजार मवेशियों ने डाला डेरा, जो बन रहे दुर्घटनाओं की वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सड़कों पर गोवंश सहित अन्य मवेशियों को खुला छोड़ने वाले और सार्वजनिक स्थानों पर मवेशियों को बांधने वालों से एक हजार रुपए जुर्माना वसूली का आदेश पिछले साल बारिश के दौरान सरकार ने निकाला था, लेकिन अब तक नगर निगम ने इस पर अमल शुरू नहीं किया। नतीजा निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा ने शहर के अलग-अलग इलाकों से 100 से ज्यादा मवेशियों को पकड़ा। लेकिन किसी भी मवेशी मालिक पर एक रुपए का जुर्माना भी नहीं हुआ। इधर, इस ममले में जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि शासन ने भले ही जुर्माना लगा दिया हो, लेकिन अब तक विभागीय आदेश उन्हें नहीं मिला। जिसकी वजह से जुर्माने की कार्रवाई नहीं की जा रही।

सड़कों पर घूमने वाला गौवंश और अन्य मवेशी बारिश के दौरान आए दिन हादसों की वजह बन रहे हैं। इनकी वजह से होने वाली दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान तक चली जाती है। ऐसे में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मप्र नगर पालिक अधिनियम 1956 में संशोधन कर गजट नोटीफिकेशन जारी कर दिया है। जिसके बाद सभी नगरीय निकाय सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों के मालिकों से एक हजार रुपए तक जुर्माना वसूल सकते हैं। जानकारी के मुताबिक संशोधित नियम के तहत इंदौर नगर निगम ने जुर्माने की कार्रवाई शुरू कर दी, लेकिन भोपाल में अब तक कार्रवाई का कोई अता-पता ही नहीं है।



### आदेश जारी...

शासन ने आवारा मवेशियों के मालिकों पर एक हजार रुपए जुर्माना लगाने का आदेश कर दिया है। इस संबंध में सभी जोन को भी सूचित किया गया है।

**किशन सूर्यवंशी,**
अध्यक्ष नगर निगम

### 1976 से चल रही डेयरियां शिफ्ट करने की कवायद

राजधानी की सड़कों से सात हजार से ज्यादा आवारा मवेशियों का डेरा है। इन्हें हटाने के साथ ही नगर निगम सीमा में संचालित 800 डेयरियों को शिफ्ट करने की कवायद 1976 से चल रही है। लेकिन, न तो डेयरियां शिफ्ट हो सकीं और न ही मवेशियों की तादाद ही कम हुई।

### एक साल में कैटल फ्री हो गया इंदौर, भोपाल 48 साल बाद भी नहीं

भोपाल में पहली बार डेयरी शिफ्टिंग की कवायद 48 साल पहले शुरू हुई थी, जो अब तक पूरी नहीं हो सकी। इधर 2016 में एनजीटी के आदेश पर शासन द्वारा बड़े शहरों के रिहायशी इलाकों में पशु पालन पर रोक लगाते हुए शहर को कैटल फ्री जोन घोषित किया था। जिसके बाद इंदौर महज एक साल में कैटल फ्री सिटी बन गया। लेकिन भोपाल की सड़कों पर आज भी छह हजार से ज्यादा आवारा मवेशियों का डेरा है।

### शहर के दायरे के साथ मवेशी भी ज्यादा पर संसाधन और अमला कम

निगम ने शहर में आवारा मवेशियों को पकड़ने की जिम्मेदारी गोवर्धन परियोजना शाखा की है। यहां तैनात करीब 14 कर्मचारी 4 कैटल कॉर्ट और हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म लेकर शहर की सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस पहुंचाते हैं। लेकिन सच्चाई ये है कि बिना शिकायत निगम अमला किसी भी आवारा मवेशी को पकड़ने की जहमत नहीं उठाता। क्योंकि निगम कर्मचारी आवारा मवेशियों को पकड़ने में किसी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहते। नाम न छापने की शर्त पर निगम अधिकारी ने बताया कि शहर में आवारा घूमने वाले मवेशियों में सौ फीसदी गौवंश होता है। ऐसे में जब तक शिकायत नहीं मिलती कर्मचारी मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई नहीं करते। क्योंकि आवारा मवेशियों को एनीमल कॉर्ट में चढ़ाने के दौरान अगर वे घायल हो जाएं या उन्हें खरोंच भी आ जाती है, तो हंगामा हो जाता है।

# आज से कालका-साईंनगर शिर्डी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें 24 जुलाई तक रहेंगी निरस्त

हरिभूमि न्यूज,भोपाल

अगर आप आने वाले दिनों में ट्रेन से सफर करने का प्लान कर रहे तो ये खबर आपके काम आ सकती है। मध्य रेल के भुसावल मंडल के भुसावल-खंडवा खंड के बीच गेज परिवर्तन एवं खंडवा यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के चलते जंक्शन से होकर गुजरने वाली कुछ यात्री ट्रेन को निरस्त करने का निर्णय लिया है।

भुसावल-खंडवा खंड के बीच गेज परिवर्तन एवं खंडवा यार्ड रीमॉडलिंग का होना है काम



### यह ट्रेनें रहेगी निरस्त

- ट्रेन 01025 दादर सेंट्रल-बलिया एक्सप्रेस, 15 से 22 जुलाई तक
- ट्रेन 01026 बलिया-दादर सेंट्रल एक्सप्रेस 17 से 24 जुलाई तक
- ट्रेन 01028 गोरखपुर-दादर सेंट्रल एक्सप्रेस 16 से 23 तक
- ट्रेन 22455 साईंनगर शिर्डी कालका एक्स. 16 से 23 तक
- ट्रेन 22456, कालका-साईंनगर शिर्डी एक्सप्रेस 21 जुलाई तक
- ट्रेन 22171 पुणे रानी कमलापति एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन से 21 को निरस्त रहेगी।
- ट्रेन 22172 रानी कमलापति पुणे एक्सप्रेस 20 जुलाई को निरस्त
- ट्रेन 01025, दादर सेंट्रल-बलिया एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन से 15, 17, 19 और 22 जुलाई को निरस्त रहेगी
- ट्रेन 01026, बलिया-दादर सेंट्रल प्रारंभिक स्टेशन से 17, 19, 21 और 24 जुलाई को निरस्त रहेगी
- ट्रेन 12167 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-वाराणसी एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन से 14 से 21 जुलाई तक निरस्त रहेगी।

रोजाना पहुंचने लगें आवारा कुत्ते तो 20-25 की जगह 250 तक रोजाना हो सकती है नसंबदी

# आबादी रोकने के लिए शहर में तीन जगह बने नसबंदी सेंटर में नहीं पहुंच रहे आवारा कुत्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आवारा कुत्तों के द्वारा बच्चों को काटने की बढ़ रही घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम शहर में तीन नए नसबंदी सेंटर खोल चुका है। इस पर करीब 65-65 लाख रुपए का खर्च किए गए, लेकिन पर्याप्त संख्या में कुतते न पहुंचने से नियमित नसबंदी नहीं हो पा रही है।

नगर निगम के सेंटर न होने से पहले यह काम एनजीओ के भरौसे था, जिसके तहत 20 से 25 आवारा कुत्तों की रोजाना नसबंदी हो पाती थी। नए सेंटर खुलने से 200 से 250 आवारा कुत्तों की नसबंदी हो सकती है। यह सेंटर स्वच्छ भारत मिशन के तहत कोकता, कोलार और परवलिया में खोले गए हैं। जबकि इन सेंटर के खोलने से पहले भोपाल शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी आवारा कुत्तों को पकड़कर लाया जाना था। इसके लिए नगर निगम की 5 गाड़ी में करीब 65 कर्मचारी कुत्तों को लाने का काम करने के लिए तैनात किए गए हैं।

## नगर निगम ने पहली बार खोले हैं सेंटर, अभी तक एनजीओ के भरोसे थी व्यवस्था



### रिकार्ड में 40 हजार से ज्यादा हैं आवारा कुत्ते

नगर निगम ने शहर में आवारा कुत्तों की गिनती नहीं करवाई, लेकिन संख्या दर्ज 40 हजार ही दर्ज की हुई है। इसके तहत भोपाल शहर में आवारा कुत्तों की संख्या करीब 40 हजार है, जबकि पेट लवर्स के रिकार्ड के अनुसार यह संख्या डेढ़ लाख से ज्यादा है। निगम के पास है डेढ़ करोड़ का बजट अभी है, लेकिन पेट लवर के विरोध का भी सामना इन लोगों को करना पड़ता है। अधिकारी मानते हैं कि डॉग स्क्वॉड अमले के पास सबसे बड़ी समस्या सेंटर न होने की थी, जिसे हल कर लिया गया है।

### सेंटर खुलने से कम नहीं हो रही आबादी

स्वच्छ भारत मिशन के तहत आवारा कुत्तों के नसबंदी सेंटर खुलने के बाद भी आबादी कम नहीं हो रही है। शहर के तीन छोर में खुलने से रोजाना 200 से 250 कुत्तों की नसबंदी होना थी, लेकिन संख्या कम नहीं हो पा रही है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि जब तक 60 प्रतिशत से ज्यादा आवारा कुत्तों की नसबंदी नहीं होगी। तब तक संख्या कम नहीं हो सकती।

### कुत्तों को पकड़ने के लिए मिल रही हैं रोजाना 60 शिकायतें

*राजधानी में गली,मोहल्लों, सड़कों और तंग गलियों में कुत्तों का आंतक बढ़ रहा है। ये न सिर्फ रात के समय वाहन चालकों पर लपकते हैं बल्कि छोटे बच्चों का घर के समीप ही दुकानों पर सामान लेने जाना भी खतरे भरा है। कुत्ते अक्सर बच्चों पर लपकते हैं। ऐसा नहीं कि निगम के कॉल सेंटर पर इस मामले को लेकर शिकायतें नहीं पहुंचती। रोजाना 40 शिकायतें दर्ज होती हैं, जो अब बढ़कर 60 तक पहुंच गई हैं, लेकिन अमला एक भी स्थान पर समय पर नहीं पहुंचता। निगम के डॉग स्क्वाड अमले की लापरवाही को लेकर लोगों में गुस्सा है।*

## आज से प्रदेश में ऑटोमेटिक स्टेशन में होगी वाहनों की फिटनेस टेस्टिंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में यात्री और व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस अब मशीनों के जरिये होगी। सोमवार (15 जुलाई) से परिवहन विभाग भोपाल,ग्वालियर,इंदौर सहित कुछ शहरों में ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर के माध्यम से वाहनों की फिटनेस हो सकेगी। अब आरटीओ के बजाय कान्हासैया में बनाए गए ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) पर ये सुविधा मिलेगी। जहां पर वाहनों की फिटनेस निजी कंपनी के द्वारा की जाएगी। इसके चलते अब वाहनों चालकों को पहले की अपेक्षा अधिक चार्ज देना होगा। हालाकि निजी फिटनेस केंद्र में 24 वाहनों की फिटनेस हो सकेगी।

### अभी सिर्फ फोटो अपलोड कर जारी हो जाता था सर्टिफिकेट

नई व्यवस्था में वाहनों की फिटनेस की जांच सेंसर युक्त मशीनों से होगी। ऐसे में दावा किया गया है कि वही वाहन फिटनेस टेस्ट में पास होंगे, जो पूरी तरह से फिट हैं। अभी तक आरटीओ में टैबलेट से वाहनों के फोटो खींचकर सर्वर पर अपलोड किए जाते थे। इन्हीं के आधार पर फिटनेस जारी कर दी जाती थी। तब कई बार कमियों के बावजूद वाहनों को फिटनेस सर्टिफिकेट मिल जाते थे।

वीडियो सर्विलांस सिस्टम से जोड़ेगा मुख्यालय

# रानी कमलापति, भोपाल स्टेशन पर रेलवे बोर्ड की सीधी रहेगी नजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अब भोपाल व रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर रेलवे बोर्ड व पमरे जोन मुख्यालय की सीधी नजर रहेगी। अगर स्टेशन पर कुछ में गलत या नियम विरुद्ध होगा, या यात्री सुविधा में कमी नजर आएगी तो सीधा रेलवे बोर्ड व पमरे जोन के अधिकारी इसमें सुधार करा सकेंगे।

दरअसल, आने वाले दिनों में स्टेशनों के वीडियो सर्विलांस सिस्टम को रेलवे बोर्ड व पमरे जोन मुख्यालय से सीधे जोड़े जाएंगे। रेलवे भोपाल मंडल सहित करीब 700 से अधिक स्टेशनों पर इस योजना का लागू करने जा रहा है। इन स्टेशनों को ऑनलाइन कैमरा मॉनिटरिंग से जोड़ा जा रहा है। यह काम रेलवे का रेलटेल उपक्रम कर रहा है। इनकी मदद से 24 घंटे अधिकारी दफ्तर से बैठे-बैठे नजर रख सकेंगे। अभी लगभग सभी स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन स्थानीय प्रबंधन ही स्टेशनों पर नजर रखते हैं। अब इन्हें वीडियो सर्विलांस से जोड़ा जा रहा है। यह काम अगले 6 महीने में पूरा हो जाएगा।

### जोन के 15 स्टेशन हैं इस योजना में शामिल

*रेलवे स्टेशनों पर वीडियो सर्विलांस सिस्टम (वीएसएस) (सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क) की स्थापना का शुरू कर दिया है। यह काम पश्चिम मध्य रेलवे के 15 रेलवे स्टेशनो में रानी कमलापति शामिल है।*

### यह मिलेगी मदद

*रेल सुरक्षा बल अधिकारियों को बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक तरह की अतिरिक्त सहायता मिल सकेगी। सीसीटीवी कैमरों से मिलने वाली वीडियो फीड की रिकॉर्डिंग 30 दिनों के लिए स्टोर की जा सकेगी। इनकी मदद से अपराधों के अनुसंधान में तेजी आएगी।*

### रानी कमलापति स्टेशन के अलावा ये भी शामिल

*पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों में भोपाल मंडल के बीना, रानी कमलापति, होशंगाबाद, विदिशा, जबलपुर मण्डल के पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, रीवा, दमोह एवं सागर तथा कोटा मण्डल के भरतपुर, सवाईमाधोपुर एवं कोटा रेलवे स्टेशनों को शामिल किया है।*

प्रत्येक शिविर में की जा रही है करीब 13 करोड़ रुपए की वसूली

# नगर निगम अब हर शनिवार को लगाएगा कर वसूली के लोक अदालत की तर्ज पर शिविर

निजी कंपनियों और सरकारी संस्थाओं पर निगम का करोड़ों रुपए का बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम में नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य करों पर अधिभार में छूट का लाभ देने हर शनिवार को शिविर का आयोजन शुरू किया गया है। गत दिवस करदाताओं ने इसका लाभ भी उठाया। इस दौरान 7 हजार से अधिक प्रकरण निराकृत, करदाताओं ने 13 करोड़ 13 लाख से अधिक की राशि जमा कराई। मप्र शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के द्वारा संपत्तिकर, जलकर एवं उपभोक्ता प्रभार के मदों में अधिभार में दी जा रही छूट के तहत यह शिविर लगाए जा रहे हैं। नगर निगम के वार्ड एवं जोन कार्यालय तथा आयोजित शिविरों में संपत्तिकर एवं जल उपभोक्ता प्रभार सहित अन्य प्रकरणों में अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ लेकर निराकृत कराया।


कोई भी करदाता नहीं जाता वापस

आगे भी उम्मीद है कि हर शनिवार को उपभोक्ता इसका लाभ उठाएंगे। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण के आदेशों के परिपालन में निगम अमले द्वारा नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर आयोजित शिविरों के लिए बेहतर कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। गत दिवस किसी भी करदाता को करों की राशि जमा किये बगैर वापस नहीं जाना पड़ा। निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने वार्ड कार्यालयों शिविरों का सतत रूप से निरीक्षण किया और राजस्व अमले को आवश्यक दिशा .निर्देश दिए। इन शिविरों के तहत ही अब हर शनिवार को निगम के सभी वार्ड, जोन कार्यालयों एवं आयोजित शिविरों में प्रातः काल से ही करदाताओं के आने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

### करदाताओं का आरोप भी

राजधानी में नियमित कर जमा करने वाले उपभोक्ताओं का आरोप है कि नगर निगम भोपाल राजस्व वसूली के लिए लोक अदालत से लेकर संपत्ति कुर्की तक की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन यह कार्रवाई छोटे बकायादारों तक ही सीमित है। शहर की आम जनता से संपत्तिकर व जलकर समेत अन्य शुल्क मिला लें तो हर शिविर में करीब 12 से 15 करोड़ रुपए की वसूली की जाती है। जबकि निजी कंपनियों और सरकारी विभागों पर 200 करोड़ रुपये से अधिक बकाया है। बीते वित्तीय वर्ष में पांच लोगों पर करीब 8 लाख रुपये का संपत्तिकर बकाया होने पर उनकी संपत्ति कुर्क कर दी गई थी। वहीं इस बार भी करीब दस लाख रुपए की वसूली करने के लिए 4 लोगों की संपत्ति कुर्क की जानी है।

### 200 निजी संस्थाओं के करोड़ों रुपए बाकी

*अधिकारियों के अनुसार राजधानी में सरकारी विभागों के अलावा करीब 200 निजी संस्थाएं भी शामिल हैं। जिन पर नगर निगम के करोड़ों रुपए बकाया हैं। जानकारी के मुताबिक निगम का करीब 90 करोड़ राजस्व तो सिर्फ इसलिए वसूला नहीं जा रहा, क्योकि इन मामलों में कोर्ट से लोगों को स्टे मिला हुआ है। निगम के विधि विभाग की टीम कोर्ट में स्टे हटवाने में सफल नहीं हो पा रही है। जिससे निगम को आर्थिक नुकसान तो हो ही रहा है, बल्कि अपने दैनिक खर्चे चलाने के लिए बैंकों से भी कर्ज लेना पड़ रहा है। आम जनता पर दो.तीन लाख रुपए बकाया होने पर भी कुर्की की तैयारी की जा रही है। इनमें चूनाभट्टी इलाके में दो संस्थान हैं। आयुक्त हरेंद्र नारायण के अनुसार वसूली अभी तेजी से शुरू कर दिया गया है।*



# सास-बहू नहीं, बल्कि मां-बेटी की तरह है हमारी जोड़ी

## शहर की ऐसी सास-बहूओं की जोड़ी, जिनके बीच मां-बेटी जैसा रिश्ता बना समाज के लिए मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'बहू हमारा घर छोड़कर जा चुकी है। उसने अपना एड्रेस भी चेंज करा लिया। कीर्ति चक्र मिलने की कोई निशानी भी हमारे पास नहीं। बेटे की फोटो पर कीर्ति चक्र लगा सकूं, हम इस लायक भी नहीं। सब कुछ बहू को दे दिया गया। हमारे जैसे माता-पिता को कुछ नहीं मिलता....' इन दिनों सोशल मीडिया पर कीर्ति चक्र से सम्मानित शहीद अंशुमान सिंह के माता-पिता की यह टिप्पणी काफी वायरल है और ट्रोलर्स द्वारा इसका अलग अलग तरह से प्रयोग भी किया जा रहा हैं। जिससे सास बहू के बीच की अनबन स्पष्ट है, लेकिन इसके विपरीत हमारे समाज में कई ऐसी भी सास बहू की जोड़ियां हैं, जो आपस में मां बेटी की तरह रहती हैं, जिनके बीच न तो कोई विवाद है और न ही तनाव।

- जिन सास-बहुओं का जिक्र हो रहा है, जानते हैं उनके बीच का तालमेल

### किस तरह आपसी तालमेल से कायम है रिश्तों में शांति

*हरिभूमि ने राजधानी की कुछ ऐसी ही सास बहू की जोड़ियों को तलाशा जो आपस में बिल्कुल मां बेटी की तरह हैं और जहां सास मां बनकर बहू का हर समय ख्याल रखती है, तो वहीं बहू की बेटी के रूप में अपनी सास को सभी सुख सुविधा प्रदान करती हैं।*



### मम्मी मुझे अपनी बेटी से भी बढ़कर मानती हैं

भोपाल के चूना भट्टी निवासी सरिता समर का कहना है कि मेरी बहू श्रुति बिल्कुल मेरी बेटी की तरह है मुझे मेरी बेटी आस्था और बहू श्रुति में कोई भी फर्क नजर नहीं आता, वहीं श्रुति ने कहा कि मेरी सास में मुझे मेरी मां नजर आती है। मेरा फेवरेट फूड बनाना हो या मेरी तबियत बिगड़ने पर मेरी पूछ परख करना, मम्मी मुझे अपनी बेटी से भी बढ़कर मानती हैं।

### इन 8 साल में कभी ऐसा नहीं लगा कि सेलीना मेरी बेटी नहीं बहू है

*वहीं अरेरा कॉलोनी निवासी साधना तिवारी का कहना है कि मेरी बहू सेलिना को हमसे जुड़े लगभग 8 साल हो गए हैं लेकिन इन आठ सालों में कभी ऐसा नहीं लगा कि वह मेरी बेटी नहीं बहू है मेरा हर पल ख्याल रखना, मेरा मेकअप से लेकर कपड़ों से लेकर एक-एक चीज का ध्यान रखती है और जब भी हम कभी मार्केट शॉपिंग करने जाते हैं तो हमारी जोड़ी को देखकर लोग मां बेटी की जोड़ी कहते हैं क्योंकि हम लोग काफी मिलते-जुलते भी हैं।*



*मैं तो बस इसी चीज में बहुत खुश रहती हूं कि वह मुझे इतना प्यार करती है।*

### खुद को भाग्यशाली समझती हूं कि मुझे बेटियों की तरह बहूएं मिलीं

*अरेरा कॉलोनी निवासी सुषमा सक्सेना ने कहा कि मेरी दो बहुएं हैं, अभी कुछ महीने पहले दोनों मेरे साथ ही थी, लेकिन एक अभी इंदौर शिफ्ट हो गई है और एक कनाडा और अभी जब मैं उसके पास कनाडा गई तो वह बहुत खुश हुई। हर एक सुख सुविधा के साथ-साथ जब लौट रही थी तो उसने बेसन और आटे के लड्डू बनाकर भी रखें ताकि मम्मी को कभी वीकनेस लगे तो खा लें।*



---

## जनजातीय संग्रहालय में संभावना गतिविधि का आयोजन, पारंपरिक वेशभूषा का दर्शन

# कोरकू जनजातीय नृत्य गदली-थापटी एवं गोंड जनजातीय सैरा नृत्य की हुई प्रस्तुति

अत्याधिक सादगीयुक्त और सुरुचिपूर्ण दिखाई देती है कोरकू नृत्य की वेशभूषा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना के अंतर्गत रविवार की शाम लक्ष्मण बारस्कर एवं साथी, बैतूल द्वारा कोरकू जनजातीय गदली-थापटी नृत्य की प्रस्तुति दी। कोरकू नृत्य की वेशभूषा अत्याधिक सादगीयुक्त और सुरुचिपूर्ण होती है। पुरुष सफेद रंग पसंद करते हैं, सिर पर लाल पगड़ी और कलंगी पुरुष नर्तक खास तौर से लगाते हैं। स्त्रिया लाल, हरी, नीली, पीली रंग की किनारी वाली साड़ी पहनती है।

### स्त्री के हाथ में चिटकोला, दूसरे हाथ में रुमाल

*इस नृत्य में स्त्री के एक हाथ में चिटकोला तथा दूसरे हाथ में रुमाल और पुरुषों के हाथ में घुंघरूमाला तथा पंछा होता है। कोरकू नृत्यों में ढोलक की प्रमुख भूमिका होती है। ढोलक की लय और ताल पर कोरकू हाथों और पैरों की विभिन्न मुद्राओं को बनाते हुए गोल घेरे में नृत्य करते हैं। गदली नृत्य विवाह आदि के अवसर पर किया जाता है। नृत्य में लोक संगीत बहुत कर्णप्रिय है। पुरुषों की बांसुरी और ढोलक की धुन पर लाल वस्त्र में महिलाएं हाथ में छोटा सा लोक वाद्य चिटकोरा बजाती हुई नृत्य करती हैं।*



### वर्षा ऋतु में सैरा नृत्य की परंपरा

अगले क्रम में उत्तमसिंह गोण्ड एवं साथी, सागर द्वारा सैरा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सैरा नृत्य मूलतः डंडा नृत्य है। देश के प्रायः सभी राज्यों में डंडा नृत्य करने की समृद्ध परंपरा है। बुन्देलखंड में इस नृत्य को सैरा कहा जाता है। कृषक परंपरा का यह नृत्य वर्षा ऋतु के समय गांव-गांव उत्साह के साथ किया जाता है।

---

## विवेकानन्द लाइब्रेरी में डॉ. प्रदीप कपूर की पुस्तक 'शी' पर चर्चा

# क्राइम थ्रिलर पुस्तक, जिसमें शहर में घटित चार जघन्य हत्याओं की कहानी का उल्लेख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को स्वामी विवेकानन्द लाइब्रेरी में डॉक्टर प्रदीप कपूर की हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'शी' पर चर्चा का आयोजन क्लब लिटराटी के तत्वावधान में किया गया। यह पुस्तक एक क्राईम थ्रिलर है।

कहानी एक छोटे शहर में घटित होती है जहां एक के बाद एक चार जघन्य हत्याएं हो जाती हैं। शहर में भय का वातावरण बन जाता है। शासन, जनता और मीडिया के दबाव में शीघ्र ही अपने सबसे चुस्त पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में एक जांच टीम नियुक्त करता है। आगे की कहानी कातिल को पहचानने और पकड़ने की कशमकश की कहानी है।

यह कहना है डॉ प्रदीप कपूर का, जो अपनी पुस्तक 'शी' पर चर्चा में बात कर रहे थे।

### हर एक पन्ने पर बिखरा हुआ है रोमांच

क्राईम साहित्य से जुड़े प्रश्नों पर आधारित क्विज का भी आयोजन डॉ कपूर ने चर्चा में बताया कि पुस्तक का हर पन्ना रोमांच से भरा हुआ है और पाठक की चुनौती जुर्म और सजा की मूल अवधारणा के बीच का अन्तर समझने की है। पुस्तक का अन्त तो पाठक को विस्मय में ही डाल देता है। कार्यक्रम इस कारण से और भी रोचक बन पड़ा क्योंकि उसमें प्रतिभागियों द्वारा क्राईम साहित्य से जुड़े हुए प्रश्नों पर आधारित क्विज में भी भाग लिया गया और पुरस्कार प्रप्त किए गए। कार्यक्रम क्योंकि क्राईम फिक्शन से संबंधित था। इसलिए ड्रेस कोड भी ब्लैक था। कार्यक्रम की परिकल्पना क्लब लिटराटी की अध्यक्ष डॉक्टर सीमा रायजादा व मोडरशन ज्योति पांडे द्वारा किया गया।

---

## अचीवमेंट सर्टिफिकेट से किया सम्मान

# रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय ने किया प्लेसमेंट-डे और अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए ग्रेजुएशन-डे सेरेमनी का वृहद आयोजन

- 300 से अधिक छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित
- अफ्रीका के दस देशों के स्टूडेंट्स भी रहे प्रमुख रूप से शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करने होटल मैरियट में प्लेसमेंट डे और अंतरराष्ट्रीय छात्रों की ग्रेजुएशन डे सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के 300 से अधिक ऐसे छात्रों को सम्मानित किया गया, जिनका देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्लेसमेंट हो चुका है। कार्यक्रम में इस अवसर पर रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, प्रो चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स और कुलसचिव डॉ. विजय सिंह, प्रतिकुलपति डॉ. संगीता जौहरी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में चयनित छात्रों को ऑफर लेटर एवं अचीवमेंट सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। इसके अलावा आरएनटीयू में अध्ययनरत अंतरराष्ट्रीय छात्रों को डिग्री भी प्रदान की गई। इसमें अफ्रीका के दस देशों के छात्र शामिल रहे। सेरेमनी में बड़ी संख्या में शिक्षाविद और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### छात्रों को बताया आरएनटीयू का ब्रांड एंबेस्डर

*कार्यक्रम में अतिथि संतोष चौबे ने अपने कॉलेज के दिनों को याद किया और कई अनुभव साझा किए। साथ ही उन्होंने छात्रों को बताया कि अफ्रीकी देशों में कार्य की बड़ी संभावनाएं मौजूद हैं, जिसके चलते आप अपने क्षेत्र में कार्य करने के साथ करियर को भी ऊंचाई प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आज तकनीक तेजी से बदल रही है ऐसे में स्किल अपग्रेडेशन किसी भी व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। डॉ. अदिति चतुर्वेदी ने छात्रों को आरएनटीयू का ब्रांड एंबेस्डर बताया और कहा कि आप जहां भी रहेंगे, वहां आपकी वजह से आरएनटीयू पहचाना जाएगा।*



---

# शहीद भवन में नृत्य नाटिका श्रीरामचरितम की हुई मनमोहक प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहीद भवन में रविवार की शाम कलार्जन नृत्य नाट्य संस्था द्वारा श्रीरामचरितम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। नृत्य संगीत से ओत-प्रोत इस प्रस्तुति के माध्यम से श्रीराम के चरित्र के अनेक रूपों का वर्णन नृत्य की सुंदर भाव भंगिमा से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों की मनमोहक अदाओं ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं, वहीं श्री रामचरित्रम के लिए मंच सज्जा भी आकर्षण का केंद्र रही।

---

# एमसीयू में भाषा प्रयोगशाला स्थापित करने की तैयारी, उच्चारण और वर्तनी पर दिया जाएगा विशेष जोरः सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



यदि आप हिंदी भाषा, अनुवाद और प्रौद्योगिकी में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में आपके लिए सुनहरा अवसर है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ केजी सुरेश ने कहा कि हिंदी भाषा विश्व में सबसे ज्यादा बोली और पढ़ी जाने वाली भाषाओं में से एक है। विश्व के कई देशों में इसकी मांग है, लेकिन देश के कई सरकारी संस्थानों, निजी संस्थानों में भी हिंदी भाषा, अनुवाद, प्रौद्योगिकी को लेकर बहुत मांग है। प्रो. सुरेश ने कहा कि इन्हीं सब बातों को देखते हुए विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा विभाग की स्थापना की गई है। जिसके तहत विद्यार्थी इस क्षेत्र में अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। कुलगुरु ने बताया कि अगर हिंदी भाषा की स्वीकार्यता को विद्यार्थियों के बीच बढ़ाना है तो इसका रोजगार परख होना अति आवश्यक है। इसी दृष्टि से हम यह विशिष्ट पाठ्यक्रम लेकर आए हैं।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी हिंदी का प्रयोग बढ़ा

भारतीय भाषा विभाग की डॉ. राखी तिवारी के अनुसार प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और वेब मीडिया के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी हिंदी का प्रयोग लोकप्रिय होता जा रहा है। डॉ. राखी तिवारी ने बताया कि बीए हिंदी भाषा, प्रौद्योगिकी और अनुवाद का यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों में ऐसे ही कौशल विकसित करने के लिए बनाया गया है। इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करते-करते विद्यार्थी वैश्विक एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्वयं को ट्रांसलेटर (अनुवादक), राजभाषा अधिकारी, हिंदी भाषा के पत्रकार या शोधकर्ता के रूप में स्थापित कर सकते हैं।

---

## जवाहर बाल उद्यान झील और उसके आसपास के क्षेत्र को पुनर्जीवित करने का एक प्रयास

# अटूट समर्पण का नायाब उदाहरण है ईशना की परियोजना 'नीर नवजीवन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईशना अग्रवाल द्वारा संचालित परियोजना नीर नवजीवन, जवाहर बाल उद्यान झील और उसके आसपास के क्षेत्र को बदलने और पुनर्जीवित करने का प्रयास करती है, जो लगभग 49,244 वर्ग मीटर के व्यापक क्षेत्र को कवर करती है। भोपाल में चार इमली के पास स्थित इस झील का पारिस्थितिक रूप से स्थाई तरीके से कायाकल्प किया जा रहा है। एक प्रतिष्ठित उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ईशना अग्रवाल की इस अभूतपूर्व पहल और अटूट समर्पण की सराहना की। समारोह में महापौर, पूर्व सांसद, विधान सभा सदस्य और अन्य प्रमुख हस्तियों सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई। उनकी सामूहिक मान्यता और प्रशंसा परियोजना नीर नवजीवन के गहन प्रभाव और दूरगामी महत्व को रेखांकित करती है।

### परियोजना नीर नवजीवन की पृष्ठभूमि और मान्यता

*इस वर्ष की शुरुआत से ईशना अग्रवाल ने झील का व्यापक अध्ययन किया है, जिसमें मूल्यांकन और योजना, अनुसंधान और डेटा संग्रह और उपलब्ध तकनीकों का मूल्यांकन शामिल है। उनके अभिनव दृष्टिकोण ने महापौर को प्रभावित किया है, जिन्होंने उनकी पहल की सराहना की।*




### परियोजना नीर नवजीवन की चुनौतियां

झील में अनौपचारिक अपशिष्ट जल के प्रवाह के कारण महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं, जिससे जल प्रदूषण होता है। इसके परिणामस्वरूप जलीय जीवन की मृत्यु, जैव विविधता की हानि, मच्छरों का प्रजनन, जलजनित बीमारियां और भूजल संदूषण हुआ है।

# विवाह भारतीय संस्कृति में एक संस्कार, यह जन्म-जन्मांतर तक चलने वाला पवित्र बंधन

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने दमोह के सामूहिक विवाह समारोह को किया संबोधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विवाह भारतीय संस्कृति में एक संस्कार है। यह जन्म-जन्मांतर तक चलने वाला पवित्र बंधन है। यह केवल वर-वधु को एक कर देने वाला संस्कार भर ही नहीं, बल्कि दो परिवारों अलग-अलग संस्कृति, संस्कारों तथा परम्पराओं को एकाकार कर देने वाला महत्वपूर्ण संस्कार है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर एयरपोर्ट के ओल्ड टर्मिनल में बने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग कक्ष से दमोह जिले के तेदुंखेड़ा में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर तथा उत्तरप्रदेश के विधान परिषद के सदस्य डॉ. महेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।

उन्होंने सामूहिक विवाह समारोह के नवदंपतियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने नवदंपतियों के सुखमय तथा खुशहाल जीवन की कामनाएं की।

### हर माता-पिता को अपनी बिटिया के विवाह की चिंता से मुक्त करना लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के हर एक माता-पिता को अपनी बिटिया के विवाह की चिंता से मुक्त करना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत विवाह करने वाली बिटिया को 55 हजार रुपए की मदद दी जा रही है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि वे विवाह के दौरान होने वाली कुरीतियों को दूर करें और समाज को आडम्बरों से मुक्त रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत होने वाले विवाह समारोह सामाजिक सद्भाव के अनुपम अनुष्ठान भी बन रहे हैं, यहां जहां एक ओर विवाह हो रहें हैं, वहीं निकाह भी कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को पराया नहीं, बल्कि अपना समझा जाए।

# मुख्यमंत्री ने इंदौर संभाग में हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की सराहना की

## जल गंगा संवर्धन अभियान पर केंद्रित इंदौर संभाग की पुस्तिका का विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य शासन के महत्वाकांक्षी अभियान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इंदौर संभाग में हुए कार्यों और उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस अभियान में इंदौर संभाग में हुए नवाचार अदभुत है। इन कार्यों से पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन में मदद मिलेगी।

डॉ. यादव ने रविवार को यहां इंदौर एयरपोर्ट के ओल्ड टर्मिनल में आयोजित कार्यक्रम में इंदौर संभाग में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुए कार्यों और उपलब्धियों पर केंद्रित पुस्तिका का विमोचन किया। यह पुस्तिका संभागायुक्त दीपक सिंह की पहल पर तैयार की गई। इस मौके पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर, सांसद शंकर लालवानी, संभागायुक्त दीपक



सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा तथा गोलू शुक्ला, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, उत्तरप्रदेश विधान परिषद के सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, गौरव रणदीवे सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा की बैठक 21 को

**भोपाल।** अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा अपना 89वें स्थापना दिवस एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन 3 और 4 अगस्त को कोलार रोड स्थित जेके अस्पताल परिसर में करेगा। आयोजन को सफल बनाने सामाजिक बंधुओं से सुझाव लिए जा रहे हैं। इसके तहत 21 जुलाई को दोपहर 2 बजे से जेके हास्पिटल सभागार में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में स्थापना दिवस समारोह, विचार गोष्ठी एवं परिचय सम्मेलन के व्यापक प्रचार-प्रसार, आगंतुक अतिथियों के स्वागत-सत्कार, स्मारिका प्रकाशन, मंच संचालन सहित अन्य व्यवस्थाओं पर समिति प्रभारियों, सहप्रभारी एवं सदस्यों से चर्चा होगी। कार्यक्रम के पहले दिन 3 अगस्त को अतिथि परिचय एवं दूसरे सत्र में खुला मंच और विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। व 4 अगस्त को दूसरे दिन महासभा की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह और विवाह योग्य युवक-युवतियों का निःशुल्क परिचय सम्मेलन होगा। युवक-युवती अपना विवरण 15 जुलाई तक दें। प्रचार प्रसारक सुधाकर राऊत ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जयनारायण चौकसे, कार्यक्रम संयोजक एड. एमएल राय सहित आयोजन समिति के प्रभारी, सह प्रभारी एवं समाज के लोग उपस्थित रहेंगे।





### विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की मासिक बैठक आयोजित

**भोपाल।** विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की मासिक बैठक एवं जुलाई के जन्मदिन धारकों का सम्मान समारोह होटल पुखराज में हुआ। संस्था की वित्तीय स्थिति का विवरण देते हुए संघ द्वारा किए गए कार्य, संगठन का विस्तार एवं संगठन की आगामी योजनाओं का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में नुभवी सदस्यों ने बैठक में अनेक सुझाव दिए। सदस्यों का परिचय व अन्य कार्रवाई भी हुई।

### छात्र संघ चुनाव कराए जाने को लेकर आज एनएसयुआई का प्रदर्शन

**भोपाल।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र एनएसयूआई) केंद्र की अग्निवीर योजना, नर्सिंग एवं नीट घोटाला सहित छात्र संघ के चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर सोमवार को पीसीसी के सामने मप्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने बताया कि अग्निवीर योजना लाने वाली केंद्र सरकार विरोध प्रदर्शन होगा।

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा- इंदौर ने पेश की समन्वित प्रयासों की अनूठी मिसाल

# स्मार्ट सिटी, मेट्रो सिटी, क्लीन सिटी, मॉडर्न एजुकेशन का हब बनने के बाद अब ग्रीन सिटी के नाम से भी जाना जाएगा इंदौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इंदौर स्मार्ट सिटी, मेट्रो सिटी, क्लीन सिटी, मॉडर्न एजुकेशन का हब बनने के बाद अब ग्रीन सिटी के नाम से भी जाना जाएगा। जन सहभागिता से ही किसी भी अभियान को सफल बनाया जा सकता है, जो इंदौर ने पुनः कर दिखाया है। पौधरोपण के इस पुनित अभियान में इंदौर के युवा महापौर ने समाज के हर जाति, वर्ग को जोड़ने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री शाह रविवार को इंदौर में पौधरोपण के महाअभियान का शुभारंभ कर रहे थे। पौधों को पानी देने के लिए रेवती रेंज परिसर में तीन तालाब बनाकर उनकी सिंचाई की व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया गया है। शाह ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी की ओर से अनेक इनीशिएटिव लिए गए हैं। मोदी ने गुजरात में सर्वप्रथम पर्यावरण विभाग बनाया गया था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश, सुरक्षित, समृद्ध आधुनिक और पूरी दुनिया में नंबर वन बनेगा।



### सीएपीएफ के जवानों ने किया 5 करोड़ 21 लाख पौधे लगाने का उल्लेखनीय काम

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने सीएपीएफ के जवानों को सैल्यूट करते हुए कहा कि सीएपीएफ के जवानों ने कन्याकुमारी से लेकर नॉर्थ ईस्ट और बंगाल से लेकर गुजरात तक पिछले वर्ष 5 करोड़ 21 लाख पौधे लगाने का सराहनीय काम किया है। 2024 तक एक करोड़ पौधे और लगाकर 6 करोड़ पौधे लगाने का काम पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मत्स्यपुराण में कहा गया है कि 10 तालाब के बराबर एक पुत्र और 10 पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता हैं।

### ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत 20 हजार करोड़ का प्रोग्रामः शाह

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 में वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर के साथ ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस जैसे कई इनिशिएटिव लिए गए हैं। जिससे यूएन ने प्रधानमंत्री मोदी को चैंपियन ऑफ अर्थ का पुरस्कार दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कॉप 28 में ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम को प्रस्तावित किया हैं। पेट्रोल और डीजल में 20% एथेनॉल की ब्लेंडिंग को परमिशन दी गई। पूरे देश में 2025 तक पेट्रोल और डीजल में 20 प्रतिशत इथेनॉल की ब्लेंडिंग हो जाएगी। बायोमास को बायोफ्यूल बनाए जाने के लिए 12 से ज्यादा रिफाइनरी डाली गई हैं। ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत 20 हजार करोड़ का प्रोग्राम बनाया गया है।

### एक पेड़ 10 पुत्रों के समानः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मालवा में डग-डग रोटी पग-पग नीर की कहावत है। यहां अनगिनत वृक्ष हुआ करते थे, जो काल के प्रवाह में खत्म होते चले गए। मालवा में कई सारी नदियां जैसे चंबल, शिप्रा, गंभीर और अन्य सात नदियां इंदौर से निकलती हैं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ 10 पुत्रों के समान होता है। इस प्रकार से इंदौर में आज 51 लाख पौधे लगाए जाने का जो रिकॉर्ड बनाया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। मालवा की संस्कृति में प्रकृति के साथ मेलजोल बनाकर रखने का रिवाज है। एक पेड़ मां के नाम अभियान ने बहुत व्यापक रूप ले लिया है। अभियान अंतर्गत इंदौर में 51 लाख, भोपाल में 40 लाख और उज्जैन में 10 लाख पौधे लगाए जा रहें हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से सभी को शुभकामनाएं दी।

### इंदौर में 51 लाख पौधे हर वर्ष लगाए जाएंगेः कैलाश

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर शहर प्रधानमंत्री मोदी का दीवाना है। प्रधानमंत्री के हर संकल्प में इंदौर की भागीदारी रहती है। पीएम मोदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाना है। इंदौर की जनता ने फैसला किया है कि इस संकल्प को पूरा करेंगे। इंदौर की जनसंख्या 30 लाख है, लेकिन हम 51 लाख पौधे लगाएंगे। इतना ही नहीं, हमारा अनुमान है कि 60 लाख पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इंदौर क्लीन सिटी के नाम से जाना जाता है।

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के पितरेश्वर हनुमान मंदिर में किया दर्शन-पूजन

### पितृ-पर्वत पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के पितरेश्वर हनुमान धाम में पौध-रोपण किया। इसके पहले उन्होंने हनुमान धाम मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं उप्र के विधान परिषद सदस्य डॉ. महेन्द्र सिंह ने भी पौधरोपण किया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने अपनी माताजी स्व. श्रीमती कुसुमबेन शाह की स्मृति में पीपल का पेड़ लगाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी माताजी स्व. श्रीमती लीला पूनमचंद यादव की स्मृति में एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपनी माताजी स्व. श्रीमती अयोध्यादेवी विजयवर्गीय की स्मृति में बरगद का पौधा लगाया। पौधरोपण के साथ ही उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए एवं अपनी धरती माता को हरा-भरा रखने के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं और इनकी रक्षा का संकल्प भी लें।



# अधिकारी प्रतिदिन 5-5 बिजली उपभोक्ताओं से करें जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत वितरण कंपनियों के अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिन 5-5 बिजली उपभोक्ताओं से जनसंवाद कर विद्युत व्यवस्था एवं उपभोक्ता संतुष्टि से संबंधित फीडबैक लें। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा है कि अधिकारी बिजली उपभोक्ताओं के साथ लगातार जनसंवाद करें। किसी भी हालत में संवादहीनता नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा है कि विद्युत वितरण केंद्र, जोन, संभाग स्तर पर प्रतिदिन बिजली उपभोक्ताओं से जनसंवाद किया जाए। वह स्वयं भी बिजली उपभोक्ताओं से संवाद करेंगे। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा, प्रबंध संचालक और मुख्य अभियंता भी प्रतिदिन कुछ उपभोक्ताओं से चर्चा कर उपभोक्ता संतुष्टि पर फीडबैक लेंगे।



प्रदेश के समस्त निकायों में आयोजन

# विशेष छूट शिविर में 60 करोड़ से अधिक की हुई कर वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में विशेष छूट शिविर का आयोजन किया। इसमें विशेष छूट के तहत प्रॉपर्टी टैक्स, जलकर और स्वच्छ भारत कर से संबंधित मामले निपटाए गए और आपसी सहमति से कर वसूली की गई। प्रदेश स्तर पर आयोजित शिविर में समस्त नगर निगमों ने कुल लगभग 56 करोड़ की राशि एकत्र की, वहीं नगर पालिकाओं ने कुल 2.5 करोड़ से अधिक की राशि अर्जित की और समस्त नगर परिषदों में कुल 2 करोड़ रुपए की राशि एकत्र की गई।



### भोपाल में 11.50 करोड़ की वसूली

शिविर में लगभग 60 करोड़ रुपए से अधिक की राशि एकत्र की गई। जिसमें सबसे अधिक इंदौर नगर निगम ने 31 करोड़ रुपए, नगर निगम भोपाल ने 11.50 करोड़ रुपए, जबलपुर नगर निगम ने 4 करोड़ रुपए और ग्वालियर नगर निगम ने 3.20 करोड़ रुपए कर वसूली की। आम नागरिकों ने उत्साह के साथ सहभागिता की और आयोजित शिविर को सफल बनाया।

# मजबूत होकर, कमर कस कर लड़ना है चुनावः जीतू

- *विजयपुर उपचुनाव की रणनीति पर हुई चर्चा*
- *स्थानीय वरिष्ठ नेताओं से पीसीसी चीफ ने की चर्चा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विजयपुर विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं, ब्लॉक अध्यक्षों, मंडलम सेक्टर के अध्यक्ष जिला प्रभारी और कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर विजयपुर विधानसभा उपचुनाव की रणनीति पर चर्चा की। स्थानीय नेताओं से चर्चा करते हुए पटवारी ने कहा कि कांग्रेस से विधायक रहे रामनिवास रावत के भाजपा में जाने से विजयपुर में उपचुनाव की स्थिति निर्मित हुई है, इससे कांग्रेस ही नहीं, वहां की जनता के साथ विश्वासघात किया गया है।



### अमरवाड़ा में कांग्रेस की जीत को हार में बदला गया

पटवारी ने कहा कि जिस तरह से अमरवाड़ा में सत्ता, प्रशासन और पैसे का दुरूपयोग किया है, वैसा ही इन उपचुनावों में भाजपा सरकार द्वारा किया जाएगा, इसलिए हमें सतर्क और चौकन्ना रहना है।

## एमपी टूरिज्म बोर्ड का सिनेमा हॉल निर्माण को बढ़ावा देने का अप्रतिम प्रयास

# मप्र में सिनेमा हॉल में निवेशकों को मिलेगा 75 लाख रुपए तक का अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में सिनेमा के उन्नयन और फिल्म देखने के अनुभव को बेहतर बनाने एमपी टूरिज्म बोर्ड फिल्म पर्यटन नीति, निवेशकों को सिनेमा में निवेश के लिए प्रोत्साहित कर रही है। मल्टीप्लेक्स और सिनेमा हॉल निर्माण, नवीनीकरण और उन्नयन के लिए फिल्म पर्यटन फिल्म नीति 2020 के तहत निवेशकों को 75 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जा रहा है।

सिंगल स्क्रीन सिनेमा हॉल की स्थापना के लिए 50 लाख रुपए, सिनेमाघर के उन्नयन के लिए 75 लाख रुपए और मल्टीप्लेक्स की स्थापना के लिए 75 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जा रहा है।

### खास बातें

- मप्र फिल्म नीति अंतर्गत आकर्षक सब्सिडी योजना
- रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे

### मप्र को फिल्म शूटिंग हब बना रहेः शुक्ला



प्रमुख सचिव (पर्यटन एवं संस्कृति विभाग) और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि प्रदेश को फिल्म शूटिंग हब के रूप में स्थापित किया जा रहा है। साथ ही फिल्म से जुड़ी आधारभूत संचरनाएं विकसित किए जाने के प्रयास किए जा रहे है। मप्र फिल्म पर्यटन नीति प्रदेश में सिनेमा से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। स्थानीय फिल्म उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### सिंगल स्क्रीन सिनेमा को मिलेगा प्रोत्साहन

सिंगल स्क्रीन सिनेमा हॉल की स्थापना के लिए न्यूनतम पूंजीगत व्यय 50 लाख पर 15% अनुदान दिया जाएगा। प्रति सिनेमा हॉल अनुदान की अधिकतम सीमा 50 लाख रुपए है। दो वर्षों में बंद हो चुके सिनेमा हॉल को फिर से क्रियाशील या उन्नयन के लिए न्यूनतम पूंजीगत व्यय 25 लाख पर 15% राशि का अनुदान दिया जाएगा। इस अनुदान की अधिकतम सीमा प्रति सिनेमा हॉल 75 लाख रुपए है। इसके साथ ही मल्टीप्लेक्स की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिये न्यूनतम पूंजीगत व्यय 1 करोड़ रुपए पर 15% अनुदान दिया जा रहा है। इस अनुदान की अधिकतम सीमा प्रति सिनेमा हॉल 75 लाख रुपए है।

### पारदर्शी एवं आसान प्रक्रिया

इच्छुक निवेशक और सिनेमा हॉल ओनर सरल और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आधिकारिक पोर्टल से आवेदन पत्र डाउनलोड करें। आवेदन-पत्र में आवश्यक जानकारी और दस्तावेजों की सूची उल्लेखित है। आवेदन-पत्र के साथ व्यापारिक योजना, वित्तीय विवरण, और सम्पत्ति के स्वामित्व का प्रमाण के साथ आवश्यक दस्तावेज एमपी टूरिज्म बोर्ड के कार्यालय में जमा करना होगा। आवेदन-पत्र के आवश्यक मूल्यांकन उपरांत उचित अनुदान प्रदान किया जाएगा।

## पेज एक का शेष...

### एक्स पर पार किया...

27.5 मिलियन, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव के 19.9 मिलियन और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 7.4 मिलियन फॉलोअर हैं। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के 6.3 मिलियन, तेजस्वी यादव के 5.2 और शरद पवार के 2.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। पीएम नरेंद्र मोदी,अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 38.1 मिलियन, दुबई के शासक शेख मोहम्मद 11.2 मिलियन और पोप फ्रांसिस 18.5 मिलियन फॉलोअर्स सहित वर्ल्ड के लीडर्स से बहुत आगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या कुछ एथलीटों जैसे विराट कोहली 64.1 मिलियन, ब्राजील के फुटबॉलर नेमार जूनियर 63.6 मिलियन और यूएस बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स 52.9 मिलियन से अधिक है।

### 46 साल बाद खोला...

मुताबिक पुरी के एसपी पिनाक मिश्रा रत्नभंडार के पास बेहोश हो गए। डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं। हालांकि उनके बेहोश होने का कारण पता नहीं चला है। ओडिशा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में रत्न भंडार को पुनः खोलना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा था।

**कब-कब खुल चुका हैं:** मंदिर प्रबंधन समिति के प्रमुख अरविंद पाढी ने बताया कि इससे पहले रत्न भंडार 1905, 1926 और 1978 में खोला गया था और बेशकीमती चीजों की लिस्ट बनाई गई थी। रत्न भंडार को अंतिम बार 14 जुलाई 1985 में खोला गया था। उस समय इसकी मरम्मत करके इसे बंद कर दिया गया था। इसके बाद रत्न भंडार कभी नहीं खुला और उसकी चाबी भी गायब है।

**खजाने की चाबी गायब:** भंडार की चाबी खोने की बात तब पता चली, जब सरकार ने मंदिर की संरचना की भौतिक जांच की कोशिश की। चार अप्रैल 2018 को बताया गया कि रत्न भंडार की चाबियां खो गईं हैं। हो-हल्ला होने के बाद, नवीन पटनायक ने मामले की न्यायिक जांच का आदेश दिया और नवंबर 2018 में आयोग ने 324 पेज की रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट के कुछ दिनों बाद, पुरी के तत्कालीन जिला कलेक्टर को रहस्यमय तरीके से एक लिफाफा मिला, जिसमें लिखा था कि आंतरिक रत्न भंडार की नकली चाबियां, जिसने लंबे समय से चल रहे विवाद को और हवा दे दी थी। इस मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मामले को उठाया था। 20 मई 2024 को पीएम मोदी ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का प्रचार करने गए थे। पुरी में जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने रत्न भंडार का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि जगन्नाथ मंदिर सुरक्षित नहीं है। मंदिर के रत्न भंडार की चाबी पिछले छह साल से गायब है।

### अभी नहीं बनेगी...

के संदूकों में बंद कर अस्थायी सुरक्षित कमरे में रखा जाएगा। पाधी ने बताया कि अस्थायी सुरक्षित कमरे की पहचान कर ली गई है और वहां सीसीटीवी कैमरे लगाने सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं। उन्होंने कहा कि वस्तुओं की सूची तैयार करने का काम आज शुरू नहीं होगा। यह कार्य मूल्यांकनकर्ताओं, सुनारों और अन्य विशेषज्ञों को नियुक्त किए जाने पर सरकार की मंजूरी मिलने के बाद किया जाएगा।

### भंडार में कितना ...

वर्तमान कक्ष में तीन किलो 480 ग्राम सोना और 30 किलो 350 ग्राम चांदी है। दैनिक अनुष्ठान के लिए इन्हीं का उपयोग होता है।

### 11 लाख पौध-रोपण ...

अपने आप में अभूतपूर्व हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठे आयोजन के लिए इंदौरवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी। शाह रविवार को इंदौर के रेवती रेंज परिसर में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 11 लाख वृक्षारोपण के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, सांसद शंकर लालवानी, कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव समेत कई विधायक, सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा, फिल्म निर्देशक, निर्माता और लेखक नीरज पाठक और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**मप्र भारत का लंग्स है:** केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि मैं मप्र को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। मप्र भारत का लंग्स है, जो पूरे देश को आक्सीजन देने का काम करता है। प्रदेश का 31 % क्षेत्र फॉरेस्ट कवर में आता है और पूरे देश का कुल 12% फॉरेस्ट कवर मप्र में हैं, जिससे मप्र में पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। प्रदेश में 6 टाइगर रिजर्व, 11 नेशनल पार्क और 24 अभ्यारण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कूनो अभ्यारण्य में चीते भी लाए हैं।

**इंदौर के नाम बड़ा रिकॉर्ड:** सफाई के मामले में लगातार सात बार से अव्वल इंदौर ने एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। इंदौर वासियों ने एक ही दिन में 11 लाख से ज्यादा पौधे लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। 24 घंटे की अवधि में सर्वाधिक वृक्ष लगाने का रिकॉर्ड मध्य प्रदेश शासन के नाम बना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

### 55 कॉलेजों...

*अवसर मुहैया कराया है। इसका उद्देश्य सभी वर्ग के लोगों को प्लेटफार्म देखकर समान अवसर उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम में आने से पूर्व मैंने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस ले सभी तयशुदा तयशुदा मानदंडों की पूर्ति संबंधी कैफ़ियत ली थी। मुझे सकारात्मक जवाब सुनकर प्रसन्नता का अनुभव हुआ। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के सुप्रतिष्ठित संस्थानों के रूप में सारे देश में मप्र का नाम रोशन करने में समर्थ होंगे।*

### अब संघ ने कहा...

जनता सबसे ऊपर होती है। सभी राजनीतिक दल चुनाव में अपनी बात लोगों के पास ले जाते हैं और लोग उन बातों के आधार पर अपने निर्णय देते हैं। उन्होंने कहा समाज में कुछ लोग मतांतरण का प्रयास करते रहते हैं और समय-समय पर गलत पद्धतियों का भी उपयोग करते हैं। मुझे लगता है कानून में ऐसी बातों पर पाबंदी भी है, सभी को उसका पालन करना चाहिए। संघ तो इस बारे में बिल्कुल यह ध्यान में रखता है कि ऐसा कोई भी जबरदस्ती का या लालच देकर या किसी गलत तरीके से कोई मतांतरण नहीं होना चाहिए। इस पर संघ का हमेशा आग्रिणी रहता है और आगे भी रहेगा।

### स्वयंसेवक भी ...

*रहा है और संघ का विचार है कि इस देश में सभी के पूर्वज हैं, वह इसी देश के हैं और व्यापक रूप से सभी का इतिहास भी मिला-जुला है।*

### ट्रंप के दाहिने कान...

हमलावर को मौके पर मार गिराया। बताया गया है कि टेलीप्रॉम्पटर का इस्तेमाल न करने का फैसला उनके लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ। दरअसल, ट्रंप अपनी रैली के दौरान टेलीप्रॉम्पटर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि मैं आज टेलीप्रॉम्पटर का इस्तेमाल नहीं करूंगा और आपसे सीधा संवाद करूंगा तभी फायरिंग हुई और गोली उनके कान को छूकर निकल गई। भाषण के दौरान उनका सिर भी लगातार मूव हो रहा था। शायद इसी वजह से हमलावर का निशाना चूका और ट्रंप बच गए। हमलावर ने करीब 200 मीटर की दूरी पर छत से ट्रंप पर हमला किया था। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले की निंदा की है। अमेरिका में नंवबर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। ट्रंप और बाइडेन इन दिनों चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं और इसी दौरान ये हमला हुआ है। हमलावर की पहचान स्थानी बटलर काउंटी एरिया के एक 20 साल के लड़के के रूप में हुई। ट्रंप पर हुए हमले को लेकर पीएम मोदी ने भी चिंता जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं मेरे मित्र, पूर्व ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं, मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

### प्रीतम लोधी के ...

गया है। इस मामले में भाजपा विधायक प्रीतम लोधी का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। जिसमें वह ऐतराज जताते हुए अपनी विधायकी छोड़ने की बात कह रहे हैं। वीडियो में उन्होंने कुछ लोगों पर उन्हें व उनके कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि वह लोग मुझे टारगेट कर रहे हैं, मेरे खिलाफ अनाप-शनाप बातें फैला रहे हैं। जानकारी के अनुसार, युवक अमित अपने गांव सालौरा से घाटी की तरफ जा रहा था। इसी दौरान उसे रास्ते में रिछोरा निवासी एक युवक रविंद्र लोधी मिला। रविंद्र और उसके दो साथियों ने युवक को रोका तथा पेट्रोल मांगने के बहाने उसके साथ लूटपाट करने का प्रयास किया। इसी दौरान पीछे से युवक के रिश्तेदार आ गए और उन्होंने रविंद्र लोधी को पकड़ लिया, जबकि दो भाग निकले। ग्रामीणों ने रविंद्र को गांव लाकर रस्सी से एक बिजली के खंबे से बांधकर डायल 100 को फोन कर दिया। डायल-100 का चालक और एक होमगार्ड जवान सुरेंद्र चौहान गांव पहुंचे। वहां सुरेंद्र चौहान ने रविंद्र की लात-घूसों से पिटाई करते हुए विधायक प्रीतम लोधी का नाम लेकर कथित तौर पर गाली-गलौज कर जातिगत तंज कसा। गांव वालों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। विधायक ने किसी भी कांग्रेस नेता का नाम लिए बिना पूर्व विधायक पर तंज कसा कि उनसे एक बार की हार बर्दाश्त नहीं हो पा रही है।

### पुरानी पेंशन पर...

बैठक में पुरानी पेंशन को लेकर कोई बड़ा फैसला हो सकता है। दरअसल, 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार का बजट 2024-25 करने वाली है, इसके पहले कर्मचारी और पेंशनर्स संघ ने अपनी मांगे सरकार को भेजना शुरू कर दिया है। नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन के संयोजक और एआईआरएफ के महासचिव शिवगोपाल मिश्रा ने 11 जून को पीएम मोदी को लिखे पत्र में 1 जनवरी 2004 के बाद सरकारी सेवा में आए कर्मियों की 'पुरानी पेंशन बहाली' पर गंभीरता से विचार करने और 8वें वेतन आयोग' के गठन की घोषणा करने का आग्रह किया है। दूसरी तरफ ओपीएस, 18 माह के डीए एरियर, सीजीएचएस और एलटीसी सहित 21 मांगों वाला भी एक पत्र मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को भेजा गया है।

**प्रदर्शन की तैयारी में कर्मचारी संगठन:** 'पुरानी पेंशन' बहाली सहित दूसरी मांगों को कंफेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स ने केंद्रीय बजट पेश होने से पहले विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

**सहमति बनने के आसार:** 15 जुलाई को सरकार द्वारा एक बैठक बुलाई गई है। ऐसा में माना जा रहा है कि इस बैठक में ओपीएस को लेकर कोई सहमति बन सकती है। वहीं ओपीएस को लेकर वित्त मंत्रालय द्वारा गठित की गई कमेटी की रिपोर्ट बजट सत्र के दौरान आ सकती है, इसमें ओपीएस जैसी कई बातें शामिल हो सकती हैं।

### महिला बच्चों के साथ...

वो नहीं माना इसके बाद मैंने मरने की ठान ली। गरोठ एएसपी हेमलता कुरील ने बताया कि महिला सुगना बाई का पति रोडू सिंग बंजारा फेरी लगाकर कंबल बेचने का काम करता है। शनिवार रात भी महिला का पति शराब पीकर घर पहुंचा और सुगनाबाई के साथ मारपीट कर बच्चों सहित घर से बाहर निकाल दिया। सुगनाबाई रात में चारों बच्चों को लेकर आंगनवाड़ी केंद्र चली गई। जहां रात गुजारने के बाद सुबह बच्चों के साथ खेत पर पहुंची और बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी।

### पहले दिन ही एक लाख...

जीवन को भक्तिपूर्ण बना सकते हैं ये शिवपुराण कथा बताती है। जैसे जैसे ईश्वर की भक्ति में डूबते जाओगे तब जीवन के आनंद की अनुभूति होगी। आपने शिव जी को एक लोटा जल चढ़ाया है तो वह आपका साथ कभी नही छोड़ते। क्योंकि यह शिव ही है, जो आपके साथ जीवित अवस्था में भी रहते हैं और मरने के बाद श्मशान में भी। इसलिए कहता हूं एक लोटा जल सब समस्या का हल। शिव महापुराण के पहले दिन भागवत भूषण पंडित मिश्रा ने कहा कि हम ईश्वर से संबंध बनाने की जगह इंसान से संबंध बनाने की कोशिश करते हैं, इसलिए इधर-उधर भटकते रहते है। इसलिए कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। कुबेरेश्वर धाम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में सात दिवसीय शिवमहापुराण का आयोजन किया जा रहा है। गुरु पूर्णिमा महोत्सव पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में 21 जुलाई तक चलेगा। अंतिम दिवस 21 जुलाई को गुरु दीक्षा होगी।

### संतान सुख के लिए ...

अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। बच्ची के लापता होने के स्थान से लेकर सभी संभावित जगह, उसकी तलाश की। जिसमें सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा, स्वयं इसे मामले को देख रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि अपहृत बालिका एक स्थान पर है। जहां पहुंचकर पुलिस ने उसे दस्तयाब किया।

## पूजाः पूरी की फिल्म 'देवा' की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई



'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी। बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और ज़ी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं। शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म 'सूर्या 44' के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं। 'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।


रिद्धि इंक्लेव
950/- Sq.Feet
आज ही अपना प्लॉट बुक करें
बुकिंग राशि 21000/-
बुकिंग ओपन
A Project Sales By: Sonwariya Property
9425418713,82694 30053

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय (अल्पसंख्यक संस्थान)
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
DIRECT ADMISSION
ऑन लाईन प्रक्रिया से मुक्त सीधे प्रवेश
U.G. COURSE: B.A. I B.C.A. I B.B.A. B.P.E.S. I B.Sc. B.Lib. I B.Com (Plain / Computer/Hon's)
P.G. COURSE: M.A. I M.Sc. I M.Com. I P.G.D.Y.S. P.G.D.C.A. I B.Ed.
पता : डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल
Mob.: 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288, 7828186626
E-mail : principal@gandhiprcollege.com; Visit us at : gandhiprcollege.com

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता
आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667.
R- 08,To,25/07/24 Not 11,12/07/24

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के-लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544
R- 28,to23/07/24 not 30/06/24

घर बैठे मंगवायें। लाभ नहीं तो पैसे वापिस। 08116592844
R-15/05 to 30/06/24 not on 04/06

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल

बढ़ी हुई फास्टिंग, पोस्ट मील शुगर और HbA1c को ना समझें डायबिटीज
Appropri-ate DIET THERAPY CENTRE The Diet Solution
सही जानकारी के लिए सम्पर्क करें 8359000058


## राशिफल

**मेष:** कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। संयत रहें। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**वृष:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मिथुन:** संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मन परेशान हो सकता है।

**कर्क:** आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला या संगीत में रुचि हो सकती है। व्यर्थ के विवादों से दूर रहने का प्रयास करें।

**सिंह:** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**तुला:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं।

**वृश्चिक:** भागदौड़ अधिक रहेगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**धनु:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता का साथ मिलेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। सुस्वादु खानपान के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। आशा-निराशा के मिश्रित भाव रहेंगे।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5572



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5571 का हल



## सूडोकू नवचाल - 5583



सूडोकू नवचाल - 5582 का हल



## खबर संक्षेप

### तरुण बने केप्री लोंस के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी

**मुंबई।** केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (केप्री लोंस), एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, ने अपने डिजिटल परिवर्तन यात्रा के महत्वपूर्ण कदम के रूप में तरुण अग्रवाल को समूह का नया मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी नियुक्त किया है। तकनीकी नेतृत्व में विशेषज्ञता के साथ, अग्रवाल केप्री लोन्स में नवाचार और संचालन प्रदाक्षिता को बढ़ावा देंगे। उनका ध्यान ग्राहक-केंद्रित समाधानों को बेहतर बनाने और कंपनी के डिजिटल बुनियादी संरचना को आगे बढ़ाने पर होगा।



### गारमेंट मंत्रा बोर्ड ने बोनस शेयर को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** गारमेंट मंत्रा लाइफ स्टाइल लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने मौजूदा इक्विटी शेयरधारकों को 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय शेयरधारकों और नियामक प्राधिकरणों की मंजूरी के अधीन है। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि गारमेंट मंत्रा समूह देश के पश्चिमी, उत्तरी और मध्य क्षेत्र के बड़े ग्राहकों और कमीशन एजेंटों को कुशलतापूर्वक कवर करने के लिए सूरत में एक नया थोक हब स्थापित कर रहा है।

### नवीनतम अभियान 'यिप्पी टॉस' किया लांच

**नई दिल्ली।** ब्रांड सनफीस्ट यिप्पी! ने अपने नवीनतम अभियान 'यिप्पी टॉस' का भव्य अनावरण



किया। आईटीसी लिमिटेड का एक प्रमुख इंस्टेंट नूडल और पास्ता ब्रांड सनफीस्ट यिप्पी! एक नए अभियान के साथ वापस आ गया है जिसमें देश के सबसे पसंदीदा क्रिकेटरों - राहुल द्रविड़, जसप्रीत बुमराह और सूर्य कुमार यादव को दिखाया गया है। यह मजेदार अभियान शीर्ष क्रिकेटरों की लोकप्रियता को एक मजेदार अंदाज में उभारता है और यिप्पी! नूडल्स की अनूठी खूबियों को उजागर करता है जो हैं: लंबे और चिपचिपे नहीं।हाल ही में लांच किए गए टीवीसी में द्रविड़, बुमराह और 'स्काई' को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है।

## सारे कार्यक्रम भारत में ही रख दी अर्थव्यवस्था को मजबूती

# अनंत-राधिका की शादी से चमका ब्रांड रिलायंस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी लगभग छह महीने तक चली। शादी और शादी से पहले हुए कार्यक्रमों में बॉलीवुड सहित देश-दुनिया के उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं। राधिका मर्चेंट के साथ अनंत की शादी ने अंबानी परिवार और उनके ब्रांड रिलायंस की तरफ पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। यह दुनिया की सबसे महंगी शादियों में से एक है। बहुत से भारतीय करोड़पति और अरबपति विदेश में शादी करते हैं। लेकिन, अंबानी ने भारत में ही सारे कार्यक्रम रखकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दी। ऐसे में इस शादी ने भारत को कम से कम 75,000 करोड़ रुपए का चूना लगने से बचाया है जो किसी और देश में खर्च हो सकते थे।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि सितारों से सजे समारोहों ने परिवार के कॉर्पोरेट ब्रांड 'रिलायंस' को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग पहचान दी है। एक बिजनेस लीडर के अनुसार जस्टिन बीबर या रिहाना जैसी दुनिया की सबसे बड़ी हस्तियों की मौजूदगी, उनके परफॉर्मेंस और इस दौरान हुई मुलाकातें सोशल मीडिया पर छाई रहीं। लाखों लोगों ने इन्हें देखा। यह अपने आप में ब्रांड और परिवार के लिए बहुत अच्छा एक्सपोजर है।

### आम लोग भी हुए रिलायंस ब्रांड से रूबरू



ब्रांड रिलायंस या अंबानी परिवार से दुनिया का कारोबारी समुदाय पहले से वाकिफ था। लेकिन, इस बार आम लोगों को भी इस ब्रांड को जानने का मौका मिला। अंबानी दशकों से भारत का सबसे अमीर परिवार है। 12 जुलाई को हुई शादी से पहले के महीनों तक चले रीति-रिवाजों से स्थानीय कारीगरों और व्यवसायों को भी फायदा हुआ है। ब्रांड स्ट्रैटेजी एक्सपर्ट हरीश बिजूर ने कहा कि शादियों का देश की जीडीपी में काफी योगदान होता है। शादियों पर पैसा खर्च होने से अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। इस तरह के खर्च से एक सकारात्मक चक्र शुरू होता है जिससे अधिक नौकरियां, गतिविधियां, आय और इसके चलते लोगों के हाथों में अधिक पैसा आता है। महीनों तक चले रीति-रिवाजों वाली अंबानी की शादी निश्चित रूप से स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद रही।

### विदेश में शादी करके भारत को नुकसान पहुंचाते हैं लोग

व्यापारियों और खुदरा विक्रेताओं के शीर्ष उद्योग संगठन, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुमान के मुताबिक हर साल लगभग 5,000 अमीर जोड़े विदेश में शादी करते हैं। ऐसा करके वे स्थानीय व्यवसायों को हर साल 75,000 करोड़ रुपए से लेकर 1 लाख करोड़ रुपए तक की कमाई का नुकसान पहुंचाते हैं। इसके अलावा, चूंकि पैसा दूसरे देशों में खर्च किया जाता है, इसलिए सरकार को भी टैक्स और सेस से होने वाली आय का नुकसान होता है। आमतौर पर एक शादी में लगभग 80 फीसदी खर्च वस्तुओं और सेवाओं पर किया जाता है। यह पैसा स्थानीय बाजार में जाता है। इससे लोगों के हाथों में नकदी आती है। कई बार हाथ बदलने पर यह अर्थव्यवस्था को मदद करती है। 2024 में स्थानीय व्यवसायों को अगले कुछ महीनों में होने वाले 38 लाख विवाह समारोहों से 4.74 लाख करोड़ रुपए की आय होने की उम्मीद है। यह संख्या पिछले सीजन में कुल शादी सीजन के कारोबार 3.75 लाख करोड़ रुपये से लगभग 26 फीसदी अधिक है। पिछले साल इसी अवधि में लगभग 32 लाख शादियां हुई थीं।

## टैक्सपेयर्स ने की डेडलाइन को आगे बढ़ाने की मांग

# आयकर विभाग की फाइलिंग पोर्टल स्लो और गिलचेज होने की शिकायत

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

इनकम टैक्स रिटर्न भरने की अंतिम तारीख (31 जुलाई ) नजदीक आ रही है। अब टैक्सपेयर्स के पास इनकम टैक्स रिटर्न भरने के लिए सिर्फ 15 दिनों का ही समय बचा हुआ है। हालांकि जैसे-जैसे रिटर्न भरने की डेडलाइन नजदीक आ रही है, टैक्सपेयर्स को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के फाइलिंग पोर्टल पर परेशानियां होने लगी हैं। टैक्सपेयर सोशल मीडिया पर अपनी परेशानियों के बारे में बता रहे हैं और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से रिटर्न फाइल करने की डेडलाइन को आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

### धीरे खुल रहा है फाइलिंग पोर्टल

एक टैक्सपेयर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपडेट किया। आईटीआर फाइल करने में इनकम टैक्स पोर्टल काफी स्लो काम कर रहा है। ऐसे में तो आईटीआर फाइल करने में साल भर का समय लग जाएगा। पोर्टल बहुत स्लो है और बहुत दिक्कतें आ रही हैं।

### इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का रिप्लाई



इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने यूजर की परेशानी का संज्ञान लेते हुए रिप्लाई किया और ब्राउजर कैश को क्लियर करने की सलाह दी। डिपार्टमेंट ने रिप्लाइ किया। ब्राउजर कैश को क्लियर करने के बाद फिर से ट्राई करें। उसके बाद भी दिक्कतें आ रही हों तो कृपया अपने डिटेल शेयर करें।

### - सैंकड़ों यूजर कर रहे हैं शिकायत

दरअसल एक्स पर सैकड़ों यूजर पोर्टल के स्लो होने और उसमें ग्लिचेज की बात कर रहे हैं। कुछ यूजर लिख रहे हैं कि वे पिछले 3-4 दिनों से लगातार प्रयास कर रहे हैं और हर बार उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
कई बार ऐसा हो रहा है कि रिटर्न फाइल करते-करते सेशन एक्सपायर हो जा रहा है। एक ही रिटर्न फाइल करने में टैक्सपेयर्स को कई-कई बार लॉग इन करना पड़ जा रहा है।

### डेडलाइन बढ़ने की न पालें उम्मीद

पिछले कुछ सालों के रिकॉर्ड देखें तो इस बात की उम्मीद कम ही लगती है कि इनकम टैक्स रिटर्न भरने की डेडलाइन आगे बढ़ाई जाएगी। ऐसे में टैक्सपेयर्स को सलाह दी जाती है कि वे डेडलाइन के बढ़ने का इंतजार न करें। जैसे-जैसे डेडलाइन और करीब आएगी, पोर्टल पर परेशानियां बढ़ेंगी। टैक्सपेयर अपना रिटर्न फाइल करने की प्रक्रिया पूरी कर लें। 31 जुलाई की डेडलाइन पार होने के बाद अनावश्यक जुर्माना भरना पड़ सकता है।

## अब मसालों में लगा तेजी का तड़का

# चने की दाल के बाद जीरा और हल्दी के भी बढ़े भाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



बारिश का मौसम में हरी सब्जी जहां महंगी बिक रही है तो दालों में भाव ऊंचे हैं। लेकिन अब लोगों के किचन का बजट बिगडऩे लगा है। क्योंकि विक्रेताओं का मानना हैं आने वाले समय में मसाला आयटम हल्दी,जीरा, धनिया और लालमिर्ची के दाम में तेजी का तड़का लगेगा। स्थानीय मसाला कारोबारी अनिल कुकरेजा के अनुसार फिलहाल जीरा, धनिया, हल्दी और लालमिर्ची के दाम स्थिर है। स्थानीय थोक बाजार में जीरा 300 से 320 रुपए किलो, धनिया 90 से 100 रुपए, लालमिर्ची 150 से 200 रुपए और हल्दी के भाव 150 से 200 रुपए किलो है। जबकि फुटकर में भाव 15 से 20 फीसदी तक ऊंचे हैं।

कुकरेजा ने बताया कि कि इस बार हल्दी की पैदावार कम हुई है। इसकी वजह से हल्दी आने वाले दिनों में बढ़ेगी। पिछले साल थोक मार्केट में हल्दी की कीमत करीब 80 रुपए प्रति किलो थी, लेकिन इस समय इसकी कीमत थोक बाजार में 150 से 200 रुपए तक पहुंच गई है। इन दिनों जीरे का रेट भी बढ़ रहा है। पिछले कुछ दिनों में ही जीरा के रेट में 20 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई।

कारोबारियों का कहना है कि हर साल जुलाई और अगस्त में चने के रेट बढ़ते हैं। दरअसल चने की फसल हर साल मार्च और अप्रैल में कटती है। उस समय नई फसल आने से शुरुआत में इसका भाव कम होता है, लेकिन बाद में धीरे-धीरे यह चढऩे लगता है। स्थानीय थोक बाजार में चना दाल क्वालिटीनुसार 80 से 90 रुपए किलो है तो अरहर की दाल की कीमत क्वालिटीनुसार 180 से 200 रुपए प्रति किलो है। अच्छे किस्म की अरहर दाल सवा दो सौ रुपए किलो बिक रही है।

## बीएसएनएल के सीएमडी पुरवार का कार्यकाल बढ़ाने से इनकार

# दूरसंचार विभाग के अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बीएसएनएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पीके पुरवार का सेवा विस्तार देने से सरकार ने इनकार कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक दूरसंचार विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी रॉबर्ट जे रवि को कार्यभार सौंपा गया है।पुरवार ने जुलाई 2019 में पांच साल के लिए बीएसएनएल के सीएमडी के रूप में कार्यभार संभाला था और विस्तार के लिए आवेदन किया था, जिसे दूरसंचार विभाग ने खारिज कर दिया था।

### रवि ए रॉबर्ट जेरार्ड के पास 14 जनवरी तक रहेगा प्रभार

कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने आदेश में कहा कि बीएसएनएल के सीएमडी प्रवीण कुमार पुरवार के कार्यकाल को 14 जुलाई से विस्तार न करने के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। एसीसी ने 15 जुलाई से छह महीने की अवधि के लिए रवि ए रॉबर्ट जेरार्ड को सीएमडी एमटीएनएल और सीएमडी बीबीएनएल के साथ सीएमडी बीएसएनएल के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने के दूरसंचार विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब वह 14 जनवरी 2025 तकया अगले आदेश तक अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

# वाटर प्रूफ सॉल्यूशन सील होम सदी वर्ल्ड का टिकाऊ और किफायती

हरिभूमि न्यूजएजेंसी ▶▶ इंदौर

प्रत्येक मनुष्य अपनी जिंदगी भर की कमाई एकत्रित कर अपने घर को बनाता है और उसको सजाता है लेकिन बारिश का पानी जब घर में घुसता है तो घर की छत, दीवारें, बाथरुम, साइड वॉल, बालकनी, छज्जे आदि सभी जगह को डैमेज करता है। साथ ही फर्नीचर को भी खराब करता है। ऐसी स्थिति में बिजली के तारों में भी करंट फैलने की आशंका होती है जिससे गंभीर दुर्घटना भी हो सकती है। इसी आशंका को दूर करने के लिए देश में पहली बार सदी वर्ल्ड द्वारा वाटर प्रूफिंग के लिए ऐसा केमिकल सील होम लांच किया है जिससे तुरंत परिणाम हासिल होते हैं। इसे लगाने का तरीका भी अत्यंत ही आसान है एवं किसी बाहरी व्यक्ति यानी मिस्त्री, पेंटर पर भी निर्भर नहीं रहना पड़ता। सील होम एक हानि रहित कैमिकल है जो कांक्रीट, मोटर या प्लास्टर की दरारों में जाकर उन्हें पूर्णतया वाटर प्रूफ कर देता है।

### यह सर्वोत्तम और मितव्ययी समाधान है

कंपनी के डायरेक्टर दीपक भंडारी ने बताया कि किसी भी प्रकार का निर्माण चाहे वह नया हो या पुराना दोनों की वाटर प्रूफिंग के लिए यह सर्वोत्तम और मितव्ययी समाधान है। भारत में उपलब्ध अन्य कैमिकल्स की तुलना में यह बिल्कुल अलग है। यह पर्यावरण एवं मानव शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है। यह जल आधारित एवं पानी में घुलनशील है। यह इको फ्रेंडली और बायोडिग्रेडेबल भी है। इसका कवरेज एरिया भी 1 किलो में 80 से 100 वर्गफीट याने सर्वाधिक है और लागत सबसे कम है। यह ऐसा समाधान है जो नवीनतम तकनीक और इंजीनियरिंग आधारित है और किफायत के साथ सर्वोत्तम परिणाम देता है। कंपनी ने हीट प्रूफिंग के लिए एक केमिकल कूल होम भी लांच किया है जो घर, ऑफिस को सालों साल ठंडा रखता है।

## बिजनेस न्यूज

### रवींद्रनाथ टैगोर विवि के 300 से अधिक छात्र हुए सम्मानित



**भोपाल।** रबिंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करने लेसमेंट डे और अंतरराष्ट्रीय छात्रों की ग्रेजुएशन डे सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के 300 से अधिक ऐसे छात्रों को सम्मानित किया गया,जिनका देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्लेसमेंट हो चुका है। कार्यक्रम में इस अवसर पर रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, प्रो चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स और कुलसचिव डॉ. विजय सिंह, प्रतिकुलपति डॉ. संगीता जौहरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चयनित छात्रों को ऑफर लेटर एवं अचीवमेंट सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। इसके अलावा आरएनटीयू में अध्ययनरत अंतरराष्ट्रीय छात्रों को डिग्री भी प्रदान की गई। इसमें अफ्रीका के दस देशों के छात्र शामिल रहे। सेरेमनी में बड़ी संख्या में शिक्षाविद और छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथि उद्बोधन में संतोष चौबे ने अपने कॉलेज के दिनों को याद किया और कई अनुभव साझा किए। साथ ही उन्होंने छात्रों को बताया कि अफ्रीकी देशों में कार्य की बड़ी संभावनाएं मौजूद हैं, जिसके चलते आप अपने क्षेत्र में कार्य करने के साथ करियर को भी ऊंचाई प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आज तकनीक तेजी से बदल रही है ऐसे में स्किल अपग्रेडेशन किसी भी व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने छात्रों को आरएनटीयू का ब्रांड एंबेसडर बताया और कहा कि आप जहां भी रहेंगे, वहां आपकी वजह से आरएनटूयी पहचाना जाएगा। कुलसचिव डॉ. विजय सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह जीवन का एक पड़ाव है, लेकिन व्यक्ति की सीखने की प्रक्रिया जीवनपर्यंत चलती रहती है। इसलिए आप भी लगातार अपने कौशल को अपग्रेड करते रहें जिससे करियर को नई ऊंचाई पर ले जा सकें।

### दिल्ली पब्लिक किड्स स्कूल ने ग्रीन डे को हरियाली दिवस के रूप में मनाया



**भोपाल।** दिल्ली पब्लिक किड्स स्कूल आदर्श नगर होशंगाबाद रोड भोपाल में ग्रीन डे को हरियाली दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर सभी छात्र - छात्राएं हरे रंग की पोशाक पहनकर बहुत ही आकर्षक दिखे। स्कूल की प्राचार्य कुसुम माथुर ने सभी बच्चों को प्रकृति के विषय में विस्तार से बताया। पेड़ पौधों का हमारे जीवन में क्या महत्व है ये भी समझाया कि हमें पेड़ों को बचाना चाहिए, अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। कार्यक्रम के अंत में स्कूल द्वारा सभी बच्चों को पौधे वितरित किए तथा उन्हें लगाने के बाद सभी बच्चों को उनकी नियमित देखरेख करने के बारे में भी समझाया। बच्चों ने आनंद एवं उत्साह के साथ ग्रीन डे को मनाया।

### इनर व्हील भोपाल मिलेनियम की नई कार्यकारिणी समिति का गठन



**भोपाल।** इनर व्हील भोपाल मिलेनियम की नई कार्यकारिणी समिति का गठन होने के बाद शपथ ग्रहण हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंडल 304 की मंडल एडीटर तनु जैन रही। आगामी कार्यकाल के लिए अध्यक्ष निधि जैन, उपाध्यक्ष भावना, सेकेट्ररी प्रेरणा जैन, कोषाध्यक्ष रचना सिंघई ,सह सचिव -प्रीती जैन , आईएसओ सोनाली मित्तल एडिटर शिल्पी चौधरी चुनी गई। इस मौके पूर्व अध्यक्ष तृप्ति जैन सहित भोपाल मिलेनियम की पूरी टीम ने पूर्ण रूप से सेवा कार्यो का संकल्प व्यक्त किया।

### आईआईटी ने शुरू की टेक्नोलॉजी आधारित खेलों के 5 नए कोर्स

**नई दिल्ली।** आईआईटी मद्रास सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्पोर्ट्स साइंस एंड एनालिटिक्स के पास भारत को विश्व शतरंज महाशक्ति बनाने की योजनाएं हैं। संस्थान ने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी आधारित अपनी योजनाएं सामने रखी है। इन योजनाओं से कई लक्ष्य पूरे करने हैं, जैसे शतरंज में अधिक से अधिक लोगों की दिलचस्पी बढ़ाना, खेल महासंघों को खेल में बेइमानी रोकने का समाधान देना और शतरंज प्रशिक्षण प्रोग्राम के माध्यम से खेल को बुनियादी स्तर पर बढ़ावा देना। संस्थान ने 'स्पोर्ट्स टेक स्टार्ट अप कॉन्क्लेव' के दूसरे दिन ये घोषणाएं कीं।



कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए भारतीय खेल प्राधिकरणके महानिदेशक संदीप प्रधान ने कहाकि यह तो बस शुरुआत है। आईआईटी मद्रास मद्रास के साथ काम करना शुरू कर दिया है और इसमें बहुत सारे सहयोग करने की गुंजाइश है। हम अपने सहयोग को और मजबूत करना चाहेंगे। सभी उद्यमियों के लिए, हम स्टार्ट-अप का समर्थन करना चाहते हैं। हम स्टार्ट-अप के साथ काम करने के अवसरों की तलाश कर रहे हैं। सरकार न केवल अनुसंधान बल्कि उत्पादों का भी समर्थन करेगी। आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि ने खेल शिक्षा के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता दुहराते हुए कहाकि शतरंज बहुत दिलचस्प और विचारोत्तेजक खेल है।इसमें बहुत सारे पैटर्न मिलाने और रणनीतियां लगाने की जरूरत होती है। इस खेल के प्रशिक्षण के दौरान हाई परफॉर्मेंस कम्प्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बहुत लाभ मिल सकताहै। इस पहल में खिलाड़ी, पीई प्रशिक्षक, कोच, रेफरी, विश्लेषक, फिजियोलॉजिस्ट, पोषण विशेषज्ञ, अंपायर, खेल प्रस्तुतकर्ता और प्रबंधन कर्मी भी शामिल किए जाएंगे।

### सैमसंग ने फोल्डेबल फोन गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड फ्लिप6 को लांच



**पेरिस।** सैमसंग ने पेरिस में गैलेक्सी अनपैक्ड कार्यक्रम में गैलेक्सी बड्स3 और गैलेक्सी बड्स3 प्रो के साथ अपने बिल्कुल नए गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और गैलेक्सी जेड फ्लिप6 को लांच किया है। नई गैलेक्सी जेडसीरीज की शुरुआत के साथ, सैमसंग गैलेक्सी एआई के नए अध्याय को सामने ला रहा है। इसके लिए उपभोक्ताओं को शानदार अनुभव देने के लिए डिजाइन किए गए सबसे बेहतरीन और मजबूत फॉर्म फैक्टर का लाभ उठाया जाएगा। गैलेक्सी एआई कम्युनिकेशन, प्रॉडक्टिविटी और क्रिएटिविटी के एक नए युग को गति देने के लिए मजबूत, इंटेलिजेंट और टिकाऊ फोल्डेबल अनुभव को साथ लाता है।

### एथर एनर्जी के सीईओ ने दिया ट्रांसपोर्टेशन सेवाओं के इलेक्ट्रिफिकेशन की जरूरत पर बल



**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी के सीईओ तरुण मेहता ने भारत में सभी ट्रांसपोर्टेशन सेवाओं के इलेक्ट्रिफिकेशन की गंभीर जरूरत पर बल देने वाले श्री अमिताभ कांत द्वारा हाल ही में दिए गए बयान का समर्थन किया है। मेहता ने एक ट्वीट में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में परिवर्तन के महत्व पर जोर दिया ताकि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता और उत्सर्जन में कमी लाई जा सके, उनका यह बयान कांत के उद्देश्य के अनुरूप है। तरुण मेहता ने अपनी ट्वीट में कहाकि नीति आयोग के पूर्व सीईओ, अमिताभ कांत ने एक बार फिर भारत में सभी परिवहन सेवाओं के इलेक्ट्रिफिकेशन की आपात जरूरत का बिल्कुल सही आह्वान किया है। उद्योग में विरोधी तत्व नई टेक्नोलॉजी की कमियाँ निकालते रहेंगे, लेकिन जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता और उत्सर्जन में कमी लाने के लिए 100 फीसदी इलेक्ट्रिफिकेशन से ज्यादा शक्तिशाली और कोई उपाय नहीं है।

### इक्जिगो और एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक ने लांच किया को-ब्रांडेड ट्रैवल क्रेडिट कार्ड का रूपे वेरिएंट

**नई दिल्ली।** ओटीए इक्जिगो और देश के सबसे बड़े स्मॉल फाइनैंस बैंक एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक ने अपने प्रीमियम को-ब्राण्डेड इक्जिगो-एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ट्रैवल क्रेडिट कार्ड के लिए रूपे वेरिएंट का लांच किया है, और इसके साथ यूपीआई-आधारित पेमेंट और रिवॉर्ड्स को आसान बना दिया है। आधुनिक यात्रियों को ज़्यादा फायदे जैसे बेहतर सुविधा, व्यापक पहुंच, सुरक्षा और सुलभता प्रदान करने के प्रयास में यह नई पेशकश लाई गई है। इक्जिगो और एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक की सफल साझेदारी के तहत, रूपे वेरिएंट यात्रियों की विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कई फीचर्स लेकर आया है। कार्डधारक अपने रूपे क्रेडिट कार्ड को किसी भी यूपीआई पेमेंट ऐप के ज़रिए यूपीआई पर लिंक कर सकते हैं, इससे यूपीआई के जरिए क्रेडिट कार्ड का भुगतान आसान हो जाता है। संजय अग्रवाल, संस्थापक और एमडी एवं सीईओ, एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक ने कहाकि इक्जिगो के साथ हमारी साझेदारी यात्रा उद्योग में नए बेंचमार्क स्थापित करते हुए आधुनिक यात्रियों को बेजोड़ फायदे प्रदान कर रही है।

# पेटीएम से बाहर निकला सॉफ्ट बैंक, किस्तों में लगभग 1.5 करोड़ डॉलर का उठाया नुकसान

**नई दिल्ली।** जापान के सॉफ्टबैंक की निवेश शाखा सॉफ्टबैंक विजन फंड अप्रैल-जून तिमाही में करीब 15 करोड़ डॉलर का घाटा उठाकर पेटीएम से बाहर हो गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सॉफ्टबैंक ने 2017 में पेटीएम ब्रांड की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में किस्तों में लगभग 1.5 अरब डॉलर का निवेश किया था। एक सूत्र ने कहाकि सॉफ्टबैंक ने 10-12 प्रतिशत के नुकसान के साथ पेटीएम से अपना कारोबार समेट लिया है। कुल नुकसान करीब 15 करोड़ डॉलर है। साल 2021 में कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले सॉफ्टबैंक के पास पेटीएम में लगभग 18.5 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसमें एसवीएफ इंडिया होल्डिंग्स (केमैन) लिमिटेड के माध्यम से 17.3 प्रतिशत और एसवीएफ पैंथर (केमैन) लिमिटेड के माध्यम से 1.2 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

### हाई-टेक पाइप्स बोड ने दी इक्विटी शेयर्स के आवंटन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत की लीडिंग स्टील पाइप्स कंपनियों में से एक, हाई-टेक पाइप्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने प्रमोटर ग्रुप और नॉन-प्रमोटर ग्रुप के सदस्यों के लिए वारंट के कन्वर्जन के विरुद्ध 1,77,55,000 इक्विटी शेयर्स के आवंटन को मंजूरी दे दी है। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि इसे डिपार्टमेंट ऑफ कमर्शियल टैक्सेस उत्तर प्रदेश द्वारा डिस्ट्रिक्ट बुलन्दशहर में फाइनेंशियल ईयर 2023-24 के लिए हाईएस्ट टैक्स पेअर (भामा शाह अवॉर्ड) के रूप में मान्यता दी गई है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार टैक्सेस (करों) के समय पर और ट्रांसपेरेंट पेमेंट के द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में हाई-टेक पाइप्स के योगदान को स्वीकार करता है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़**

निविदा सूचना क्रमांक 04/ निविदा/2024-25 राजगढ़, दिनांक 10/07/2024

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदाये आमंतित्र की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| स. क्रं. | टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु राशि (रू.लाखमें) | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2024_PWDRB_356444_1 | राजगढ़ | बी.टी. रिनीवल कार्य | बी.टी. रिनीवल कार्य किठोर से करोंदी मार्ग लम्बाई 8.98 कि.भी. | प्रथम | 191.01 | 191010.00 | 4 माह वर्षाकाल रहित |
| 2 | 2024_PWDRB_356451_1 | राजगढ़ | बी.टी. रिनीवल कार्य | बी.टी. रिनीवल कार्य धुआंखेड़ी कछोटिया बरखेड़ा मार्ग लम्बाई 8.00 कि.भी. | प्रथम | 95.55 | 95550.00 | 3 माह वर्षाकाल रहित |
| 3 | 2024_PWDRB_356466_1 | राजगढ़ | बी.टी. रिनीवल कार्य | बी.टी. रिनीवल कार्य रामगढ़ कचनारिया मार्ग लम्बाई 3.60 कि.भी. | प्रथम | 42.69 | 50000.00 | 2 माह वर्षाकाल रहित |
| 4 | 2024_PWDRB_356473_1 | राजगढ़ | बी.टी. रिनीवल कार्य | बी.टी. रिनीवल कार्य डोबड़ा भाटखेड़ा मार्ग लम्बाई 2.30 कि.भी. | प्रथम | 29.01 | 50000.00 | 2 माह वर्षाकाल रहित |
| 5 | 2024_PWDRB_356481_1 | राजगढ़ | बी.टी. रिनीवल कार्य | बी.टी. रिनीवल कार्य नरसिंहगढ़ रेस्ट हाउस पहुच मार्ग लम्बाई 0.40 कि.भी. | द्वितीय | 6.05 | 12100.00 | 1 माह वर्षाकाल रहित |
| | | | | योग- | | 364.31 | | |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 26.07.2024 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट मे देखा जा सकता है। निविदा मे होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नहीं किया जायेगा। अमानत राशि एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन रवीकार किये जावेगें।

जी - 13441/24

देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।

कार्य यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/प
संभाग राजगढ़

## चिंतन

# हिंसाग्रस्त मणिपुर में जल्द शांति बहाली हो

मणिपुर में स्थाई शांति जरूरी है। पूर्वोत्तर का यह राज्य करीब 15 से अधिक महीने से हिंसा की आग में जल रहा है। पिछले साल 3 मई से मणिपुर में हिंसा की शुरूआत हुई, जब इस राज्य के दो प्रमुख समुदाय मैतई (घाटी बहुल) और कुकी जनजाति (पहाड़ी बहुल समुदाय) के बीच हाईकोर्ट की एक सिफारिश के बाद आमने-सामने आ गए। मैतई समुदाय को कुकी की तरह अनुसूचित जनताति का दर्जा दिए जाने की राज्य सरकार से हाईकोर्ट की सिफारिश किए जाने से कुकी समुदाय नाराज हो गए और सड़क पर उतर आए। तबसे मणिपुर में जारी हिंसा में करीब दो सौ लोग मारे गए हैं, ग्यारह सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं और करीब 65 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर के जिरीबाम में रविवार को सीआरपीएफ और पुलिस टीम के काफिले पर कुकी उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। यह पहली बार नहीं है जब कुकी उग्रवादी सुरक्षा बलों पर उग्र हुए हैं। इस साल ही पांच बड़ी घटनाए हो चुकी हैं। 10 जून को मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह के काफिले पर हमला हुआ था। 8 जून को कुकी उग्रवादियों ने 2 पुलिस चौकियां व मैतई गांव में 70 घर जलाए। 26 अप्रैल को कुकी उग्रवादियों ने सीआरपीएफ चौकी पर बम फेंका था, जिसमें दो जवान शहीद हो गए। 15 फरवरी को भीड़ ने एसपी ऑफिस पर हमला किया, दो नागरिकों की मौत हो गई। 17 जनवरी को सुरक्षाबलों की गाड़ी पर उग्रवादियों ने हमला किया, 2 जवान सहित 3 की मौत हो गई। वर्ष 2023 की मई से दिसंबर तक अनेक बार हिंसा हुई। दरअसल, 38 लाख जनसंख्या वाले छोटे से पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में तीन प्रमुख समुदाय हैं- मैतेई, नगा और कुकी। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं। नगा-कुकी ईसाई धर्म को मानते हैं व अनुसूचित जनजाति वर्ग में आते हैं। मैतेई समुदाय की भी मांग है कि उन्हें जनजाति का दर्जा दिया जाए। समुदाय ने इसके लिए मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। समुदाय की दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय हुआ था। उससे पहले उन्हें जनजाति का ही दर्जा मिला हुआ था। इसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से सिफारिश की कि मैतेई को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किया जाए। नगा-कुकी जनजाति इसके विरोध में हैं। इनका कहना है कि राज्य की 60 में से 40 विधानसभा सीट पहले से मैतेई बहुल इंफाल घाटी में हैं। ऐसे में एसटी वर्ग में मैतेई को आरक्षण मिलने से उनके अधिकारों का बंटवारा होगा। हाईकोर्ट की सिफारिश के बाद से वहां हिंसक संघर्ष जा रही है। पिछले साल गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर में शांति की स्थापना के लिए तीन दिवसीय यात्रा की थी, इस दौरान लगा कि शांति बहाल करने में सरकार सफल होगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान भी विपक्ष ने मणिपुर में हिंसा को मुद्दा बनाया था। पिछले महीने संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आम चुनाव के नतीजे के बाद अपनी प्रतिक्रिया में मणिपुर में हिंसा का समाधान न होने पर चिंता जाहिर की थी। चूंकि पूर्वोत्तर के सीमावर्ती राज्यों को अशांत रखने में चीनी भूमिका रहती है, इसलिए केंद्र व राज्य सरकार को चाहिए कि मणिपुर में जल्द से जल्द समाधान हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में कहा है कि जंग व हिंसा से समस्या हल नहीं होगी, तो देश के अंदर केंद्र व राज्य की प्रशासनिक मशीनरी को चाहिए कि मणिपुर में जल्द से जल्द हिंसक संघर्ष खत्म करने के लिए वार्ता का मंच बनाए और शांति बहाल करे। हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर को उसकी नियति पर नहीं छोड़ा जा सकता।

## मुद्दा

डॉ. रमेश ठाकुर



# बाढ़-प्रलय से हुई जनहानि का जिम्मेदार कौन?

आपदाएं अपने पीछे ऐसा दर्दनाक मंजर छोड़ जाती हैं जिसे इंसान वर्षों सहता है। मौजूदा बाढ़-बारिश से जनजीवन भयभीत हुआ है। हिंदुस्तान के विभिन्न हिस्सों में प्रलयकारी बाढ़ से अब तक अनुमानित 600 करोड़ रुपये के नुकसान का हुआ है। आर्थिक नुकसान के अलावा जानमाल की भी क्षति लगातार हो रही है। करीब 300 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। बाढ़ की विभिषिका से निपटने के लिए समाज आगे आया हुआ है, लेकिन बाढ़ से मचे हाहाकार को देखकर भारतीय आपदा प्रबंधन ने पूरी तरह से पत्ते डाले हुए हैं। उनकी कोशिशें और राहत-बचाव के प्रयास घटना स्थलों पर हांफ रहे हैं। भयंकर बाढ़ की भयाभता ने चारों ओर कहर बरपाया हुआ है। आपदा प्रबंधन से तो कहीं अच्छा कार्य इस वक्त स्थानीय प्रशासन जैसे एसडीएम, तहसीलदार, जिला कर्मचारियों के अलावा ग्राम प्रधान और राजनीतिक कार्यकर्ता करते दिख रहे हैं। आपदा प्रबंधन की हमेशा की तरह इस बार भी मानसून की पहली बारिश ने पोल खोली है। विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तैयारियां कितनी करते हैं और कितनी गंभीरता से करते हैं? उसकी तस्वीर बाढ़ आने पर दिखती हैं। भारतीय आपदा प्रबंधन को अच्छे से ज्ञात होता है कि हिंदुस्तान अपनी अनूठी भू-जलवायु स्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। बाढ़, सूखा, चक्रवात, भूकंप और भूस्खलन बार-बार होने वाली घटनाएं स्वाभाविक होती हैं। लगभग 60 फीसदी भ-भाग विभिन्न तीव्रता के भूकंपों के लिए है, 40 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र बाढ़ के लिए है, 8 फीसदी चक्रवातों के लिए और 68 प्रतिशत क्षेत्र सूखे के लिए अतिसंवेदनशील माना जाता है। ऐसे में इन जगहों पर पूर्व में की जाने वाले तैयारियां विकट समस्याओं में विफल क्यों होती हैं? इसका जवाब आपदा प्रबंधन को ऐसे वक्त देना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं, कि मानसून के दो-ढाई महीने ऐसे होते हैं जो आपदा प्रबंधन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होते हैं। मानसून से पूर्व करीब 10 महीनों का पर्याप्त समय उनके पास तैयारियों का होता है। चाहे केंद्र सरकार हो, या राज्यों की हुकूमतें, प्रबंधन विभाग को धन से लेकर जरूरत की तमाम वस्तुएं मुहैया करवाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ती, ताकि बाढ़ आपदा से उनका आपदा प्रबंधन विंग अच्छे से निपट सके। पर, अफसोस विभाग उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाता। आपदा प्रबंधन को सरकारें मुंह मांगा बजट आवंटित करती हैं। लेकिन इसके बावजूद बाढ़ से प्रभावित लोगों को बचाने के लिए सेना, एयरफोर्स, सीआरपीफए की टुकड़ियां लगानी पड़ती हैं। सरकार के अन्य विभागों के कर्मचारियों को मोर्चा संभावना पड़ता है। आपदा प्रबधंन को रिफार्म करने की दरकार है। विभाग को आधुनिक करके नई तकनीकों को अपनाना होगा। करीब 33 लाख वर्ग किमी क्षेत्र के भौगोलिक विस्तार एवं 140 से ज्यादा आबादी वाले भारत में शायद ही इस वक्त कोई ऐसा भाग बचा हो जहां बाढ़ या बारिश आपदा की स्थिति न उत्पन्न हुई हो। नेपाल ने बारिश का अपना सारा पानी भारत की ओर मोड़ दिया है, जिससे भारत का तराई क्षेत्र और आसपास सटे जिले और गांव-कस्बे पानी से लबालब भरे हैं। उनसे निपटना जल आपदा प्रबंधन के बस का नहीं? पूर्वी बिहार में बहने वाली कोसी नदी उफान पर है। दर्जनभर जिलों को सड़क मार्ग पूरी तरह से कट गया है। बाढ़ पीड़ित लोग बमुश्किल सुरक्षित जगहों पर पनाह ले पा रहे हैं। तराई क्षेत्र के जिले पीलीभीत, लखीमपुर, बलरामपुर, बहराईच आदि जिलों के लोग जहां-तहां भाग रहे हैं। पीलीभीत में अभी हाल में बिछाया गया नया रेल ट्रैक भी पानी से बह गया। इस बार मानसून अच्छा है। बाढ़ से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन की कमजोर तैयारियों निश्चित रूप से सोचने पर मजबूर करती हैं। असम, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हिमालच, पश्चिम बंगाल, बिहार जैसे 9 राज्य ऐसे हैं जो ज्यादा प्रभावित हैं। इन समस्याओं से निपटने की पहली जिम्मेदारी आपदा प्रबंधन पर होती है, लेकिन ऐसे में वहां सिर्फ कमियां ही दिख रही हैं। उनमें आपसी समन्वय में कमी, अपर्याप्त फंडिंग का रोना, सीमित सार्वजनिक भागीदारी और अपर्याप्त संसाधनों की दुहाई दे रहे हैं। आपदा एक अचानक, विपत्ति पूर्ण घटना है, जो जीवन और संपत्ति को भारी क्षति, हानि, विनाश और तबाही में बदलती है। आपदाओं से होने वाला नुकसान सामाजिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। अफसोस इस बात का है कि बाढ़ जैसी समस्यायों से निपटने में हम अभी भी अक्षम हैं। केंद्रीय हुकूमत को गंभीरता इस मसले पर मंथन करना होगा। ताकि, भविष्य में ऐसे समस्याओं से सफल मुकाबला किया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

डॉ. एल. एस. यादव

भारत में नई सरकार गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आईं थीं। बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित व रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं।

# प्रगाढ़ होते भारत-बांग्लादेश संबंध

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 21 एवं 22 जून की दो दिवसीय भारत यात्रा की। उनकी इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पहले से ही बने घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना था। भारत में नई सरकार गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आईं थीं। इसके बाद वे जुलाई महीने चीन की यात्रा पर जाएंगी। चीन की यात्रा पर जाने से पहले उनका दो बार भारत आना यह दर्शाता है कि चीन यात्रा से उनके भारतीय संबंधों को कोई खतरा नहीं है। इधर भारत सरकार भी बांग्लादेश से अपने मधुर संबंधों को आगे जारी रखना चाहती है।

बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए करीब 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित व रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं। इनमें बांग्लादेश के रोगियों के लिए ई-वीजा प्रमुख है। उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोग इलाज कराने के लिए भारत आते हैं। वहां से भारत आने वाले ऐसे लोग 30 प्रतिशत के करीब हैं। ई-वीजा मिलने से ऐसे लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्योन्मुखी विजन तैयार किया है, जिसमें हरित साझेदारी, डिजिटल साझेदारी, अंतरिक्ष एवं ब्लू इकॉनोमी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत-बांग्लादेश की बनी सहमति से दोनों देषों के नवयुवकों को काफी लाभ मिलेगा। दोनों देशों की मैत्री भारत-बांग्लादेश संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी वरीयता में डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी पर फोकस रखेंगे। हमने पिछले 10 वर्षों में कार्य करते हुए 1965 से पहले की कनेक्टिविटी को बहाल कर दिया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था गतिशील होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश हमारे लिए एक बड़ा विकास साझीदार है और हम उसके साथ अपने संबंधों को सबसे अधिक प्राथमिकता देते है। उन्होंने दोहराया कि मैं बंगबंधु के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिशील बांगलादेश के विजन को साकार रूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इनमें दूसरा समझौता बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का नया सहायक उच्चायोग होगा। बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के लोगों के लिए रंगपुर में एक सहायक उच्चायोग खोलने का निर्णय लिया गया है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका और कोलकाता के बीच नई रेल सेवा चालू की जाएगी। इसी तरह चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा चालू हो जाएगी। पांचवा समझौता मेदे-दरसाना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच दलगांव तक मालगाड़ी सेवाओंकी शुरूआत किए जाने का है। इसके अलावा



अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अन्तर्देशीय कंटेनर डिपो का निर्माण किया जाएगा। भारतीय ग्रिड से नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली के निर्यात की शुरूआत की जाएगी। इससे बांग्लादेश को फायदा होगा। 1996 की गंगा जल संधि के नवीनीकरण एक समिति बनाई जाएगी। बांग्लादेशी पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण में सहयोग किया जाएगा।

रक्षा संबंधों को मजबूत बनानें उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और षेख हसीना के बीच चर्चा हुई। इसमें दोनों देशों ने लम्बी अवधि के हितों को ध्यान में रखकर एक रक्षा सहयोग की नीति बनाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि भारत-बांग्लादेश के बीच सैनिक व रक्षा सहयोग की गति अभी तक काफी धीमी रही है, लेकिन अब किए गए नए समझौते के बाद से भारत जो सहयोग करेगा उससे बांग्लादेश की आर्मी अत्याधुनिक बनेगी। इसके अलावा बांग्लादेश की रक्षा आवश्यकताओं के मुताबिक रक्षा उपकरणों का उत्पादन प्रारम्भ होगा। यह कार्य इस प्रकार का होगा कि बांग्लादेश की रक्षा व यौद्धिक क्षमता काफी बढ़ सके। अभी तक भारत ने इस तरह का रक्षा समझौता किसी पड़ोसी देश के साथ नहीं किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शेख हसीना ने आतंकवाद, कट्टरवाद और सीमा पर षांतिपूर्ण प्रबंधन अपनी सहभागिता को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त दोनों देशों के मध्य हिन्द महासागर क्षेत्र के लिए समान दृष्टिकोण अपनाये जाने की बात निश्चित हुई। दोनों देशों ने अन्य क्षेत्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय मंचों पर अपना-अपना सहयोग जारी रखने का निर्णय लिया। इसके अलावा भारतीय अंतरिक्ष यान से बांग्लादेश के लिए खासतौर पर निर्मित उपग्रहों को को स्थापित करने की सहमति कायम हुई। दोनों प्रधानमंत्रियों की मुलाकात में भारत ने बांग्लादेश की पुरानी मांग मान ली और बांग्लादेश को भूटान व नेपाल के साथ भारतीय रेलवे के जरिए कारोबार करने की स्वीकृति प्रदान कर दी। इस स्वीकृति से बांग्लादेश को निर्यात बढ़ाने का एक बेहतर अवसर प्राप्त होगा। इस कदम से उत्साहित दोनों देश शीघ्र ही एक विशेष समझौता करने वाले हैं। अब दोनों देशों का यह प्रयास है कि भूटान, नेपाल व बांग्लादेश के बीच एक साझा बाजार तैयार किया जा सके। यदि इस कार्य में सफलता मिल गई तो भविष्य में इस बाजार में अन्य पड़ोसी देशों जैसे श्रीलंका, म्यांमार आदि को शामिल किया जा सकेगा, इसीलिए दोनों दो रेल, सड़क, हवाई मार्ग व समुद्री मार्ग के जरिये आवागमन व माल ढुलाई के लिए कनेक्टविटी को और ज्यादा मजबूत बनाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के बीच बैठक में इस बात की भी सहमति बनी कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर वार्ता के लिए भारत की एक तकनीकी टीम ढाका का दौरा करेगी। यह टीम तीस्ता नदी की गाद को साफ करने तथा नदी को पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए एक रोडमैप तैयार करेगी। बांग्लादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण पर बातचीत के लिए एक भारतीय दल भेजने का निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की आपत्तियों के बावजूद एक अरब अमेरिकी डॉलर की इस परियोजना पर चीन की नजर थी। दरअसल चीन ने यह संकेत दिए थे कि वह तीस्ता नदी की सफाई के लिए भारी भरकम धनराशि की मदद देने को तैयार है। यह मुद्दा भारत के लिए अत्यन्त संवेदनशील है क्योंकि चीन की कंपनियों को ठेका मिलने का मतलब है कि उन्हें तीस्ता नदी से संबंधित सारा डाटा हासिल हो जाएगा, इसलिए भारत का यही प्रयास था कि चीन का इसमें प्रवेश न हो। इस आश्वासन के बाद अपने देश पहुंचकर शेख हसीना ने कहा कि उनकी भारत यात्रा सार्थक रही। निश्चित है कि उपर्युक्त समझौतों के बाद भारत तथा बांग्लादेश के आपसी संबंध और अधिक मधुरता की ओर बढ़ेंगे।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना?



संकलित
## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
## प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर ले जाएगा। थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत में मजबूत है लोकतंत्र

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अभी भी यहां के लोगों को लोकतंत्र पर विश्वास है। अगर यहां लोकतंत्र पर लोगों को विश्वास नहीं होता तो लोग लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपने कीमती मत का प्रयोग कर सरकारें न चुनते और न ही अपनी मांगों के लिए धरने-प्रदर्शन कर पाते। हाल ही में अमरीकी थिंक टैंक की एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि कितने लोग अपने यहां के लोकतंत्र से खुश या संतुष्ट हैं। इसमें हमारा देश एशिया का दूसरा और विश्व का तीसरा देश है। यहां लगभग 77 फीसदी नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था से खुश या संतुष्ट हैं। हमारे देश के लोकतंत्र पर उंगली उठाने वाले देशों में जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका आदि के लोग अपने लोकतंत्र से उतने संतुष्ट नहीं हैं।

*- राजेश गुप्ता, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# चीन की अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट : राजा कृष्णमूर्ति

अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था में भारी सुस्ती आई है और बीजिंग के सामने दो रास्ते हैं-या तो वह अपने पड़ोसियों के खिलाफ आक्रामकता जारी रखे या फिर आक्रामकता कम करे और अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार लाए। भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, 'वास्तव में चीन अपनी अर्थव्यवस्था में इस कदर सुस्ती का सामना कर रहा है कि कुछ क्षेत्रों में अपस्फीति (वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य मूल्य के स्तर में गिरावट) की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उपभोक्ता विश्वास खत्म हो गया है। आप दशकों तक एक-संतान नीति पर अमल करने वाले देश में 25 प्रतिशत से अधिक युवा बेरोजगारी देख रहे हैं। यह बहुत ही खराब आंकड़ा है।' कृष्णमूर्ति ने कहा, 'इससे खास तौर पर प्रांतीय और स्थानीय स्तर पर कर्ज बढ़ गया है? साथ ही लोगों की कुल संपत्ति में काफी गिरावट आई है। ऐसे में शी चिनफिंग देश को गंभीर आर्थिक संकट में घिरा पा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि चिनफिंग के पास दो विकल्प हैं, 'या तो वह वर्तमान रुख पर कायम रहें जो आर्थिक आक्रामकता को बढ़ावा दे रहा है, पड़ोसियों के प्रति तकनीकी और सैन्य आक्रामकता को बढ़ावा दे रहा है।



## ऑफ बीट

# जैल मैनीक्योर व ऐक्रेलिक नाखून लगते हैं सुंदर

काइली जेनर और रिहाना से लेकर एरियाना ग्रांडे और कार्डी बी तक, मशहूर हस्तियां अपनी शैली की अभिव्यक्ति के रूप में लंबे, एक्रेलिक - अक्सर नेल आर्ट से अत्यधिक अलंकृत - नाखून रखती हैं। नेल फैशन अब एक उभरता हुआ उद्योग है जिसमें जैल मैनीक्योर और ऐक्रेलिक नाखून सबसे लोकप्रिय वर्तमान रुझानों में से एक हैं। जबकि मैनीक्योर खुद की देखभाल की तरह लग सकता है, वे स्वस्थ प्राकृतिक नाखूनों को बर्बाद कर सकते हैं - और इन्हें करवाने वाले लोगों के नाखूनो में अप्रत्याशित स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऐक्रेलिक को प्राकृतिक नाखून से जोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला नेल गोंद आमतौर पर अल्कोहल, साइनोएक्रिलेट और फोटो-बॉन्ड मेथैक्रिलेट का मिश्रण होता है, जिसमें फॉर्मेल्डिहाइड सहित अन्य तत्व होते हैं, जो एक ज्ञात कैंसर कारक है। नाखून चिपकने वाले पदार्थों में मौजूद रसायन त्वचा में जलन और सूजन का कारण बन सकते हैं। नेल ग्लू के जलने की भी व्यापक रूप से सूचना मिलती है। कुछ मामलों में, कपड़ों पर गिरा हुआ नेल गोंद जलने से त्वचा को भी जला देता है, जिसमें बाद में संक्रमण हो सकता है।



## ट्रेंड

### ट्रंप पर हमले से चिंतित हूं



मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं. राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### हिंसा के लिए जगह नहीं



हमारे लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा के लिए बिल्कुल भी जगह नहीं है। हालांकि हम अभी तक नहीं जानते कि वास्तव में क्या हुआ था, यह राहत की बात है कि ट्रंप को गंभीर चोट नहीं आई। हमें खुद को प्रतिबद्ध करने के लिए करना चाहिए।

-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

### झूठ का मायाजाल



कल आप मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे। मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि आपने एनआरए की घोषणा करते हुए क्या कहा था। एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगी। यह समय के साथ संसाधनों की भी बचत करेगा।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### मुफ्त की राजनीति का लेबल नहीं



यदि आप प्रत्येक नागरिक के लिए 'सम्मान जनक जीवन के अधिकार' में विश्वास करते हैं, तो आप मुफ्त की राजनीति का लेबल नहीं देंगे। मैंने कैंब्रिज इंडिया कॉन्फ्रेंस में आप द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं के महत्व के बारे में बात की।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप




### यूथ हॉस्टल ने किया मिनी कश्मीर ट्रैकिंग

**मंडीदीप।** नगर में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया भोजपुर इकाई ने 50 सदस्यों के साथ नरसिंहगढ़ की ट्रैकिंग की, जिसमें मध्यप्रदेश के मिनी कश्मीर कहे जाने वाले नरसिंहगढ़ के पहाड़ पर स्थित बडा महादेव के अदभुत शिव मंदिर से यूथ हॉस्टल सदस्यों ने ट्रैक शुरू किया। सभी ट्रैकर्स ने नादीया पानी पहुंच कर झरना का आनंद लिया। आठ किमी की ट्रैकिंग के बाद सभी ट्रैकर्स को सर्टिफिकेट दिए गए। इकाई सचिव राजेश ठाकुर ने बताया कि ट्रैकिंग कार्यक्रम में चेयरमैन निर्मल यादव, उपाध्यक्ष दिनेश पवार, आलोक भार्गव, अरविंद शर्मा लोकेंद्र सिकरवार, शाहीद खान एवं ग्रेफाइट हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चे व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मुख्य रूप से सहभागिता की।

### नगर की चौकड़ी और मंडल अध्यक्ष पर चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** पार्षद सुनील सेरिया की दुकान पर प्रेस क्लब की बैठक में राजनैतिक चर्चा हुई। बैठक में प्रेस क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र मेहरा ने गर्मागर्म कॉफी मंगाई, तो पिलाओ तब उसकी महक पर राजनीतिक चर्चा शुरू हुई। पत्रकार देवेंद्र चौहान, उपेंद्र मालवीय ने कहा कि पार्षद की कॉफी में नगर परिषद के कुंभ राशि वाले नेताओं का जायका आ गया है। इस पर सभी ने कहा कि कुंभ राशि में नगर पंचायत डुबकी लगा रही है। प्रेस क्लब संस्थापक भारत निहाल ने कहा कि मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे नपाध्यक्ष प्रतिनिधि हैं। निहाल ने कहा कि नगर की चौकड़ी की खुशबू कॉफी मे आ रही है। पार्षदों में यह चर्चा गर्म है कि नगर परिषद में यह चौकड़ी मिलकर छक्के-चौके लगाती है। पत्रकारों में चर्चा चल रही है कि अगला मंडल अध्यक्ष कौन होगा।

### सूबेदार के घर दिनदहाड़े लाखों की चोरी

**भोपाल।** कमला नगर स्थित पुलिस रेडियो कॉलोनी में रहने वाले एक सूबेदार के घर से चोर दिनदहाड़े जेवरात और नकदी समेत लाखों का सामान चुराकर ले गए। वारदात के समय सूबेदार ड्यूटी पर थे, जबकि उनकी पत्नी बच्चों को लेकर मायके गई हुई थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सुमित कुमार सोनी (44) एसटीएफ मुख्यालय भोपाल में सूबेदार (एम) स्टेनो के पद पर पदस्थ हैं। वह भदभदा रोड पुलिस रेडियो कॉलोनी स्थित शासकीय आवास में परिवार के साथ रहते हैं। दस जुलाई को उनकी पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई थी, जिसके बाद से सुमित कुमार घर पर अकेले थे। 12 जुलाई की सुबह करीब दस बजे वह मकान पर ताला लगाकर ड्यूटी चले गए थे। दोपहर करीब दो बजे भोजन करने घर पहुंचे तो दरवाजे का कुंदा उखड़ा हुआ मिला। अंदर बेडरूम के बाजू वाले पूजा रूम में रखी गोदरेज की अलमारी खुली मिली और लॉकर टूटा हुआ था। लॉकर में रखी सोने की चार अंगूठियां और 25 हजार रुपए नकदी नहीं थी। घर और कौन का सामान चोरी हुआ है, इसका खुलासा उनकी पत्नी के लौटने पर हो सकेगा।

विधायक शर्मा ने किया कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह का आयोजन | आम चुनाव में प्रचंड जीत के लिए कार्यकर्ताओं का जताया आभार

# हुजूर का हर कार्यकर्ता अंगद, विजय के लिए बढ़ाए पैर को कोई डिगा नहीं पाया: रामेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव 2024 में हुजूर विधानसभा से भाजपा ने प्रचंड मतों से जीत दर्ज की थी। इस जीत का आंकड़ा विधानसभा चुनावों की जीत से भी बड़ा था। भाजपा ने हुजूर विधानसभा से भोपाल लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज की। इस ऐतिहासिक विजय को लेकर रविवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने हिंदी भवन में कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया।

समारोह का नवनिर्वाचित सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष केदार मंडलोई ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि हुजूर विधानसभा ने भोपाल लोकसभा में अपनी जीत का जो रिकार्ड बनाया है, उसमें कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने हुजूर से 1 लाख 36 हज़ार 456 मतों के साथ 76 प्रतिशत वोट प्राप्त प्राप्त किए। ये हुजूर की जनता का अभूतपूर्व आशीर्वाद है।

**खास बातें**

- लोकसभा चुनाव में हुजूर विधानसभा से भाजपा ने प्रचंड मतों से जीत दर्ज की थी
- समारोह का विधायक शर्मा सांसद आलोक जिलाध्यक्ष सुमित, ग्रामीण जिलाध्यक्ष मंडलोई ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया



**हुजूर के कार्यकर्ताओं ने मुझे लोकसभा में पहुंचाया: सांसद आलोक**

*अभिनंदन समारोह में संबोधित करते हुए सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि प्रचार के दौरान हुजूर के कार्यकर्ताओं की लगन और अथक परिश्रम ने सबको प्रभावित किया। इसके साथ ही विधायक रामेश्वर का अद्वितीय प्रबंधन ऐतिहासिक विजय में मील का पत्थर साबित हुआ। हुजूर विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने कठोर परिश्रम कर मुझे लोकसभा पहुंचाया है।*

**कार्यकर्ताओं की अपार मेहनत साकार हुई**

*शर्मा ने कहा कि इस विजय की यात्रा में हुजूर का हर कार्यकर्ता अंगद के समान है। जिसने भाजपा की विजय का संकल्प लेकर जब अपना पैर आगे बढ़ाया, तो उसे कोई डिगा नहीं पाया। हुजूर के कार्यकर्ताओं ने मुझे ऐतिहासिक जीत का जो आश्वासन दिया था, वह पूर्ण हुआ, कार्यकर्ताओं की अपार मेहनत साकार हुई। इस जीत से सिद्ध हो गया कि हुजूर के कार्यकर्ताओं की प्रण शक्ति, हुजूर भाजपा की प्राणशक्ति है। ऐसे देवतुल्य हर कार्यकर्ता की संगठन भावना और समर्पण भाव को मैं कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं। कार्यक्रम में हुजूर के सभी आठ मंडलों में सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज कराने वाले बूथ के अध्यक्षों का सम्मान किया गया।*

**विधायक रामेश्वर ने हुजूर में बहाई विकास की गंगा: पचौरी**

*अभिनंदन समारोह में जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने कहा कि रामेश्वर की गाड़ी का नंबर भी 5600 है और हिंदुओं की बात रखने के लिए उनका 56 इंची सीना हम देखते ही रहते है। उन्होंने हुजूर में विकास की गंगा बहा दी, जिसके चलते प्रदेश में चर्चा चलती है कि रामेश्वर विकास कार्यों के लिए करोड़ों-अरबों रुपए लाते कहां से हैं।*

ग्यारह मील बायपास पर पेट्रोल पंप के सामने हादसा

# घर लौट रहे एक्टिवा सवार युवक की तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित ग्यारह मील बायपास पर सज्जाद पेट्रोल पंप के सामने गत 10 जुलाई की रात अज्ञात वाहन ने एक्टिवा सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी और उसे एंबुलेंस जय प्रकाश लेकर पहुंची थी। वहां से उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।




पुलिस के अनुसार, आकाश उईके पिता पूरन सिंह उईके (28) उमेघा कंपनी के पास आनंद नगर पिपलानी में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 10 जुलाई की रात करीब 11 बजे ग्यारह मील बायपास से घर लौटते समय सज्जाद पेट्रोल पंप के सामने वाली सड़क पर उसे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सड़क पर उसे घायल अवस्था में देखकर किसी ने एंबुलेंस को सूचना दी थी। एंबुलेंस की टीम उसे लेकर जय प्रकाश अस्पताल पहुंची थी, वहां उसे गंभीर देखकर हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में आकाश का इलाज चल रहा था। वहां शनिवार देर रात आकाश की मौत हो गई।

### युवती ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित होटल मनप्रीत के पास अमृत कॉम्पलेक्स में शनिवार शाम एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। रविवार को उत्तर प्रदेश से आए परिजन को युवती का शव पीएम के बाद सौंप दिया गया है। पुलिस ने युवती का मोबाइल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार, गीतांजलि पिता भीमसिंह (22) मूलतः मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश की थी। उसके पड़ोस में भाई की साली नैना ठाकुर रहती है। नैना ठाकुर ने शनिवार शाम करीब 6 बजे उसे फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने गीतांजलि का शव पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने नैना की सूचना पर मर्ग कायम कर लिया है।

### सड़क किनारे खड़ी डायल 100 को कार ने मारी टक्कर

*कमला नगर स्थित भदभदा बस स्टाप पर सड़क किनारे खड़ी डायल 100 को कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक ने तुरंत ही कार को रिवर्स किया और डिपो चौराहे की तरफ भाग निकला। पुलिस ने एफआरवी के पायलेट की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले कार चालक के प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, केवलदास पारया (52) गणेशपुरी कॉलोनी, कलखेड़ा रोड नीलबड़ में रहते हैं और कमला नगर थाने की एफआरवी में पायलेट हैं। तेरह जुलाई की रात वह हेड कांस्टेबल मुकेश चौहान के साथ एफआरवी से थाना क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। रात करीब तीन बजे उन्होंने भदभदा बस स्टॉप के पास सड़क किनारे एफआरवी पार्क की और उतरकर टायलेट करने चले गए। इसी बीच पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने एफआरवी में टक्कर मार दी। उसके बाद ने कार को रिवर्स लिया और डिपो चौराहे की तरफ भाग निकला।*

**12 घंटे में हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार**

*प्रदेश के सिंगरौली जिले की चितरंगी पुलिस ने हत्या के एक मामले का महज 12 घंटे में खुलासा करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और विवेचना के आधार पर आरोपी अभिषेक पांडेय को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 32 बोर पिस्टल जब्त की गई है। पुलिस मुख्यालय के एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) जयदीप प्रसाद ने बताया कि हत्या के इस मामले की अन्य पहलुओं से भी जांच की जा रही है। सिंगरौली जिले की चितरंगी पुलिस को 13 जुलाई को दोपहर सूचना प्राप्त हुई कि तेन्दुहा पोड़ी मार्ग पर शव पड़ा है और प्रथमदृष्टया गोली लगने से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शेषमणि पटेल ने मय स्टाफ के घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया एवं तत्काल थाना चितरंगी में बीएनएसएस की धारा 194 के अंतर्गत मर्ग कायम किया। मामले की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में एसडीओपी चितरंगी के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की। तीनों टीमों ने आरोपी अभिषेक पाण्डेय पिता अनिल पाण्डेय (30 वर्ष) निवासी कुल्हइया, थाना गढ़वा, जिला सिंगरौली को चिन्हित कर चितरंगी से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।*

### आकाशीय बिजली गिरने से झुलसे व्यक्ति की मौत

पिपलानी स्थित सतनामी नगर झुग्गी में छह दिन पहले 8 जुलाई सोमवार सुबह बिजली गिरने से दंपती और उनके दो बच्चे चपेट में आ गए थे। सभी का एम्स में इलाज चल रहा था। शनिवार सुबह इलाज के दौरान परिवार के मुखिया की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी समेत बच्चों की स्थिति में सुधार है। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, 50 साल के शैतान मालवीय सतनामी नगर झुग्गी, पिपलानी में रहते थे। उनके परिवार में चार बच्चे हैं। परिवार मजदूरी कर जीवन यापन करता है। रविवार की रात उन्होंने परिवार ने साथ खाना खाया और सो गए थे। इस समय घर की एक बेटी आदमपुर छावनी में रिश्तेदारी में थी, जबकि दूसरा बच्ची पड़ोस में रिश्तेदारी में थी। सोमवार सुबह परिवार गहरी नींद में था, तभी छह बजे के आसपास झुग्गी पर बिजली गिर गई।

पीड़िता के बेटे को पार्टी का कहकर ले गया बाहर

# घर में घुसकर महिला से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म, धमकी भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी थाना क्षेत्र में महिला के घर में देर रात घुसकर पड़ोसी द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इसके बाद सुबह भी आरोपी उसके घर में दोबारा घुसा था और दुष्कर्म का प्रयास किया। घटना शुक्रवार-शनिवार रात करीब दो बजे की है। घटना के समय महिला अपने बेटे के आने के इंतजार कर रही थी, तभी आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस के मुताबिक, इलाके में किराए का मकान लेकर रहने वाली 43 साल की महिला गृहणी है। उसने पुलिस को बताया कि शुक्रवार-शनिवार की रात उसके 25 वर्षीय बेटे को संजय जैन अपने साथ पार्टी करने ले गया। देर रात तक बेटा नहीं आया। कॉल भी रिसीव नहीं कर रहा था। बेटे के आने के इंतजार में वह घर का दरवाजा खोलकर सो गई। रात करीब 2 बजे उसके घर में संजय जैन घुस गया। उसने बेटे की हत्या करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी भाग गया। सुबह वह फिर उसके घर में घुसा था और दोबारा उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। इसी बीच महिला ने बेटे को कॉल किया। बेटे ने बताया कि वह अपने दोस्त के घर में रूका है। महिला ने उसे घटना की जानकारी देकर घर बुलाया। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। उसके ससुर की तबीयत खराब चल रही है। इलाज के सिलसिले में पति दिल्ली गया हुआ है। परिवार मूलतः दिल्ली का ही रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि आरोपी संजय जैन घटना के बाद से फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।



**फेरीवाले ने नाबालिग से की अश्लील हरकत**

*इधर, पिपलानी इलाके में फेरी लगाकर बर्तन बेचने वाले एक युवक ने नाबालिग को घर में अकेला देखकर अश्लील हरकत कर दी। पुलिस ने नाबालिग की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 13 साल की किशोरी परिवार के साथ रहती है। उसके परिजन मजदूरी करते हैं। कुछ समय पहले परिजन ने फेरी लगाकर बर्तन बेचने वाले एक युवक से किश्तों पर कुकर खरीदा था। 12 जुलाई की दोपहर करीब 3 बजे नाबालिग घर पर अकेली थी, जबकि परिजन मजदूरी करने गए थे। इसी बीच फेरी वाला कुकर की किश्त लेने पहुंचा। किशोरी ने जब बताया कि घर पर कोई नहीं है, तो उसने उसके साथ अश्लील हरकत कर दी। अगले दिन पीड़िता ने इसकी जानकारी अपनी मां को दी, जिसके बाद मां उसे लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी छोटेलाल सोनकर पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।*

# वार्ड 13 में नाली की फर्शी हुई आड़ी नई सड़क में हुआ गड्ढा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अंधेर नगरी, चौपट राजा की कहावत नगर परिषद औबेदुल्लागंज में चरितार्थ हो रही है। बड़े-बड़े स्वच्छता के नारे और कागजों पर सुंदर स्वच्छ नगर दिखाया जाता है, लेकिन मौके पर आकर देखो तो हकीकत कुछ और होती है।

नगर परिषद अध्यक्ष, सीएमओ, सब इंजीनियर, वार्ड 13 की पूर्व पार्षद मीना ऋषभ जैन के निवास के पास नाली में फर्शी आड़ी हो गई है। उसे सीधा करने की फुर्सत नहीं है नगर परिषद में किसी को भी। नई बनी सड़क पर 2 मी. का गड्ढा छोड़कर ठेकेदार भाग गया है। पार्षद



हेमलता मनोज चौरसिया ने ढाई माह में 15 बार नगर परिषद में जाकर निवेदन किया, मगर उनसे नगर परिषद के जिम्मेदार कहते हैं कि देखते हैं। करवाते हैं। पूर्व पार्षद मीना ऋषभ जैन ने नगर परिषद के इंजीनियर और ठेकेदार से नाली में पड़ी फर्शी को सीधा कराने एवं 2 मी. की नई सड़क पर गड्ढा भरने के लिए फोन पर कहा तो वह कहते हैं



कि दोपहर में करवा दूंगा। शाम को हो जाएगा। ठेकेदार राजू सक्सेना कहते हैं कि आज शाम तक हो जाएगा। टालमटोल होने से वार्ड 13 के वर्तमान पार्षद हेमलता चौरसिया और पूर्व पार्षद मीना ऋषभ जैन में रोष है। अगर 3 दिन में यह कार्य नहीं हुआ तो सीएमओ दफ्तर के सामने धरना देंगे।

### पूर्व प्रवक्ता ने की पीसीसी चीफ को हटाने की मांग

*भोपाल। कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अमिताभ अग्निहोत्री ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और कांग्रेस कमेटी के प्रभारी भवंर जीतेन्द्र सिंह को हटाने की मांग की है। रिपोर्ट में लोकसभा चुनाव 2024 के हार की समीक्षा की गई है। उन्होने आरोप लगाया है कि उक्त नेताओं की अक्षमता, निष्क्रियता और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के कारण हार हुई है। अग्निहोत्री ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के चेयरमैन और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और सदस्य सप्तगिरी उल्का और गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाड़ी को रिपोर्ट प्रस्तुत की।*




### वार्ड 2 और 7 में रोपे पौधे

**औबेदुल्लागंज।** रविवार को नगर परिषद औबेदुल्लागंज ने पौधरोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत वार्ड 2 सनोटी ब्राइट इंग्लिश मीडियम हाई सेकंडरी स्कूल एवं वार्ड 7 उमरिया वार्ड 3 खिल्लीखेड़ा में पौधे रोपे। इस अवसर पर राजीव चतुर्वेदी, संतोष खरे ने पौधे रोपे। अभियान में राजकुमार शर्मा, कन्हैया धुर्वे, आशीष यादव, प्रमोद कुमार पाण्डेय, विनोद यादव, पवन निरापुरे, नगर परिषद स्टाफ उपस्थित रहा।

### हर वर्ष 101 पौधे लगाएंगे अतुल

**तामोट।** समाज सेवक, पर्यावरण प्रेमी, पूर्व सरपंच अतुल पटेल दाऊ तामोट ने अपने पिता स्व. प्रकाश सिंह पटेल की कार्यक्रम पगड़ी रस्म शोक सभा में उनकी पुण्यतिथि पर हर वर्ष 101 पौधे लगाने का संकल्प लिया। अतुल के संकल्प की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है। अतुल ने बताया कि ये संकल्प पौधरोपण अभियान संतोष नागर के सहयोग से कराया जा रहा है।



विशेष ध्यान और माइंडफुल ब्रीदिंग के आयोजन में लाल साईं महाराज ने कहा-

# कठिन समय को समस्या नहीं, चुनौती समझकर करें सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

कठिन समय को समस्या नहीं, चुनौती समझें। टेम्पल आफ सम्बोधि में रविवार को आषाढ़ गुप्त नवरात्र की अष्टमी पर विशेष ध्यान और माइंडफुल ब्रीदिंग के विशाल आयोजन में यह बात लाल साईं महाराज ने कही । लालसाईं संबोधि में आयोजित नवरात्र की अष्टमी पर समापन और भंडारे के अवसर पर साधकों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति व्यर्थ ही चिंता और तनाव में रहता है, जबकि अगर वो जीवन में आए हुए कठिन समय में भी होशपूर्वक देखें तो पाएगा कि परमात्मा ने उसके जीवन में जो कठिन समय दिया है, वो बड़ी विडंबना या समस्या नहीं है, अपितु वह तो एक अवसर हो सकता है। बस उस कठिन समय को एक चुनौती की तरह स्वीकार कीजिए। नजरिया बदलते ही जीवन बदल जाएगा।

### कहानी के जरिए बताया चिंता का समाधान



लालसाईं महाराज ने एक कहानी से अपनी बात को समझाते हुए कहा कि एक परमात्मा को मानने वाला सर्द रात में जंगल के रास्ते जा रहा था। अंधेरा था तो वो एक खाई में गिर गया था। जैसे ही वो गिरा, उसने हाथ-पैव चलाए तो उसके हाथ में पेड़ की टहनी आ गई जिस को उसने जोर से पकड़ लिया, लेकिन सर्द रात में उसके हाथ की पकड़ धीरे-धीरे छूट रही थी । उसको डर था कहीं उसका हाथ छूट गया तो वो गहरी खाई में गिर जाएगा वो चिल्लाता रहा, रोता रहा पर वहां कोई नहीं था सुनने को। अंततः उसका हाथ छूट गया और जैसे ही वो गिरा, जोर से हंसने लगा, क्योंकि वो खाई नहीं थी, छोटा सा गड्ढा था। वह सोचने लगा कि जिसको मैंने इतनी बड़ी समस्या समझी, वो दरअसल समस्या नहीं थी।

**जीवन निखर जाएगा**

*लाईसाईं महाराज ने कहा कि आप जीवन में जब गहरे से देखेंगे तो पाएंगे ईश्वर ने आपको यहां दुख देने के लिए नहीं रखा है। कठिन समय को समस्या नहीं, अगर चुनौती मान लिया तो जीवन निखर जाएगा, अगर समस्या समझा तो जीवन बिखर जाएगा। आज ही माइंडफुल ब्रीदिंग के 10 दिवसीय शिविर का समापन था। शिविर में संत नगर और भोपाल के महिला और पुरुषों ने भाग लिया। जहां एक ओर महिलाओं को प्रशिक्षण डॉ. सरिता देवनानी ने दिया, वहीं पुरुषों को सुबह की अलग क्लास में वेदांत संत लाल जी महाराज ने ब्रीदिंग की बारीकियां समझाई।*

# एमपी नगर के रेस्टॉरेंट में चल रहा था अवैध अहाता, शराब पीते हुए 20 लोग दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आबकारी विभाग ने प्रदेश भर से अहाते बंद कर दिए हैं, लेकिन राजधानी के एमपी नगर जोन-2 में खुलेआम अवैध अहाता चल रहा था। आबकारी अमले ने शनिवार रात एमपी नगर में गणपति होटल के पीछे अमर दिल्ली दरबार फैमिली रेस्टोरेंट में दबिश दी तो वहां भगदड़ मच गई। आधा दर्जन लोग भाग खड़े हुए। यहां पर 20 युवकों को अनाधिकृत रूप से शराब पीते गिरफ्तार कर मुचलका भराकर छोड़ दिया गया है। होटल संचालक पर भी अवैध शराब परोसने और अहाता संचालित करने का प्रकरण बनाया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी आरजी भदौरिया ने बताया कि शनिवार रात टीम वहां दबिश देने पहुंची तो बड़ी संख्या में लोग अनाधिकृत रूप से शराब पी रहे थे। एक शेड में चल रहा यह रेस्टोरेंट खचाखच भरा हुआ था। अमले को देखते ही कई लोग वहां से भाग खड़े हुए।

### यहां भी मारे गए छापे

रेस्टोरेंट संचालक शंकर राजानी लंबे समय से इसे मदिरापान गृह (अहाता) के रूप में संचालित कर रहा था। होटल संचालक ने अमले को बताया कि यहां लोग अपनी शराब लेकर आते थे। यहां पर उन्हें पानी, सोडा, गिलास और चखना (स्नैक्स) उपलब्ध कराया जाता था। जिला आबकारी कंट्रोलर भदौरिया ने बताया कि विभाग की अन्य टीमों ने एमपी नगर, खजूरी सड़क, बैरागढ़, आनंद नगर, पटेल नगर और होशंगाबाद रोड स्थित ओजोन रेस्टोरेंट, शिवहरे ढाबा, राजपूत ढाबा, सिंधु ढाबा, संदीप ढाबा पर शनिवार देर रात तक दबिश दी गई। इस दौरान लोगों को अवैध रूप से शराब परोसी जा रही थी। यहां एक दर्जन युवकों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किए गए हैं। बड़ी मात्रा में शराब भी जब्त की गई।

# पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक झमाझम शुरू, पर असम में आफत

## उमस से राहत मिली, लेकिन मुंबई और केरल में परेशानी भी बढ़ी

### 8 राज्यों में मौसम विभाग का रेड ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम मानसून सक्रिय हो गया है। पूरब से लेकर पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश के सभी क्षेत्रों में झमाझम बरसात हो रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों के साथ ही उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में शनिवार को बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, लेकिन कई इलाकों में पानी भरने से दुश्वारियों का सामना भी करना पड़ा। मुंबई और सुदूर दक्षिण के राज्य केरल में बारिश कहर बरपा रही है।

मौसम विभाग ने रविवार को 8 राज्यों में भारी बारिश को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड समेत सभी राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों में 5 दिन तक अलग-अलग स्थानों पर भारी से लेकर बहुत भारी बारिश की संभावना है।




**हिमाचल में 12 सड़कें बंद, 17 तक राहत की संभावना नहीं**

हिमाचल प्रदेश में बारिश से जगह-जगह भूस्खलन हुआ और 12 सड़कों को बंद करना पड़ा। धर्मशाला, कांगड़ा, मनाली और शिमला समेत राज्य के कई हिस्सों में शुक्रवार की शाम से ही रुक-रुककर मूसलाधार बारिश होती रही। 16-17 जुलाई को राज्य के कई भागों में आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### मुंबई में भारी बारिश

भारी बारिश के चलते मुंबई के अंधेरी पूर्व इलाके में शनिवार को चाल का एक हिस्सा गिर गया। घर के अंदर 12 लोग सोए हुए थे, लेकिन जानमाल का नुकसान नहीं हुआ और सभी लोग सुरक्षित बच गए। चाल का निर्माण 1960 में हुआ था। मुंबई में बीते 24 घंटे में 61.69 एमएम वर्षा हुई है।

### इन राज्यों में 17 तक मूसलाधार बरसात



आईएमडी ने 5 दिन के दौरान उत्तराखंड के ज्यादातर क्षेत्रों में हल्की से तेज बारिश व बिजली गिरने की चेतावनी दी है। हिमाचल, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर छिटपुट वर्षा हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिम राजस्थान में भी बारिश की संभावना है। 16 जुलाई तक कोंकण और गोवा के साथ ही महाराष्ट्र के कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी है। कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, विहार, झारखंड में वर्षा होगी।

### असम में बाढ़ से 7 और लोगों की मौत

असम में बाढ़ की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है, लेकिन अभी भी 20 जिलों में 8.4 लाख लोग पीड़ित हैं। पहले 30 जिलों में 24 लाख से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में थे। राज्य में बाढ़ जनित घटनाओं में 7 और लोगों की जान चली गई है। इनमें से 5लोगों की मौत गोलपाड़ा जिले में उफनती नदी में नाव पलटने से हुई। राज्य में अब तक 90 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ प्रभावित जिलों में 316 राहत शिविरों और वितरण केंद्रों में 2.95 लाख से अधिक लोग शरण ले रहे हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में बाढ़ के चलते 180 जंगली जानवरों की मौत हो चुकी है, जिनमें 10 गैंडे भी शामिल हैं।

### उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व कई राज्यों में होगी भारी वर्षा

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि 24 घंटे के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू, पूर्वी और पश्चिमी मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, अरुणाचल, उप- हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी वर्षा हुई। इस दौरान छत्तीसगढ़, गुजरात क्षेत्र, तमिलनाडु और तटीय आंध्र प्रदेश में अत्यधिक वर्षा दर्ज की गई। वहीं, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल के गंगा किनारे वाले क्षेत्र, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई।केरल के तीन जिलों कोझीकोड, कन्नूर और कासरगोड़ में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज और अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया था।

## खबर संक्षेप

### बिहार में दो गाड़ियों की टक्कर में 6 की मौत



**किशनगंज।** यहां एक सड़क हादसे में आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई। घटना जिले के पौआखाली थाना क्षेत्र की है, जहां राष्ट्रीय उच्च पथ 327 ई पर पेटभरी चौक के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और डंपर में टक्कर हो गया। इस घटना में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे में 4 महिलाओं के साथ-साथ एक मासूम और स्कॉर्पियो चालक की मौत हो गई। इसमें कई लोगों के घायल होने की खबर है।

### अनंत की शादी के कार्ड पर मथुरा में विवाद



**मुंबई।** अनंत अंबानी की शादी के कार्ड को लेकर मथुरा में खींचतान शुरू हो गई है। गिरिराज मंदिर के सेवायत दीपचंद पुरोहित का आरोप है कि अनंत का कार्ड लेकर दानघाटी मंदिर आए व्यक्ति ने यहां कार्ड नहीं दिया। केवल ठाकुरजी के चरण स्पर्श कराए। फोटो खिंचवाया और कार्ड वापस ले गए। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। उन्होंने इसकी शिकायत मंदिर कमेटी से की है। साथ ही अन्य ने भी आपत्ति उठाई है।

### आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में मृत



**चेन्नई।** तमिलनाडु में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या मामले में नया पहलू सामने आया है। हत्या में शामिल एक आरोपी शनिवार शाम चेन्नई में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। तिरुवेंगदम को आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद करने के लिए घटनास्थल पर ले जाया गया था। उसने बरामद बंदूक से पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी। इसके बाद बचाव में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना का दावा

## 'गद्दारों' की पहचान कर ली, अब ऐसी सजा देंगे कोई हिम्मत न करे

### महाराष्ट्र एमलएलसी चुनाव में क्रॉस वोटिंग





एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने 11 विधान परिषद सीटों के लिए हुए चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी के गद्दारों की पहचान कर ली गई है और उन्हें दंडित किया जाएगा। पटोले ने दावा किया कि इन्हीं 'गद्दारों' ने दो साल पहले परिषद चुनावों में कांग्रेस नेता चंद्रकांत हंडोरे की हार सुनिश्चित की थी।पटोले ने यहां पत्रकारों से कहा कि इस बार जाल बिछाया गया और उनकी पहचान कर ली गई है। उन्हें दंडित किया जाएगा ताकि कोई फिर से पार्टी को धोखा देने की हिम्मत न कर सके। पटोले ने किसी का नाम लिए बिना यहां पत्रकारों से कहा कि इस बार एक जाल बिछाया गया और उनकी पहचान कर ली गई है। उन्हें सजा दी जाएगी।

### कांग्रेस ने क्रास वोटिंग मानी दंडित किया जाएगा : राउत

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस ने स्वीकार किया है कि क्रॉस वोटिंग हुई थी और वे उसी के अनुसार कार्रवाई करेंगे। राउत ने आरोप लगाया कि 'केंद्र सरकार आपातकाल लागू होने को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने जा रही है। क्या अयोग्यता का सामना कर रहे विधायकों द्वारा एमएलसी का चुनाव करवाना असंवैधानिक नहीं है? क्या विधायकों को रिश्वत देकर खरीदना असंवैधानिक नहीं है? भाजपा संविधान की असली हत्यारी है।

### 11 सीटों पर हुए थे चुनाव

उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली पार्टियों के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था। राज्य में सत्तारूढ़ 'महायुति' ने शुक्रवार को विधान परिषद की 11 सीटों के लिए हुए द्विवार्षिक चुनावों में सभी 9 सीटों पर जीत हासिल की थी।

4 उपचुनावों में 2 लाख से अधिक हिंदुओं को वोटिंग नहीं करने दी

# बंगाल में मर गया लोकतंत्र, लोस चुनाव में 50 लाख हिंदुओं को वोट देने से रोका

- बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु का राज्य की ममता सरकार पर बड़ा आरोप
- सुवेंदु अधिकारी ने एक जन आंदोलन भी शुरू किया, साथ ही प्रदर्शन किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की 4 विधानसभा सीटों में हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की है। इसके पहले लोकसभा चुनाव में भी टीएमसी ने 29 सीटों पर जीत दर्ज की थी। राज्य में चुनाव के बाद हुई हिंसा पर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर निशाना साधा है। सुवेंदु अधिकारि ने कहा, बंगाल में लोकतंत्र मर चुका है। हमने आज एक जन आंदोलन शुरू किया है।

लोकसभा चुनाव में लगभग 50 लाख हिंदुओं को वोट नहीं देने दिया गया। राज्य में हुए 4 उपचुनावों में 2 लाख से अधिक हिंदुओं को वोट नहीं देने दिया गया। पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद जगह-जगह हुई हिंसा के विरोध में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को राजभवन के बाहर धरना दिया। इस दौरान पश्चिम बंगाल सुवेंदु अधिकारी ने टीएमसी पर तमाम आरोप लगाए। उन्होंने इसके खिलाफ धरना भी दिया।



### राजभवन के बाहर दिया धरना 300 कार्यकर्ता रहे मौजूद

प्रदर्शन में अधिकारी समेत तापस रॉय, रुद्रनील घोष और अन्य ने भगवा पार्टी के 300 कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुवेंदु अधिकारी ने उच्च न्यायालय में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर चुनाव के बाद हिंसा का आरोप लगाया था। उन्होंने अदालत से निवेदन किया था कि हिंसा के विरोध में राजभवन के बाहर धरना देने की अनुमति दी जाए। अधिकारी ने यह भी कहा था कि उसी जगह पर धरना देने की अनुमति दी जाए जहां, तृणमूल कांग्रेस ने अक्टूबर 2023 में प्रदर्शन किया था।

### लोगों के लिए पोर्टल भी शुरू किया

सुवेंदु ने कहा कि बंगाल में लोकतंत्र मर चुका है। हमने एक जन आंदोलन शुरू किया है। हम एक पोर्टल शुरू कर रहे हैं। जिनको वोट नहीं डालने दिया गया वे लोग पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। उनकी पूरी गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही कानूनी लड़ाई भी लड़ी जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि मैं कानूनी लड़ाई भी जल्द शुरू करूंगा।

### कलकत्ता हाई कोर्ट का किया था रुख



कलकत्ता हाई कोर्ट ने भाजपा को 14 जुलाई को सुबह 10 बजे से चार घंटे के लिए राजभवन के बाहर धरना देने की अनुमति दी थी। अधिकारी ने राजभवन के बाहर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति मांगते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया था। सुवेंदु अधिकारी ने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बेनर्जी ने पिछले साल पांच अक्टूबर को इसी स्थान पर इसी तरह का विरोध प्रदर्शन किया था।

### धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण हो: हाईकोर्ट

इस पर हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने भाजपा नेता को 14 जुलाई को चार घंटे के लिए धरना देने की अनुमति दी थी। अदालत ने यह निर्देश भी दिया था कि धरना प्रदर्शन में 300 से अधिक लोगों को शामिल न किया जाए। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए। कोई भी व्यक्ति हथियार के साथ नहीं पहुंचेगा। साथ ही ऐसा कोई भाषण नहीं दिया जाएगा, जिसे सुनकर लोगों में आक्रोश पैदा हो।

संसद का बजट सत्र

## संसद में इंश्योरेंस अमेंडमेंट बिल पेश होने की चर्चा, बदलेंगे नियम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है। संशोधन विधेयक में शामिल किए जा सकने वाले कुछ प्रावधानों में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना शामिल हैं। इससे बैंकिंग सेक्टर की तरह इंश्योरेंस कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। बैंकिंग सेक्टर को यूनिवर्सल बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक और पेमेंट बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। लाइसेंस के प्रावधान से लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों को जनरल इंश्योरेंस पॉलिसीज को अंडरराइट करने की अनुमति मिलेगी।

मणिपुर में फिर हिंसा

## सीआरपीएफ और पुलिस काफिले पर हमला,1 जवान शहीद और 3 घायल

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में एक मामला सामने आया है। मणिपुर के जीरीबाम में अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने 14 जुलाई को सीआरपीएफ और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम पर हमला किया। यह अटैक बदमाशों ने सीआरपीएफ जवानों पर घात लगाकर किया। इस हमले में एक सीआरपीएफ जवान शहीद भी हो गया है। बदमाशों ने यह हमला सीआरपीएफ जवानों पर रविवार सुबह करीब 9 बजकर 40 मिनट पर किया। 20 बटालियन सीआरपीएफ और जीरीबाम की जिला पुलिस की संयुक्त टीम एक साथ ऑपरेशन में जुटी हुई थी। इसी दौरान संयुक्त टीम पर घात लगाकर बदमाशों ने अटैक कर दिया, साथ ही यह सूचना भी दी जा रही है कि हमले के चलते करीब तीन जवान घायल भी हो गए हैं।



अध्यक्ष के चुनाव से पहले जिला, राज्य इकाइयों को मजबूती देंगे

दिसंबर में मिलेगा भाजपा को नया अध्यक्ष

## अगले महीने से प्रक्रिया होगी चालू, पहले राज्य और केंद्रीय परिषद का होगा चुनाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा को जल्द ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने वाला है। जेपी नड्डा का कार्यकाल समाप्त हो गया है। हालांकि, उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था, लेकिन अब उन्हें सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भाजपा का लक्ष्य इस साल दिसंबर तक नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति करना है।



### चुनावी कार्यक्रम 1 अगस्त से होंगे शुरू

*भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया 1 अगस्त से शुरू होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले जिला और राज्य इकाइयों को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जो 15 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद 16 सितंबर से 30 सितंबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा। 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता का सत्यापन किया जाएगा।*

### 1 दिसंबर से शुरू होगी आधिकारिक प्रक्रिया

मंडल और जिला अध्यक्ष चुनाव के बाद राज्य परिषद और केंद्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होगा। इन चुनावों के बाद ही प्रदेश अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदेश अध्यक्षों के लिए चुनाव प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होगी। 1 दिसंबर से ही 50 फीसदी राज्यों में चुनाव पूरे होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू होगी।

भाजपा की उत्तर प्रदेश की कार्य समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पास

# सरकार ने जाति और मजहब से ऊपर उठकर काम किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ लखनऊ

यहां राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय सभागार में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में चुनाव के नतीजों, आगामी उपचुनाव और विधानसभा चुनाव पर चर्चा हुई। राजनीतिक प्रस्ताव भी पेश किया गया। प्रस्ताव को प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने पेश किया। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने कहा दूसरे दल में आपकी जाति का नेता है तो उनके चक्कर में न पड़ें।

योगी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

### वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास का पड़ा चुनाव पर असर, फ्रंट फुट पर खेलें

सीएम योगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यूपी में जो भी परिणाम आए हैं उसे लेकर कार्यकर्ताओं को किसी भी स्थिति में बैकफुट पर आने की जरूरत नहीं है। 2024 में भी सभी कार्यकर्ताओं के प्रयास से उतना मत प्रतिशत पाने में भाजपा सफल रही। लेकिन वोटों की शिफ्टिंग और इस अति आत्मविश्वास में हम तो जीत रहे हैं, कहीं न कहीं खामियाजा भुगताना पड़ता है।

**मुहर्रम में सड़कें खाली हो जाया करती थीं:** योगी ने कहा कि याद कीजिए मुहर्रम के समय में सड़कें खाली हो जाया करती थीं। आज मुहर्रम आयोजित हो रहा है इसका पता भी नहीं लग रहा। ताजिया के नाम पर घर तोड़े जाते थे, पीपल के पेड़ काटे जाते थे>आज कहा जाता है किसी गरीब की झोपड़ी नहीं हटेगी।



**यूपी को माफिया से मुक्त किया** योगी ने कहा आप सबके सहयोग से हमने यूपी को माफिया से मुक्त किया है। यूपी में आज सुरक्षा का माहौल है। अब कोई मनमानी नहीं चलती है।

**जाति- मजहब से ऊपर उठकर किया काम:** योगी ने कहा कि हमने जाति और मजहब के नाम पर कभी कोई भेदभाव नहीं किया। सभी लाभ ले रहे।

### कांग्रेस परिजीवी, जिसके साथ खड़ी, 'खा' लेगी: नड्डा

अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि हमें जनता ने फिर से समर्थन दिया है ताकि हम विकसित भारत बना सकें। भाजपा भविष्य की पार्टी है। सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ चल रही है। कांग्रेस बहुत उत्साह में है लेकिन 13 राज्यों में उनका खाता नहीं खुला। वह परिजीवी है, जिसके सहारे खड़ी है, वह उसे ही निगल लेगी।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले

## वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के निर्यात में 5 फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने अप्रैल-मई में निर्यात क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाई है। इस अवधि में पांच फीसदी का इजाफा हुआ है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के निर्यात में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि अप्रैल-मई के बाद जून में भी निर्यात के आंकड़े सकारात्मक रहे हैं। सबसे ज्यादा सर्विस सेक्टर में इजाफा हुआ है। वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा कि रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास युद्ध, लाल सागर संकट और कंटेनर की कमी के बीच भारत का निर्यात सकारात्मक रहा। इसमें सर्विस सेक्टर एक्सपोर्ट में अधिक वृद्धि हुई है। गोयल ने कहा कि मई के बाद भी जून का आंकड़ा बेहद अच्छा है।

# सरसावा: कारगिल रजत जयंती उत्सव में वायु योद्धाओं ने दिखाया पराक्रम

**देश के लिए बलिदान देने वाले वायु योद्धाओं को नमन किया**

वीर वायु योद्धाओं ने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी थी, जो वास्तव में सैन्य विमानन के इतिहास में एक मील का पत्थर था।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के पास अपने वीर वायु योद्धाओं के साहस और बलिदान की एक गौरवशाली विरासत है। जिन वीर वायु योद्धाओं ने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी थी, जो वास्तव में सैन्य विमानन के इतिहास में एक मील का पत्थर था। कारगिल युद्ध (ऑपरेशन सफेद सागर) में भारतीय वायुसेना के ऑपरेशन, 16000 फीट से अधिक की खड़ी ढलान और चक्करदार ऊंचाइयों की चुनौतियों का सामना करने की भारतीय वायुसेना की सैन्य क्षमता का प्रमाण हैं। कुल मिलाकर, भारतीय वायुसेना ने कारगिल युद्ध में लगभग 5000 स्ट्राइक मिशन, 350 टोही/ईएलआईएनटी मिशन और लगभग 800 एस्कॉर्ट उड़ानें भरीं। भारतीय वायुसेना ने घायलों को निकालने और हवाई परिवहन कार्यों के लिए 2000 से अधिक हेलीकॉप्टर उड़ानें भी भरीं।

### कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजन

रक्षा मंत्रालय के अनुसार कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर, भारतीय वायुसेना 12 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक वायुसेना स्टेशन सरसावा में 'कारगिल विजय दिवस रजत जयंती' का आयोजन कर रही है, जिसमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को सम्मानित किया जाएगा। 13 जुलाई 24 को, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी ने वरिष्ठ गणमान्य अधिकारियों, बहादुरों के परिवारों, दिग्गजों और सेवारत भारतीय वायुसेना अधिकारियों के साथ स्टेशन युद्ध स्मारक पर राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की बलिदान देने वाले सभी वायु सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की।



**लड़ाकू विमानों ने हवाई प्रदर्शन किया**

इस दौरान एक शानदार एयर शो का आयोजन किया गया जिसमें आकाश गंगा टीम द्वारा प्रदर्शन और जगुआर, एसयू-30 एमकेएल और राफेल लड़ाकू विमानों द्वारा हवाई प्रदर्शन शामिल थे। शहीद नायकों की पुण्य स्मृति में एमआई-17 वी5 द्वारा "मिसिंग मैन फॉर्मेशन" ने उड़ान भरी। इस अवसर पर भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों जैसे एमआई-17 वी5, चीता, चिनूक का स्थिर प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर एयर वॉरियर ड्रिल टीम और वायुसेना बैंड ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी।

### कार्यक्रम को 5 हजार से अधिक दर्शकों ने देखा

इस कार्यक्रम को 5000 से अधिक दर्शकों ने देखा, जिनमें स्कूली बच्चे, सहारनपुर क्षेत्र के स्थानीय निवासी, भूतपूर्व सैनिक, गणमान्य नागरिक और रुड़की, देहरादून और अंबाला के रक्षा बलों के कार्मिक गण शामिल थे। उल्लेखनीय है कि कारगिल युद्ध में वायुसेना स्टेशन सरसावा की 152 हेलीकॉप्टर यूनिट, 'द माइटी आर्मर' ने ऑपरेशन सफेद सागर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 28 मई 1999 को, 152 एचयू के स्क्वाड्रन लीडर आर पुंडीर, फ्लाइट लेफ्टिनेंट एस मुहिलान, सार्जेंट पीवीएनआर प्रसाद और सार्जेंट आरके साहू को टोलोलिंग में दुश्मन के ठिकानों पर लाइव स्ट्राइक के लिए 'नुबरा' फॉर्मेशन के रूप में उड़ान भरने की जिम्मेदारी दी गई थी।

**खबर संक्षेप**


### नेपाल के नए पीएम ओली आज लेंगे शपथ



**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति कार्यालय ने सीपीएन- यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। केपी शर्मा ओली सोमवार सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। वह पुष्प कमल दहल प्रचंड की जगह लेंगे। विश्वास मत साबित नहीं कर पाने के चलते दहल की सरकार शुक्रवार को गिर गई थी। केपी शर्मा ने शुक्रवार को राष्ट्रपति को सौंपे अपने दावे में कहा था कि उन्हें 166 सांसदों का समर्थन हासिल है। जिसमें यूएमएल के 78 और नेपाली कांग्रेस के 88 सांसद शामिल हैं।

### कुपवाड़ाः देर रात भड़की आग,7 घर जलकर राख


**जम्मू।** उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा के हंदवाड़ा में देर रात आग लगने से सात घर और छह गौशालाएं जल कर राख हो गईं।



आग की चपेट में आने से कई मवेशी भी जल गए। यह घटना हंदवाड़ा के शतीगाम राजवार इलाके में हुई। यहां रात करीब 11 बजे भीषण आग लग गई। आग ने सात रिहायशी घरों और छह गौशालाओं को पूरी तरह से नष्ट कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप एक दर्जन से अधिक मवेशियों की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, आग अचानक लगी और तेजी से पूरे इलाके में फैल गई।

### नेपालः बस हादसे में 5 शव बरामद, तलाशी जारी

**काठमांडू।** नेपाल में हुए बस हादसे में अब तक पांच शव बरामद हुए हैं। बरामद शवों में से एक शव



भारतीय नागरिक का है। ये लोग हादसे के बाद से ही लापता थे। अभी बस में सवार अन्य लोगों का पता नहीं चल सका है और उनकी तलाश में नेपाल सुरक्षा बल के 500 से ज्यादा जवान लगे हुए हैं। बीते हफ्ते नेपाल के चितवन जिले में भूस्खलन की चपेट में आकर दो बसें त्रिशूली नदी में गिर गईं थी। दोनों बसों में कुल 65 यात्री सवार थे। रविवार को बचाव टीम ने गैंदाकोट-7 इलाके से पांचवें शव को बरामद किया।

## बाइडेन, ओबामा, कमला हैरिस ने की हमले की निंदा

# अमेरिका में अब तक हुए 45 हमलों में चार राष्ट्रपति गंवा चुके हैं अपनी जान

अमेरिका के इतिहास में अमेरिकी राष्ट्रपतियों और उम्मीदवारों के खिलाफ अलग-अलग मौकों पर 15 हमले हुए हैं। जिनमें से पूर्व में 4 की मौत भी हुई है। राष्ट्रपति के रूप में कार्यरत 45 नेताओं में से 13 की हत्या का प्रयास किया गया।



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रम्प पर एक चुनावी रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ है। जिसमें उन्हें निशाना बनाकर गोलियां चलाई गई। हालांकि ट्रम्प पूरी तरह सुरक्षित हैं। ट्रम्प पर गोली चलाने वाले हमलावर को सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने मार गिराया। घटना भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 4 बजे हुई। तब अमेरिका में शनिवार शाम 6:30 बजे का समय था। पेंसिल्वेनिया के बटलर में रैली के दौरान मंच से बोलते समय ट्रम्प पर निशाना साधकर कई गोलियां चलाई गई।

इस दौरान ट्रम्प ने अपने दाहिने कान पर हाथ रखा और नीचे झुक गए। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत ट्रम्प को संभाला। ट्रम्प के चेहरे और कान पर खून नजर आया। हमले में ट्रम्प ने अपने दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी। शूटर को सुरक्षाकर्मियों ने मार गिराया। सुरक्षाकर्मी ट्रम्प को मंच से उतार कर वहां से ले गए। घटना के बाद अफरातफरी के बीच ट्रम्प को कड़े सुरक्षा घेरे में ले जाया गया। इस घटना की चौतरफा निंदा की जा रही है। बाइडेन, कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने घटना की निंदा करते हुए साफ कहा कि अमेरिकी समाज में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

### ट्रंप पर हुए हमले की बाइडेन-ओबामा ने निंदा की

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने डोनाल्ड ट्रंप की रैली में हुई गोलीबारी की घटना की निंदा करते हुए कहा कि अमेरिका में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। हमें इसकी निंदा करने के लिए एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होना चाहिए। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी इस घटना की निंदा की है।



### हमला लोकतंत्र के लिए खतरा, बढ़ सकती है राजनीतिक हिंसा



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की वैश्विक स्तर पर हर ओर आलोचना हो रही है। अमेरिकी मीडिया में भी हमले की निंदा की जा रही है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पूर्व राष्ट्रपति पर हुए हमला अमेरिका के लिए एक भयानक क्षण की तरह है। इसमें यह भी कहा जा रहा है कि इस हमले ने राष्ट्रपति चुनाव से पहले राजनीतिक हिंसा के खतरे को फिर से पैदा कर दिया है।

### *अमेरिका में राष्ट्रपतियों पर हुए हमलों ने बढ़ाई चिंता, सुरक्षा पर उठ रहे सवाल*

*अमेरिका के इतिहास में अमेरिकी राष्ट्रपतियों, निर्वाचित राष्ट्रपतियों और उम्मीदवारों के खिलाफ अलग-अलग मौकों पर 15 हमले हुए हैं। इन हमलों को लेकर अमेरिका में चिंता जताई जाने लगी है। सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं।*

### वे अमेरिकी राष्ट्रपति जो हमलों में मारे गए

अमेरिका के इतिहास में चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों अब्राहम लिंकन, जेम्स ए. गारफील्ड, विलियम मैककिनले और जॉन एफ. कैनेडी की हत्या हो चुकी है।

▶▶ **जॉन एफ कैनेडी:** अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की नवंबर 1963 में गोली मारकर हत्या की गई थी। हार्वे ओसवाल्ड नाम का शूटर हमला किया जिसे वहीं गोलीबारी में मार गिराया गया था।

▶▶ **विलियम मैककिनले:** विलियम मैककिनले जो कि अमेरिका के 25वें राष्ट्रपति थे। 6 सितंबर 1901 में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। लियोन एफ. कोल्गोज नाम के एक शख्स ने राष्ट्रपति की हत्या की थी। हमलावर को हमले एक महीने 26 दिन बाद यानी 29 अक्टूबर 1901 को बिजली की कुर्सी पर मौत की सजा दी गई।

▶▶ **जेम्स गारफील्ड:** जेम्स गारफील्ड के 20वें राष्ट्रपति थे। 2 जुलाई 1881 में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। चार्ल्स गुइटो नाम के एक शख्स ने उन्हें गोली मारी थी। गारफील्ड की मौत के लगभग 11 महीन बाद हमालवर गुइटो को जून 1882 में फांसी दी गई थी।

▶▶ **अब्राहम लिंकन:** अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की 14 अप्रैल 1865 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी ।

**300 से अधिक घायल**



## दक्षिणी गाजा में इजरायल का बड़ा घातक हमला 90 की मौत



एजेंसी ▶▶ इजराइल

इजराइल ने कहा कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी में एक बड़े हमले में हमास के एक सैन्य कमांडर को निशाना बनाया। हालांकि स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है इस हमले में बच्चों सहित कम से कम 90 लोग मारे गए हैं।

हमास ने इजराइल के इस दावे को खारिज कर दिया कि उसका सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ उस क्षेत्र में था, जहां इजराइली हमला हुआ। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संवाददाताओं से कहा कि 'यह अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है' कि दीफ और हमास के दूसरे कमांडर राफा सलामा की इस हमले में मौत हो गई है। यह हमला उस क्षेत्र में हुआ जिसे सेना ने हज़ारों फलस्तीनियों के लिए सुरक्षित घोषित किया था। मोहम्मद दीफ के बारे में कई लोगों का मानना है कि वह सात अक्टूबर के हमले का मुख्य साजिशकर्ता था।

उक्त हमले में दक्षिणी इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे जिसके बाद इजराइल-हमास युद्ध शुरू हो गया था। दीफ कई वर्षों से इजराइल की अति वांछित सूची में सबसे ऊपर है और माना जाता है कि वह अतीत में कई इजराइली हमलों में बच निकला है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में 90 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

**मंत्री गोयल दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे**

## गोयल जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के लिए इटली की यात्रा पर कल जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 16 से 17 जुलाई, 2024 को जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेने के लिए इटली के रेजियो कैलाब्रिया की यात्रा करेंगे।

अपने इस दौरे के दौरान, पीयूष गोयल आउटरीच सत्र में जी-7 देशों और अन्य हिस्सा लेने वाले देशों के व्यापार मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भी भाग लेंगे, जो वैश्विक व्यापार और निवेश साझेदारी के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा भारत द्वारा पेश किए जाने वाले अपार व्यापार और निवेश अवसरों को प्रदर्शित करने के रणनीतिक



प्रयासों को रेखांकित करती है, जो एक मजबूत कानून के शासन वाले लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में इसकी स्थिति पर जोर देती है।

मंत्रालय के अनुसार इटली की अपनी यात्रा से पहले, पीयूष गोयल रविवार (आज) और सोमवार को अपने स्विस समकक्षों के साथ व्यापार और आधिकारिक बैठकों के लिए स्विट्जरलैंड में होंगे। चर्चा यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) के कार्यान्वयन और ईएफटीए द्वारा की गई 100 अरब अमरीकी डॉलर की निवेश प्रतिबद्धताओं के लिए रोडमैप तैयार करने पर केंद्रित होगी।

उद्देश्य भारत और स्विट्जरलैंड के बीच द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापक भागीदारी को और मजबूत करना, गहरे आर्थिक संबंधों और पारस्परिक विकास को बढ़ावा देना है। रेजियो कैलाब्रिया में जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के आउटरीच सत्र में, केन्द्रीय मंत्री वैश्विक व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन के लिए भारत के विजन को स्पष्ट करेंगे, जिसमें व्यापार करने में आसानी बढ़ाने और विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण सुधारों और पहलों पर प्रकाश डाला जाएगा।

**रॉकेट के गलत कक्षा में जाने से बनी स्थिति**

## फाल्कन-9 रॉकेट से लॉन्च किए गए 20 उपग्रह वापस पृथ्वी पर गिरने वाले हैं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्रसार को लेकर निजी कंपनियों में होड़ सी लगी है। इसके चलते अंतरिक्ष में रॉकेट की संख्या में बढोतरी हुई है। इस बीच, निजी कंपनी स्पेसएक्स को करारा झटका लगा है। मस्क की कंपनी ने जानकारी दी है कि गुरुवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया से फाल्कन-9 रॉकेट से लॉन्च किए गए 20 उपग्रह वापस पृथ्वी पर गिरने वाले हैं। कंपनी ने कहा है कि दरअसल, रॉकेट लॉन्चिंग के समय तकनीकी समस्या आ गई। उस दौरान रॉकेट के दूसरे चरण का इंजन ठीक से काम नहीं कर पाया। उस दौरान इंजन से तरल ऑक्सीजन का रिसाव देखा गया।

स्पेसएक्स ने यह भी आश्वासन दिया है कि उपग्रहों के पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करने से कक्षा में मौजूद अन्य उपग्रहों या सार्वजनिक सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।



### टीम ने 10 उपग्रहों से संपर्क किया

कंपनी ने यह भी बताया कि कक्षा के सबसे निचले बिंदु से रॉकेट को ऊपर उठाने के लिए उनकी टीम द्वारा कोशिशें की गईं, लेकिन वे उस बिंदु पर आ चुके थे जहां से उन्हें ऊपर ले जाना संभव नहीं था। स्पेसएक्स ने कहा कि उसकी टीम ने 10 उपग्रहों से संपर्क किया और उनके आयन थ्रस्टर्स का उपयोग करके कक्षा बढ़ाने की कोशिशें की। लेकिन वे पृथ्वी से केवल 135 किमी ऊपर ही थे। स्पेसएक्स ने यह भी आश्वासन दिया है कि उपग्रहों के पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करने से कक्षा में मौजूद अन्य उपग्रहों या सार्वजनिक सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।

**सेना ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, ऑपरेशन जारी**

## कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में एलओसी पर सेना ने रविवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। इस दौरान भारतीय सेना ने 3 आतंकवादियों को मार गिराया घुसपैठियों के एक समूह को सेना ने रोकने की कोशिश की जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। सेना ने घुसपैठ का प्रयास कर रहे तीन आतंकियों को मार गिराया जिनके शव बरामद किए जा रहे हैं। ऑपरेशन अभी भी चल रहा है। इससे पहले गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सेना ने आतंकवादियों



द्वारा घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था। संदिग्ध आतंकवादियों का एक समूह रात के वक्त भारतीय इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था लेकिन नाकाम होने के बाद उसे उल्टे पांव भागना पड़ा। आतंकवादियों के घुसपैठ की कोशिश के दौरान सेना ने ताबड़तोड़ फायरिंग की जिसके बाद आतंकियों को वापस लौटना पड़ा।

### आतंकियों ने किया था ग्रेनेड से हमला

कठुआ में सोमवार को आतंकियों ने सेना के वाहन पर ग्रेनेड से हमला किया था, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद सेना ने पूरे इलाके को घेर लिया और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। इस दौरान सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ भी हुई। हमले के बाद घटनास्थल से सेना के वाहन की तस्वीर भी सामने आई, जिसमें वह गोलीबारी के कारण क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहा था।

**हर मेहमान को मिला खास तोहफा, रिसेप्शन में पहुंचे दिग्गज**

## अनंत-राधिका की शादी में 'स्पेशल-25' को 50 करोड़ के गिफ्ट!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी की सुर्खियां देश ही नहीं विदेशों में भी हो रही हैं। शादी के हर फंक्शन को भव्य और शानदार बनाने में रिलायंस इंड्स्ट्री के चीफ मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने कोई कसर नहीं छोड़ी है।

इतना ही नहीं, अंबानी परिवार ने शादी में पहुंचे सभी मेहमानों को शानदार और महंगे रिटर्न गिफ्ट देकर उनका सम्मान किया। अनंत अंबानी ने 25 खास लोगों के लिए 25 घड़ियां दीं। इन लिमिटेड एडिशन घड़ियों की कीमत करीब 2-2 करोड़ रुपए है। शाहरुख से रणवीर सिंह तक ने गिफ्ट में मिली घड़ियों को फ्लॉन्ट किया।





### शाहरुख, सलमान समेत 25 दोस्त

रिपोर्ट के अनुसार अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में दूल्हे के दोस्तों यानि ग्रूम स्क्वॉड में शाहरुख खान, सलमान खान, रणवीर सिंह, वीर पहाड़िया, सलमान खान, मिजान जाफरी, शिखर पहाड़िया समेत 25 करीबी दोस्त शामिल थे, जिन्हें अनंत अंबानी ने लग्जरी घड़ी तोहफे में दी है। बता दें इस लग्जरी घड़ी की कीमत करीब 2 करोड़ रुपए की है।

### रिसेप्शन में पहुंचे बंगाली भोजपुरी, गुजराती अभिनेता


मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत और राधिका का वेडिंग रिसेप्शन रविवार को हुआ। इसे मंगल उत्सव का नाम दिया गया है। ये फंक्शन मुंबई के बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में हुआ। अनंत-राधिका की शादी 12 जुलाई को हुई थी। इसके बाद 13 जुलाई को दोनों की आशीर्वाद सेरेमनी हुई। रिसेप्शन पार्टी में बंगाली, भोजपुरी, गुजराती अभिनेता के साथ कई दिग्गज पहुंचे। बंगाली एक्ट्रेस और पूर्व सांसद नुसरत जहां ने भी शिरकत की। भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव सबसे पहले पहुंचे।

### जबरदस्ती घुसने की कोशिश, केस दर्ज

मुंबई में कड़ी सुरक्षा के बीच बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की शादी का जश्न चल रहा था। इस बीच दो लोगों ने सेंध मारने की कोशिश की। इसमें से एक यूट्यूबर है और एक बिजनेसमैन। दोनों इस शादी में शामिल होने आंध्र प्रदेश से आए थे। हालांकि समय रहते दोनों ही पकड़े गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर हिरासत में लिया और बाद में रिहा कर दिया।





## खबर संक्षेप



### सनीथ, तस्नीम ने जीते वीवी नाटू खिताब

**पुणे।** कर्नाटक के सनीथ डीएस और गुजरात की तस्नीम मीर ने रविवार को यहां वीवी नाटू मेमोरियल अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। तीसरे वरीय सनीथ ने पुरुष एकल फाइनल में अपने ही राज्य के क्वालीफायर तुषार सुवीर को 44 मिनट में 21-15, 21-12 से हराकर खिताब जीता। तस्नीम ने बेंगलुरू में पिछला रैंकिंग टूर्नामेंट जीतने वाली देविका को महिला एकल फाइनल में 21-16, 21-13 से हराया।

### लाहिड़ी को स्पेन में चार शॉट की बढ़त



**सोटोग्रांडे।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में पांच अंडर 66 का कार्ड खेलकर यहां लिव गोल्फ एंडालुसिया में चार शॉट की बढ़त हासिल कर ली और इस तरह से लिव गोल्फ सीरीज में अपने पहले खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। क्रशर टीम के सदस्य लाहिड़ी ने दूसरे दौर के अंतिम 13 होल में छह बर्डी बनाई और इस बीच कोई बोगी नहीं की।

टी20 : वाशिंगटन 8 विकेट लेकर बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

# भारत ने जिंबाब्वे में लहराया तिरंगा 4-1 से जीती सीरीज, सुंदर बने हीरो

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत ने रविवार को यहां जिंबाब्वे को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 42 रन से हराकर लगातार चौथी जीत के साथ श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की। भारत के 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम मुकेश (चार विकेट) के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 18.3 ओवर में 125 रन पर सिमट गई। शिवम दुबे (दो विकेट) ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट चटकाए जबकि वाशिंगटन सुंदर, अभिषेक शर्मा और तुषार देशपांडे को एक-एक विकेट मिला।

जिंबाब्वे की ओर से डियोन मायर्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज ताडिवनाशे मरुमानी और फराज अकरम ने 27-27 रन का योगदान दिया। सैमसन ने इससे पहले 45 गेंद में चार छक्कों और एक चौके से 58 रन की पारी खेलने के अलावा रियान पराग (22) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़े जिससे भारत ने छह विकेट पर 167 रन का स्कोर खड़ा किया। दुबे ने अंत में 12 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से 26 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जिंबाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 19 रन देकर दो विकेट चटकाए।



### दुबे बने मैच के हीरो

*मैच में शिवम दुबे को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 26 रन बनाए और दो विकेट चटकाए। वहीं, वाशिंगटन सुंदर को प्लेयर ऑफ द सीरीज के अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्होंने कुल 28 रन बनाए और आठ विकेट चटकाए।*

### सैमसन की दूसरी फिफ्टी

संजू सैमसन और रियान पराग के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी हुई। 15वें ओवर में मावुटा ने पराग को अपना शिकार बनाया। वह 22 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, संजू सैमसन 58 रनों की तूफानी पारी खेलकर पवेलियन लौटे। उन्होंने 39 गेंदों में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा अर्धशतक जड़ा।

### 1 गेंद पर ठोके 13 रन



*मैच के पहले ओवर में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा बॉलिंग करने आए। उनकी पहली बॉल पर जायसवाल ने सिक्स लगा दिया। ये नो बॉल थी। इसके बाद फ्री हिट पर जायसवाल ने फिर से सिक्स लगाया। इस तरह उन्होंने 1 बॉल पर 13 रन बनाए। इसके बाद इसी ओवर की चौथी बॉल पर रजा ने उन्हें बोल्ड कर दिया।*

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रजा | 12 | 05 | 0 | 2 |
| गिल का रजा बो नगारवा | 13 | 14 | 2 | 0 |
| अभिषेक का मेडेंडे बो मुजरबानी | 14 | 11 | 1 | 1 |
| संजू का मरुमानी बो मुजरबानी | 58 | 45 | 1 | 4 |
| पराग का नगारवा बो मावुता | 22 | 24 | 0 | 1 |
| शिवम दुबे रन आउट | 26 | 12 | 2 | 2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 | 09 | 0 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 167/6

गेंदबाजी : रजा 4-0-37-1, नगारवा 4-0-29-1, अकरम 4-0-39-0, मुजरबानी 4-0-19-2, मावुता 4-0-39-1.

| जिंबाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेरे बो मुकेश | 00 | 03 | 0 | 0 |
| मरुमानी पगबाधा बो सुंदर | 27 | 24 | 5 | 0 |
| ब्रायन बेनेट का दुबे बो मुकेश | 10 | 08 | 2 | 0 |
| मायर्स का अभिषेक बो दुबे | 34 | 32 | 4 | 1 |
| सिकंदर रजा रन आउट | 08 | 12 | 0 | 0 |
| कैंपबेल का देशपांडे बो दुबे | 04 | 07 | 0 | 0 |
| मेडेंडे का सैमसन बो अभिषेक | 01 | 04 | 0 | 0 |
| अकरम का सैमसन बो मुकेश | 27 | 13 | 2 | 2 |
| मावुता का एवं बो देशपांडे | 04 | 07 | 0 | 0 |
| ब्लेसिंग मुजरबानी नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |
| रिचर्ड नगारवा बो मुकेश | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 18.3 ओवर में 125/10

गेंदबाजी : मुकेश 3.3-0-22-4, देशपांडे 3-0-25-1, बिश्नोई 3-0-23-0, सुंदर 2-0-7-1, अभिषेक 3-0-20-1, दुबे 4-0-25-2.

ऑस्ट्रेलिया दौरा

## भारत ए की कमान संभालेंगी मीनू, सेहरावत उप कप्तान

एजेंसी ▶▶| मुंबई



ऑफ स्पिनर मीनू मनि सात अगस्त से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत 'ए' महिला टीम की अगुआई करेंगी। श्वेता सेहरावत को उप कप्तान बनाया गया है।

भारत को आगामी दौरे पर ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ तीन टी20, तीन 50 ओवर के मैच और एक चार दिवसीय मैच खेलना है। टीम में साजना सजीवन, उमा छेत्री और साइका इशाक को भी जगह मिली है। शबनम शकील को भी टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर करेगा। सत्ताइस वर्षीय तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर को स्टैंडबाय के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। भारत ए टीमः मीनू मनि (कप्तान), श्वेता सेहरावत, प्रिया पूनिया, शुभा सतीश, तेजल हसबनिस, किरण नवगिरे, साजना सजीवन, उमा छेत्री, शिप्रा गिरी, राघवी बिष्ट, साइका इशाक, मन्नत कश्यप, तनुजा कंवर, प्रिया मिश्रा, मेघना सिंह, सायली सतघरे, शबनम शकील और एस यशश्री।

### गायकवाड़ के इलाज के लिए एक करोड़ देगा बीसीसीआई

*मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने लंदन में कैंसर का इलाज करा रहे पूर्व क्रिकेटर और कोच अंशुमन गायकवाड़ के उपचार के लिए एक करोड़ रुपए जारी करने का फैसला किया है। बीसीसीआई का यह फैसला पूर्व कप्तान कपिल देव और संदीप पाटिल की भावनात्मक अपील के बाद आया है, जिन्होंने क्रिकेट बोर्ड से गायकवाड़ की मदद करने का आग्रह किया था। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद ने यहां जारी बयान में कहा, 'सचिव जय शाह ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड को कैंसर से जूझ रहे पूर्व क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल एक करोड़ रुपए जारी करने का निर्देश दिया है।' गायकवाड़ ने 1975 से 1987 के बीच भारत के लिए 40 टेस्ट और 15 वनडे मैच खेले।*




विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स

## भारत बना डब्लूसीएल चैंपियन पाकिस्तान को 5 विकेट से रौंदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 के फाइनल मुकाबले में इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को पांच विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने इस टूर्नामेंट का पहला खिताब अपने नाम कर लिया।

ग्रुप स्टेज में भारत को दो मैचों में जीत और तीन में हार मिली थी। हालांकि, बेहतर नेट रनरेट की वजह से युवराज सिंह की टीम ने फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही। वहीं, पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज पर चार मैचों में जीत और एक में हार का सामना करना पड़ा था। बर्मिंघम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

पाकिस्तान ने शोएब मलिक की 41 रनों की तूफानी पारी की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में भारत ने अंबाती रायडू के अर्धशतक की बदौलत 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बनाए और पांच विकेट व पांच गेंदों के शेष रहते मुकाबला जीत लिया।

### भारतीय पारी का रोमांच

157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की दमदार शुरुआत हुई। रॉबिन उथप्पा और अंबाती रायडू के बीच पहले विकेट के लिए 34 रनों की साझेदारी हुई जिसे आमिर ने तोड़ा। उन्होंने उथप्पा को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 10 रन बना सके। सुरेश रैना कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और चार रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मोर्चा गुरकीरत सिंह मान ने संभाला। उन्होंने रायडू के साथ तीसरे विकेट के लिए 25 रनों की साझेदारी की। रायडू इस मुकाबले में अर्धशतक लगाने में कामयाब हुए। उन्होंने 166.66 के स्ट्राइक रेट से पांच चौके और दो छक्के लगाए। वहीं, मान दो चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। इस मुकाबले में यूसुफ पठान ने 30 रन बनाए। वहीं, युवराज 15 और इरफान पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

## ओलंपिक अभियान का जश्न मनाने मैराथन का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारत के ओलंपिक अभियान और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से ईस्पोर्ट्स को मान्यता मिलने का जश्न मनाने के लिए रविवार को यहां 'पेरिस में भारत' मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। भारत के कुल 118 खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे। इनमें भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। आइओसी ने हाल में ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान की थी। आईओसी और सऊदी अरब सरकार के बीच अगले साल सऊदी अरब में ईस्पोर्ट्स ओलंपिक के आयोजन को लेकर करार भी हुआ है।

नेशनल डायरेक्ट वॉलीबॉल का शानदार समापन

## मप्र महिला वर्ग एवं यूपी पुरुष वर्ग ने मारी बाज़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी के बोनीफोई स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय डायरेक्ट वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का उद्घाटन शनिवार रात महापौर मालती राय एवं नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने किया। बारिश के बीच, बोनीफोई स्कूल के इंडोर ग्राउंड में महिला वर्ग में मप्र टीम ने दिल्ली को 21/ 8 से फाइनल मैच में हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में यूपी की टीम ने हरियाणा टीम को 21 /15 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मप्र की टीम में कोईना दीक्षित एवं यूपी के पुरुष वर्ग में छोटू माजरा खिलाड़ी को हीरो ऑफ द टूर्नामेंट से नवाजा गया। इस अवसर पर फाउंडर चेयरमैन डायरेक्ट वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया से मो.अफरोज खान, राधेश्याम भार्गव एवं असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर हिमांशी चौबे एवं मध्यप्रदेश डायरेक्टर वॉलीबॉल संगठन के महासचिव रोहित सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। श्री सिंह ने बताया की इस आयोजन में 30 टीमों ने भाग लिया। विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार व 21 हज़ार नगद पुरस्कार से सम्मानित किया।

### कनाडा को हराकर तीसरे स्थान पर रहा उरुग्वे



**चार्लोट।** स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से बराबरी करने वाले उरुग्वे ने कनाडा को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। उरुग्वे निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले तक एक गोल से पीछे था लेकिन सुआरेज के गोल की मदद से वह 2-2 से बराबरी करने में सफल रहा। पेनल्टी शूट आउट में उरुग्वे की तरफ से फेडेरिको वाल्वरडे, रोड्रिगो बेंटानकुर, जियोर्जियन डी अर्रास्काएटा और सुआरेज़ ने जबकि कनाडा की तरफ से जोनाथन डेविड, मोइज़ बॉम्बिटो और मैथ्यू चोइनियर ने गोल किए। इससे पहले बेंटानकुर ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिला दी थी लेकिन कनाडा ने 22वें मिनट में इस्माइल कोने और 80वें मिनट में डेविड के गोल से 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930